

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

# दैनिक समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश, दिल्ली एनसीआर, हरियाणा, पंजाब बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 97 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) गुरुवार 15 जनवरी 2026 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया

## पीएम मोदी 15 जनवरी को करेंगे CSPOC का उद्घाटन, AI से लेकर सोशल मीडिया तक होगी चर्चा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 जनवरी 2026 को सुबह 10:30 बजे संसद भवन परिसर के संविधान सदन के प्रतिष्ठित सेंट्रल हॉल में कॉमनवेल्थ स्पीकर्स एंड प्रेसाइडिंग ऑफिसर्स कॉन्फ्रेंस के 28वें संस्करण का उद्घाटन करेंगे। इस मौके पर वे सम्मेलन को मुख्य संबोधन भी देंगे।

**14 से 16 जनवरी 2026 तक चलेगा यह आयोजन**

बताना चाहेंगे यह तीन दिवसीय सम्मेलन 14 से 16 जनवरी 2026 तक चल रहा है और कॉमनवेल्थ इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा आयोजन माना जा रहा है। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला इसकी अध्यक्षता कर रहे हैं।

**मुख्य आकर्षण और भागीदारी**

42 कॉमनवेल्थ देशों और 4 अर्ध-स्वायत्त संसदों से कुल 61 स्पीकर्स और प्रेसाइडिंग ऑफिसर्स शामिल होंगे। यह सम्मेलन पिछले संस्करणों से काफी बड़ा है, जिसमें ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, ब्रिटेन जैसे प्रमुख देशों के प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। पीएम मोदी उद्घाटन के बाद प्रतिनिधियों के साथ अनौपचारिक बातचीत और सामूहिक फोटो सेशन में भी शामिल होंगे।

**चर्चा के प्रमुख विषय**

सम्मेलन में समकालीन संसदीय चुनौतियों पर गहन विचार-विमर्श होगा, जिसमें शामिल हैं:

— मजबूत लोकतांत्रिक संस्थानों को बनाए रखने में स्पीकर्स की भूमिका
— संसदीय कार्यवाही में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग
— सांसदों पर सोशल मीडिया का प्रभावसंसद के प्रति जनता की समझ बढ़ाने के लिए इनोवेटिव रणनीतियां
— मतदान से परे नागरिकों की भागीदारी बढ़ाना
— सांसदों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और कल्याण जैसे मुद्दे

***यह आयोजन भारत की विश्व की सबसे बड़ी लोकतंत्र की भूमिका को करता है मजबूत***

यह आयोजन भारत की विश्व की सबसे बड़ी लोकतंत्र की भूमिका को मजबूत करता है और वैश्विक संसदीय सहयोग को नई दिशा देने वाला मंच साबित हो रहा है। पूरा सम्मेलन पेपरलेस तरीके से आयोजित किया जा रहा है, जो पर्यावरण-अनुकूल दृष्टिकोण को दर्शाता है।

*भारत की मेजबानी से वैश्विक संसदीय कूटनीति में नया अध्याय*

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने इसे "लोकतंत्र के भविष्य को आकार देने वाला ऐतिहासिक अवसर" बताया है। सम्मेलन के बाद CSPOC की अध्यक्षता ब्रिटेन के हाउस ऑफ कॉमन्स स्पीकर को सौंपी जाएगी। भारत की मेजबानी से वैश्विक संसदीय कूटनीति में नया अध्याय जुड़ रहा है।

# भारत में दिसंबर में थोक महंगाई दर बढ़कर 0.83%, खाने-पीने की चीजों के दाम स्थिर

## विनिर्मित वस्तुएं और खनिज महंगे हुए, खाद्य महंगाई लगातार सातवें महीने नकारात्मक

नई दिल्ली: वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, भारत में दिसंबर 2025 में थोक महंगाई दर (WPI) 0.83% रही। यह वृद्धि मुख्य रूप से विनिर्मित वस्तुओं और खनिजों की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण हुई, जबकि खाने-पीने की चीजों के दाम स्थिर रहे।



दिसंबर में खाने-पीने की वस्तुओं की थोक कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई, जिससे खाद्य महंगाई दर शून्य प्रतिशत रही।

विनिर्मित वस्तुओं की हिस्सेदारी थोक महंगाई में 64.23% है। दिसंबर में इनकी कीमतों में 0.41% की वृद्धि दर्ज की गई। जिन उत्पादों की कीमतें बढ़ीं: मूल धातुएं, रसायन और रासायनिक उत्पाद, वस्त्र, गैर-धातु खनिज उत्पाद। जिनकी कीमतें घटीं: रबर, प्लास्टिक उत्पाद, खाद्य उत्पाद, कंप्यूटर व इलेक्ट्रॉनिक्स, कागज, पेय पदार्थ।

- WPI वृद्धि - अक्टूबर, नवंबर, दिसंबर 2025
- WPI में विनिर्मित वस्तुओं का हिस्सा (64.23%)

"खाद्य महंगाई लगातार 7वें महीने नकारात्मक' रेपो रेट घटाकर 5.25%"

*भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए महंगाई अनुमान 2.6% से घटाकर 2% किया।*

*RBI गवर्नर संजय मल्होत्रा: "महंगाई घटने के कारण रेपो रेट में 0.25% की कटौती, अब 5.25%।"*

*चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में आर्थिक वृद्धि 8.2%, विकास और स्थिरता का 'सुनहरा समय'।*

**CPI और खुदरा महंगाई**

*दिसंबर में खुदरा महंगाई 1.33% रही, जो नवंबर के 0.71% से बढ़ी।*

*खाद्य महंगाई -2.71%, यानी खाने-पीने की वस्तुएं पिछले साल की तुलना में सस्ती रहीं।*

*लगातार सातवें महीने नकारात्मक खाद्य महंगाई आम लोगों के बजट में राहत दे रही है।*

## ईरान में बिगड़ते हालात के बीच भारतीय दूतावास ने जारी की एडवाइजरी, तुरंत देश छोड़ने की अपील

समाज जागरण

ईरान में जारी विरोध प्रदर्शन हिंसक होते जा रहे हैं। इस बीच ईरान में भारत के दूतावास ने वहां रह रहे भारतीयों के लिए एडवाइजरी जारी की है। इसके साथ ही भारतीय दूतावास ने मदद के लिए इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया है।

ईरान में भारतीय दूतावास ने एडवाइजरी में लिखा है कि भारत सरकार की 5 जनवरी 2025 को जारी की गई एडवाइजरी को जारी रखते हुए, और ईरान में बदलते हालात को देखते हुए, जो भारतीय नागरिक अभी ईरान में हैं (स्टूडेंट, तीर्थयात्री, बिजनेस करने वाले और टूरिस्ट) उन्हें सलाह दी जाती है कि वे कमर्शियल फ्लाइट समेत ट्रांसपोर्ट के मौजूद तरीकों से ईरान छोड़ दें।

भारतीय एंबेसी ने कहा, "यह दोहराया जाता है कि सभी भारतीय नागरिकों और पीआईओ को पूरी सावधानी बरतनी चाहिए, विरोध या प्रदर्शन वाली जगहों से बचना चाहिए, ईरान में भारतीय दूतावास के संपर्क में रहना चाहिए और किसी भी डेवलपमेंट के लिए स्थानीय मीडिया पर नजर रखनी चाहिए।"

भारतीय दूतावास ने ईरान में सभी भारतीय नागरिकों से अपील की है कि वे अपने ट्रैवल और इमिग्रेशन डॉक्यूमेंट, जिसमें पासपोर्ट और आईडी शामिल हैं, अपने पास रखें। इस बारे में किसी भी मदद के लिए वे भारतीय दूतावास से संपर्क करें। भारतीय दूतावास की इमरजेंसी कॉन्टैक्ट हेल्पलाइन नीचे दी गई है: मोबाइल नंबर: +989128109115; +989128109109; +989128109102; +989932179359.

**ईमेल: कॉन्स.तेहरान@एमईए.गॉव.इन**

ईरान में रहने वाले सभी भारतीयों से अपील है कि जिन्होंने भारतीय दूतावास में रजिस्टर नहीं किया है वे इस लिंक (https://www.meaers.com/request/home) पर जाकर रजिस्टर करें। यह लिंक दूतावास की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। अगर कोई भारतीय नागरिक ईरान में इंटरनेट की दिक्कतों की वजह से रजिस्टर नहीं कर पाता है, तो भारत में उनके परिवारों से अपील है कि वे रजिस्टर करें।

ईरान में विरोध प्रदर्शन करीब 20 दिनों से जारी है। देश भर में 280 से ज्यादा जगहों पर अशांति की खबरें आई हैं। कहा जा रहा है कि कम से कम 2,000 लोग इस विरोध प्रदर्शन के दौरान मारे गए हैं, जबकि लगभग 20,000 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इंटरनेट सेवा पांच दिनों से ज्यादा समय से बंद है।

# इंडियन ऑयल के ज्वॉइंट वेंचर को अबू धाबी में बड़ी सफलता, तेल का भंडार खोजा

## शिलैफ और हबशन क्षेत्र में हल्के कच्चे तेल की खोज, भारत की ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में मील का पत्थर

नई दिल्ली: भारत की तेल कंपनियों को अबू धाबी में बड़ी सफलता मिली है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन और भारत पेट्रो रिसोर्सेज लिमिटेड के संयुक्त उपक्रम ऊर्जा भारत प्राइवेट लिमिटेड ने शिलैफ और हबशन क्षेत्रों में हल्के कच्चे तेल का भंडार खोजा है। यह खोज इंडियन ऑयल के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।



केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बताया कि यह खोज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में नया मील का पत्थर है।

UBPL की सफलता भारतीय इंजीनियरों और वैज्ञानिकों की मेहनत और तकनीकी क्षमता को दर्शाती है।

सरकार इस क्षेत्र में तेल और गैस की और संभावनाओं को आगे बढ़ाने के लिए कार्य कर रही है।

**भारत में तेल और गैस खोज की पहल**

देश के अंदर 7 तलछटी क्षेत्रों में आधुनिक तकनीक से तेल और गैस खोजी जा रही है।

'मिशन अन्वेषण' पहल के तहत 20,000 किलोमीटर क्षेत्र में सर्वे किया जा रहा है, जिसमें 8,000 किलोमीटर से अधिक पूरा हो चुका है।

10 लाख वर्ग किलोमीटर समुद्री क्षेत्र अब तेल खोज के लिए खोला गया है और 99% प्रतिबंधित क्षेत्र हटा दिए गए हैं।

**ओपन एकरेज और निवेश संभावनाएँ**

ओपन एकरेज लाइसेंसिंग प्रोग्राम के तहत देशी और विदेशी कंपनियों की रुचि बढ़ रही है।

देश में 25 नए तेल और गैस क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, 154 क्षेत्र सक्रिय हैं, और अब तक 14 नई खोजें हो चुकी हैं।


**आने वाला समय भारत में निवेश और भागीदारी के नए रिकॉर्ड कायम कर सकता है।**

## कांप रही दिल्ली, जम गया पंजाब: उत्तर भारत बना 'आइस चैंबर', कब थमेगा ठंड का टॉर्चर?




समाज जागरण

नई दिल्ली. सूरज की पहली किरण भी दिल्ली की ठिठुरन को मात नहीं दे पा रही थी. आज जब राजधानी के लोगों ने सुबह अपनी खिड़कियां खोली तो पिछले एक सप्ताह की तर्ज पर भीषण ठंड से सामना हुआ. सफेद कोहरे की एक अभेद्य दीवार खड़ी नजर आई. ठंडी हवाएं किसी तेज धार वाले चाकू की तरह चेहरे को छूकर निकल रही हैं. कुछ-कुछ ऐसी ही स्थिति पंजाब, यूपी, हरियाणा, राजस्थान हिमाचल और उत्तराखंड की भी है. उत्तर भारत के लोग पिछले कई दिनों से एक ही सवाल पूछ रहे हैं, "ये भयंकर ठंड कब खत्म होगी?"



Reported Maximum temperature & Departures (≤ -4.5°C) at 1730 hrs IST of the 14th January 2026

| STATION | STATE | MAXIMUM TEMPERATURE | DEPARTURE |
|---|---|---|---|
| JAMMU | JAMMU & KASHMIR | 7.4 | -10.1 |
| CHANDIGARH | CHANDIGARH | 8.9 | -9.5 |
| PATIALA | PUNJAB | 9.6 | -9.1 |
| AMBALA | HARYANA | 9.0 | -8.8 |
| AMRITSAR | PUNJAB | 8.8 | -8.8 |
| LUDHIANA | PUNJAB | 10.8 | -6.9 |
| HISSAR | HARYANA | 13.2 | -6.6 |
| NAJIBABAD | UTTAR PRADESH | 13.0 | -5.5 |
| PANTNAGAR | UTTARAKHAND | 14.0 | -4.8 |
| MUZAFFAR NAGAR | UTTAR PRADESH | 14.0 | -4.5 |

ऐसा लग रहा है जैसे पूरा उत्तर भारत एक गहरी और ठंडी नींद में सो गया है.

**दिल्ली में राहत की उम्मीद कब?**

मौसम विभाग के ताजा अपडेट के अनुसार, दिल्ली वासियों को अभी कुछ और दिन इस कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ेगा. हालांकि, 15 जनवरी 2026 के बाद तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी होने की संभावना है. एक ताजा 'वेस्टर्न डिस्टरबेंस' के सक्रिय होने से हवाओं का रुख बदलेगा, जिससे न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री की वृद्धि हो सकती है. फिलहाल दिल्ली में कोल्ड वेव का अलर्ट जारी है और रात का पारा 4 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है.

## अब MP में समय पर होंगी विकास योजनाएं, जल्द शुरू होगा CM प्रगति पोर्टल

समाज जागरण

भोपाल। प्रो एक्टिव गवर्नेंस एंड टाईमली इंप्लीमेंट यानी प्रगति पोर्टल की तरह मध्य प्रदेश में भी विकास योजनाओं का समय पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए सीएम प्रगति पोर्टल आरंभ किया जाएगा। यह बात मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बुधवार को सीएम आवास में आयोजित पत्रकारवार्ता में कही। सीएम मुख्यसचिव अनुराग जैन और प्रमुख सचिव राघवेंद्र सिंह, औद्योगिकनीति , निवेश और प्रोत्साहन विभाग के साथ प्रगति पोर्टल की 50 वीं बैठक पूरी होने के उपलक्ष्य में प्रदेश की बड़ी परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी दे रहे थे। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में होने वाली प्रगति पोर्टल की अब तक 50 बैठकें हो चुकी हैं। इस पोर्टल से सभी राज्य के मुख्यसचिव और केंद्रीय सचिव जुड़े हुए हैं। इसी के तहत पीएम गतिशक्ति और सीपी ग्राम पोर्टल भी काम कर रहे हैं। इसमें हर महीने दो लाख पत्र लिखकर जन समस्याओं के निराकरण का प्रयास कर रहा है। जैन ने बताया कि प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में इसकी प्रति माह बैठक होती है, जिसमें सभी राज्यों की लम्बित परियोजनाओं की समीक्षा होती है। मध्य प्रदेश के 7.85 लाख करोड़ के 209 पीएमजी प्रोजेक्ट पोर्टल पर डाले गए हैं। इनमें में 97 पूरे हो गए हैं। पोर्टल के माध्यम से इसमें 322 समस्याएं चिन्हित की गई थीं, इनमें 312 का समाधान कर दिया गया है और 10 के निराकरण का प्रयास जारी है। सबसे अधिक सड़क प्रोजेक्ट पर काम हुआ है ।जबलपुर-गोंदिया ब्रॉडगेज का काम 2003 में शुरू हो चुका था, लेकिन गति बेहद धीमी थी। इस पोर्टल के कारण ब्राडगेज का काम पूरा हो पाया वरना जिस गति से चल रहा था, उस हिसाब से यह 2028 तक पूरा होता।



## भाजपा के नवनिर्वाचित झारखंड प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू को आजसू नेता हरे लाल महतो ने दी बधाई

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**

ईचागढ़: राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रमुख सहयोगी दल भारतीय जनता पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष के रूप में राज्यसभा सांसद एवं राज्य के वरिष्ठ नेता आदित्य साहू के निर्वाचित होने पर एनडीए घटक दलों में हर्ष का माहौल है। आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव एवं ईचागढ़ से एनडीए के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी हरे लाल महतो ने उन्हें अनेकों बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

अपने शुभकामना संदेश में हरे लाल महतो ने कहा कि आदित्य साहू का लंबा राजनीतिक अनुभव, सशक्त नेतृत्व क्षमता और संगठनात्मक दक्षता एनडीए को झारखंड में और अधिक मजबूती प्रदान करेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में एनडीए न केवल जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाएगा, बल्कि राज्य में एक मजबूत, सजग और जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका भी निभाएगा।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 के झारखंड विधानसभा चुनाव में आदित्य साहू कोल्हान क्षेत्र के प्रभारी रहे थे, वहीं हाल ही में संपन्न घाटशिला उपचुनाव में भी उन्होंने प्रभारी की जिम्मेदारी निभाई। उनके नेतृत्व में एनडीए ने पूरी मजबूती के साथ चुनाव मैदान में उतरकर जनता के मुद्दों को सामने रखा। भले ही चुनावी परिणाम जो भी रहे हों, लेकिन एनडीए ने हमेशा जनता के हक और अधिकारों के लिए आवाज बुलंद करने का काम किया है।




हरे लाल महतो ने आशा व्यक्त की कि प्रदेश अध्यक्ष के रूप में आदित्य साहू के मार्गदर्शन में एनडीए का संगठनात्मक विस्तार होगा और झारखंड की जनता के बीच गठबंधन की पकड़ और मजबूत होगी।

# इलाहाबाद हाई कोर्ट की विशेष पहल, अब आपका निर्णय आपकी भाषा में

## "सुवास प्रकोष्ठ" सुप्रीम कोर्ट विधिक अनुवाद सॉफ्टवेयर के माध्यम से अब आप अपना निर्णय पढ़ सकते हैं अपनी भाषा में

समाज जागरण

### दीवानी न्यायालय परिसर में जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन



माननीय उच्चतम न्यायालय एवं माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा भारत के नागरिकों को उनकी अपनी भाषा में निर्णय उपलब्ध कराने तथा विधिक जागरूकता फैलाने हेतु विशेष पहल की गई हैं। "सुवास प्रकोष्ठ" (सुप्रीम कोर्ट विधिक अनुवाद साफ्टवेयर) के माध्यम से माननीय उच्चतम न्यायालय व माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के निर्णयों को हिन्दी भाषा में अनुवादित कराया गया है। जिसका उद्देश्य भारत के समस्त नागरिकों को अब माननीय उच्चतम न्यायालय एवं माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के निर्णय को उनकी अपनी भाषा में उपलब्ध कराया जायेगा।

श्री चन्द्रमोहन श्रीवास्तव अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर द्वारा बताया गया कि उपरोक्त निदेशों के क्रम में एवं श्री अतुल श्रीवास्तव माननीय जनपद न्यायाधीश /अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर के मार्गदर्शन में एवं श्री सौरभ द्विवेदी अपर जिला जज गौतमबुद्धनगर, श्री मयंक त्रिपाठी नोडल अधिकारी/अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम गौतमबुद्धनगर की अध्यक्षता में दिनांक 13.01.2026 को जागरूकता शिविर का आयोजन दीवानी न्यायालय परिसर के सभाकक्ष में किया गया। जिसमें माननीय उच्चतम न्यायालय एवं माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा उपरोक्त के संबंध में दिये गये निदेशों की जानकारी शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतमबुद्धनगर के पैनल अधिवक्तागण, पराविधिक स्वयं सेवक, मध्यस्थगण, एल०ए०डी०सी०एस० में नामित अधिवक्तागण को दी गई। शिविर में उपरोक्त विषय के संबंध में जानकारी देते हुये अधिक से अधिक जनसामान्य के मध्य विधिक जागरूकता फैलाने हेतु अपील की गई। उक्त शिविर के माध्यम से माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा जारी निम्नवत वेवसाईट भी उपलब्ध करायी गई। जिसके माध्यम से निर्णयों को हिन्दी भाषा में अवलोकित कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

1-https://www2.allahabadhighcourt.in/ahcr
2- https://elegalix.allahabadhighcourt.in/elegalix/translation/vernacular2.html

शिविर के माध्यम से यह भी अवगत कराया गया कि उपरोक्त के संबंध में जनपद बार एसोसिएशन, पी०एल०वी० जिला प्रशासन के साथ, स्थानीय प्राधिकरणों के साथ एवं विधिविद्यालयों व विश्वविद्यालयों आदि संस्थाओं के मध्य व सहयोग से जनसामान्य के मध्य अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कराया जायेगा।

सौजन्य से सूचना विभाग गौतमबुद्धनगर।

# खुरपका-मुँहपका रोग नियंत्रण हेतु निःशुल्क टीकाकरण अभियान 22 जनवरी से

## गौतमबुद्धनगर में 45 दिन तक संचालित होगा अभियान, लगभग 3.2 लाख गोवंशीय और महिषवंशीय पशुओं को मिलेगा टीका

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगरः मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा० अरूण कुमार ने बताया कि जनपद में खुरपका-मुँहपका रोग से बचाव हेतु निःशुल्क टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ 22 जनवरी 2026 से किया जाएगा। यह अभियान 45 दिनों तक संचालित होगा और लगभग 3 लाख 20 हजार 300 गोवंशीय एवं महिषवंशीय पशुओं को कवर करेगा।

अभियान में 4 से 5 माह के बछड़े और 8 माह से अधिक गर्भित पशुओं को छोड़कर सभी पात्र पशुओं को टीका लगाया जाएगा। डॉ. अरूण कुमार ने बताया कि टीकाकरण से पहले प्रत्येक पशु की UID ईयर टैगिंग की जाएगी। इस टैग नंबर के माध्यम से पशु को एक यूनिक पहचान मिलेगी, जो भविष्य में पशुपालन विभाग की योजनाओं में उपयोगी साबित होगी।

अभियान का संचालन उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी और ग्राम स्तर के चयनित प्रशिक्षित टीकाकरण कर्मियों के नेतृत्व में किया जाएगा। अभियान के दौरान टीकाकरण और ईयर टैगिंग सुनिश्चित करने के लिए विभाग ने सभी आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था की है।

### पशुपालकों के लिए संदेश

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने पशुपालकों से अपील की है कि वे अपने गोवंशीय और महिषवंशीय पशुओं को खुरपका-मुँहपका रोग से सुरक्षित रखने के लिए निःशुल्क टीकाकरण और UID ईयर टैगिंग अवश्य कराएँ। इससे न केवल पशुओं का स्वास्थ्य सुरक्षित रहेगा बल्कि पशुपालकों की आजीविका भी संरक्षित रहेगी।

# गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह हेतु शासन की शादी अनुदान योजना संचालित

## अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, 20,000 रुपये तक की सहयोग धनराशि



गौतमबुद्धनगरः जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी लवेश कुमार सिसौदिया ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़ा वर्ग को छोड़कर) के गरीब अभिभावकों की पुत्रियों के विवाह हेतु "शादी अनुदान योजना" संचालित की जा रही है। योजना के अंतर्गत पात्र अभ्यर्थी की पुत्री के विवाह पर शासन द्वारा 20,000 रुपये की सहयोग धनराशि प्रदान की जाएगी। पात्र अभ्यर्थी विवाह की तिथि से 90 दिन पूर्व से लेकर 90 दिन बाद तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### योजना के लाभार्थी बनने की शर्तेः

आवेदक अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़ा वर्ग को छोड़कर) का होना चाहिए।

विवाह की तिथि पर पुत्री की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक, और वर की आयु 21 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।

आवेदक का वार्षिक पारिवारिक आय 1 लाख रुपये से अधिक नहीं होना चाहिए। वृद्धावस्था, विकलांगता एवं विधवा पेंशन लाभार्थियों को आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं होगी।

आवेदक का बैंक खाता राष्ट्रीयकृत बैंक में होना अनिवार्य है; जिला सहकारी बैंक के खाते पीएफएमएस पोर्टल पर स्वीकृत नहीं होंगे।

### आवेदन के लिए आवश्यक दस्तावेजः

पहचान पत्र, बैंक पासबुक, शादी का कार्ड, पुत्री की आयु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आवेदक का फोटो

संपर्क विवरणः इच्छुक व्यक्ति किसी भी कार्य दिवस में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय, कमरा संख्या–111, विकास भवन, सूरजपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर में संपर्क कर सकते हैं।

# अपार आईडी नहीं बनने से छात्र वंचित नहीं होंगे, प्रोफाइल संशोधन कार्य तेजी से जारी

गौतमबुद्धनगरः जनपद में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की अपार आईडी से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार ने बताया कि कार्यालय स्तर से अनेक पत्रों और ऑनलाइन बैठकों के माध्यम से यू-डायस प्लस पोर्टल पर स्टूडेंट प्रोफाइल, स्कूल प्रोफाइल और टीचर प्रोफाइल को शत-प्रतिशत पूर्ण कराने के निर्देश जारी किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि कुछ विद्यालयों में छात्रों के प्रोफाइल त्रुटिवश गलत अंकित हो गए थे। ऐसी स्थिति में आधार कार्ड और विद्यालय अभिलेख (र.फ) के आधार पर 503 फार्म भरे गए और प्रोफाइल संशोधन कार्य कराया जा रहा है।

### आश्वासन छात्रों के लिए

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने छात्रों और अभिभावकों को आश्वस्त किया कि यह संपूर्ण प्रक्रिया निर्धारित समयावधि में पूर्ण कर ली जाएगी। इससे किसी भी छात्र की अपार आईडी बनने में कोई बाधा नहीं आएगी और कोई भी छात्र शैक्षिक लाभ से वंचित नहीं रहेगा।

# ट्रॉनिका सिटी से सटे जंगल में पूरी तरह जले ऑटो में मिला नर कंकाल

*-मृतक की शिनाख्त और ऑटो मलिक की पहचान में जुटी पुलिस*

*-फोरेंसिक टीम ने जुटाये आवश्यक नमूने, जांच से खुलेगा घटना का राज*

समाज जागरण



लोनी, 14 जनवरीः बुधवार की सुबह ट्रॉनिका सिटी औद्योगिक क्षेत्र से सटे आलियाबाद जंगल में खड़े एक पूरी तरह जले ऑटो रिक्शा में नर कंकाल मिलने पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सुबह उधर से जा रहे राहगिरो द्वार इस घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने सबवे ऑटो को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई को अंजाम दिया।

प्रारंभिक तथ्यों के आधार पर पुलिस को आशंका है कि किसी अज्ञात व्यक्ति की हत्या कर शव को ऑटो में रखकर आग के हवाले किया गया, ताकि पहचान और अन्य साक्ष्य पूरी तरह नष्ट किए जा सकें। मृतक की पहचान नहीं हो पाने से मामला और अधिक पेचीदा गया है और उसने पुलिस की मुश्किलें बढ़ा दी है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, जला हुआ ऑटो जंगल के बेहद सुनसान हिस्से में पाया गया है, जिससे यह प्रतीत होता है कि वारदात को योजनाबद्ध ढंग से अंजाम दिया गया। ऑटो का नंबर आंशिक रूप से स्पष्ट हो पाया है, जिसके आधार पर उसके पंजीकृत मालिक का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है ताकि जांच में महत्वपूर्ण सुराग मिल सकते हैं।

घटनास्थल पर फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने जले हुए कंकाल, ऑटो के अवशेष, राख और आसपास के क्षेत्र से आवश्यक नमूने एकत्र करते हुए उन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया है। फोरेंसिक रिपोर्ट के जरिए यह स्पष्ट करने का प्रयास किया जा रहा है कि मौत आग लगने से पहले हुई थी या आग के जरिए हत्या को अंजाम दिया गया, साथ ही आग लगाने में किसी ज्वलनशील पदार्थ के इस्तेमाल की भी जांच की जा रही है। पुलिस आसपास के थाना क्षेत्रों में दर्ज गुमशुदगी की रिपोर्टों को भी खंगाल रही है। इसके अलावा औद्योगिक क्षेत्र और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि किसी संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति की पहचान की जा सके।

दूसरीओर घटना के बाद स्थानीय लोगों में भय और पुलिस के प्रति नाराजगी देखने को मिल रही है। लोगों का कहना है कि औद्योगिक क्षेत्र से सटे जंगल में असामाजिक तत्वों की आवाजाही बनी रहती है, लेकिन इस तरह की जघन्य घटना ने पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# शहीद धर्मवीर शर्मा का 20वाँ शहीदी दिवस मनाया श्रद्धा और सम्मान के साथ

समाज जागरण




लोनी, 14 जनवरीः बुधवार को ग्राम मंडोला में आज देश के वीर सपूत शहीद धर्मवीर सिंह शर्मा का 20वाँ शहीदी दिवस श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शहीद के परिवारजनों, ग्रामवासियों एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों की उपस्थिति में निमार्णाधीन डिग्री कॉलेज परिसर स्थित शहीद की समाधि पर आत्म शांति के लिए हवन यज्ञ का आयोजन हुआ.

इसके उपरांत सभी उपस्थित लोगों ने शहीद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपनी अपनी श्रद्धांजलि दी तथा शहीद के जयघोष से वातावरण को देशभक्ति से ओत-प्रोत कर दिया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला सह-संघचालक श्री बागेश्वर त्यागी एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री श्री राजेन्द्र वाल्मीकि उपस्थित रहे। उनके साथ अभिषेक त्यागी छोटू, श्री राकेश शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोगों ने शहीद के दोनों पुत्रों श्री प्रवीण शर्मा एवं श्री विकास शर्मा को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

इस मौके पर सभी उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए श्री त्यागी ने कहा कि हमारा क्षेत्र शहीद धर्मवीर सिंह शर्मा के देश के प्रति दिए गए सर्वोच्च बलिदान को सदैव स्मरण रखेगा और आने वाली पीढ़ियों को उनसे प्रेरणा मिलती रहेगी।

भाजपा जिला महामंत्री राजेन्द्र वाल्मीकि ने बताया कि शहीद धर्मवीर सिंह शर्मा, पुत्र स्वर्गीय पं. लक्ष्मण शर्मा, सीमा सुरक्षा बल (बी.एस.एफ.) में हेड कांस्टेबल के पद पर तैनात थे। वे राजस्थान के रामगढ़, जैसलमेर बॉर्डर पर देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए आतंकवादियों से मुठभेड़ में वीरगति को प्राप्त हुए थे। 14 जनवरी 2006 को गोली लगने से उनका बलिदान हुआ। तभी से प्रत्येक वर्ष ग्राम मंडोला में उनकी समाधि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि वर्ष 2006 में शहीद की स्मृति में ग्राम मंडोला में एक स्मारक गेट का निर्माण किया गया था। उनके परिवार में उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कुसुमलता शर्मा एवं दोनों पुत्र प्रवीण शर्मा और विकास शर्मा हैं, जो निरंतर सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहते हैं।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से रकेश शर्मा, शिवकुमार प्रधान, अभिषेक त्यागी, श्याम शर्मा, राजकुमार शर्मा, राजेश तवर, अमित त्यागी, कृष्ण, चिराग त्यागी, दिनेश शर्मा, गौरव सक्सेना, अनुज शर्मा, नरेश गोंडा, आर्यन सक्सेना, वीर शर्मा व बिट्टू त्यागी सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# अवैध निर्माण से परेशान डी एल एफ अंकुर बिहार के नागरिक, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण अवैध निर्माण होने से बना अनजान

समाज जागरण

लोनी, 14 जनवरीः नगर पालिका परिषद के वार्ड 33 में खुलेआम हो रहे अवैध निमार्णों ने संबंधित विभागीय अधिकारियों की कार्य प्रणाली को



कटघरे में खड़ा कर दिया है। नागरिकों के विरोध के बावजूद कालोनाइजरों द्वारा बिना अनुमति सभी नियमों को खूंटी पर टांगकर फ्लैटों का निर्माण कार्य किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस अवैध निर्माण के कारण न केवल क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं पर दबाव बढ़ रहा है, बल्कि सुरक्षा और पर्यावरण से जुड़े खतरे बढ़ाने की बात को भी नकारा नहीं जा सकता।

लोगों का कहना है कि संबंधित कालोनाइजर सरकारी नियमों और मानकों का खुलेआम उल्लंघन कर रहे हैं. उनके द्वारा न तो नक्शा पास कराया गया है और न ही आवश्यक अनुमतियां ली गई हैं, इसके बावजूद धड़ल्ले से बहुमंजिला फ्लैट खड़े करने का उनका यह गोरखधंधा लगातार फल फूल रहा हैं। स्थानीय नागरिकों ने इस मामले में सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को पत्र लिखकर अवगत कराया है कि ए ब्लाक के 4/8 प्लांट में बन रही बिल्डिंग में छज्जा रोड की तरफ निकाल दिया है जो पूरी तरह से अवैध है। उन्होंने इस संबंध में कई बार गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) सहित अन्य संबंधित विभागों में लिखित और मौखिक शिकायतें दर्ज कराई हैं, मगर आजतक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई. विभागीय अधिकारियों की ऐसी लचर कार्य प्रणाली के चलते अवैध निर्माण करने वालों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। यही नहीं ऐसी स्थिति में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की भूमिका पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि प्राधिकरण इस मामले में सब कुछ जानते हुए भी इस ओर से जानबूझकर अंधा और बहरा बना बैठा है और कार्रवाई करने से बच रहा है। आक्रोशित लोगों ने अवैध निर्माण पर तत्काल रोक लगाने और दोषी कालोनाइजरों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि समय रहते प्रशासन ने हस्तक्षेप नहीं किया, तो स्थित गंभीर हो सकती है।

# लोनी क्षेत्र की बढ़ती वारदात पुलिस कार्य प्रणाली की खोल रही पोल

समाज जागरण



लोनी, 14 जनवरीः क्षेत्र में निरंतर बढ़ती जघन्य घटनाएं एवं अपराधियों की संख्या न केवल कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करती हैं. बल्कि खाकी की सुस्ती और संवेदनहीनता को भी उजागर करती हैं। क्षेत्र में लगातार हो रही वाहन चोरी की घटनाएं और बेरोक-टोक शराब व अन्य नशीले पदार्थ की बिक्री का अवैध कारोबार पुलिस की नाक के तले धड़ल्ले से फल फूल रहा है. इस तरह थाना अंतर्गत लगातार सामने आ रहीं विभिन्न आपराधिक घटनाएं पुलिस लापरवाही और सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल रही हैं। कारण चाहे जो भी हो? मगर इस बात को झूठलाया नहीं जा सकता कि पुलिस इन आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने में नाकाम साबित हो रही है. यही कारण है कि अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। चिंता का विषय तो यह है कि किशोर अवस्था में निरंतर अपराधिक गतिविधियों में धसते जा रहे ऐसे अपराधियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही हैं जो सिर उठाये घूमते हैं. नतीजन क्षेत्र में दिनदहाड़े लोगों से मारपीट, फायरिंग, चोरी, लूटपाट व चेन स्नेचिंग आदि के अलावा मुख्य रूप से अंकुर विहार थाना क्षेत्र में वाहन चोरी की घटनाएं हो रही हैं ' माना इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि पुलिस अपराधियों को नहीं पड़ती और घटनाओं का खुलासा न करती हो. मगर क्षेत्र में लगातार बढ़ती जा रही आपराधिक गतिविधियों के मध्य नजर उनकी ऐसी कामयाबी मात्र "ऊंट के मुंह में जीरा" वाली कहावत को चरितार्थ करने के अलावा और कुछ भी नहीं है!

सूत्रों की माने तो क्षेत्र में कई गिरोह सक्रिय है जिनमें दर्जनों नवयुवक शामिल है. विभिन्न हथियारो से लैश इन बदमाशों के लिए मारपीट करना, चेन स्नेचिंग, लूटपाट व वाहन चोरी आदि अपराधिक घटनाओं को अंजाम देना आम बात है. हथियारों के साथ खुलेआम घूमने वाले इन बदमाशों के हौसलों का इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि वो पुलिस पर फायरिंग करने से भी नहीं चूकते.ऐसे में सवाल उठता है कि जब पुलिस प्रशासन ही सुरक्षित नहीं हैं तो आम लोगों का क्या होगा.?

क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर शराब बेचने, गांजा, जुआ तथा सट्टे जैसे अवैध धंधे खुलेआम चल रहे हैं. मगर इस पर न तो पुलिस का कोई नियंत्रण है और न ही कोई ठोस कार्रवाई होती नजर आती है। नागरिकों का आरोप है कि उक्त अवैध धंधों में संलिप्त ऐसे लोगों को पुलिस का संरक्षण प्राप्त है. जो अपने किसी निजी स्वार्थ के चलते इनपर कार्रवाई करने से कतराती है. शायद यही कारण है कि ऐसे अवैध धंधों के संचालको के बीच पुलिस का डर-भय पूरी तरह से खत्म हो चुका हैं।

# टीएमयू में स्वामी विवेकानन्द की पुस्तक प्रदर्शनी का शुभारंभ, सत्रह तक चलेगी

समाज जागरण



तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद में स्वामी विवेकानन्द विचार दर्शन-विशेष पुस्तक प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ। इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य स्टुडेंट्स को स्वामी विवेकानन्द के जीवन, दर्शन और राष्ट्र निर्माण से जुड़े विचारों से परिचित कराना है।

टीएमयू कैंपस में यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. वीके जैन, डीन एकेडमिक्स डॉ. मंजुला जैन, मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. एसके जैन, संयुक्त कुलसचिव वैभव रस्तौगी ने स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा पर बारी-बारी से माल्यार्पण करके प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। डेंटल कॉलेज की वाइस प्रिंसिपल डॉ. अंकिता जैन, चीफ वार्डन डॉ. विपिन जैन, एनएसएस कोऑर्डिनेटर डॉ. रत्नेश जैन, फामेर्सी कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. आशु मित्तल समेत मेडिकल कॉलेज, डेंटल कॉलेज आदि के सैकड़ों स्टुडेंट्स ने इस प्रदर्शनी का अवलोकन किया। यह जानकारी देते हुए यूनिवर्सिटी की चीफ लाइब्रेरियन डॉ. विनीता जैन ने बताया, टीएमयू परिसर में 17 जनवरी तक प्रतिदिन स्टुडेंट्स कॉलेज वार पुस्तकों का अवलोकन करेंगे।

# नोएडा साइबर क्राइम की बड़ी कार्रवाई, फर्जी एजेंट गिरफ्तार

नोएडा। थाना साइबर क्राइम नोएडा ने साइबर स्लेवरी के लिए भारतीय युवाओं को विदेश में नौकरी का झांसा देकर अपराधियों के पास भेजने वाले फर्जी एजेंट को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी युवाओं को आकर्षक नौकरी और उच्च वेतन का लालच देकर विदेश भेजने का झांसा देता था, लेकिन वास्तव में उन्हें साइबर अपराध और शोषण के लिए तैयार अपराधियों के हाथों में सौंपा जाता था। थाना साइबर क्राइम नोएडा ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद आरोपी से महत्वपूर्ण साक्ष्य भी बरामद किए गए हैं, जो इस गिरोह की गतिविधियों और अन्य फर्जी एजेंटों के नेटवर्क को उजागर करने में सहायक होंगे।

पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि विदेश में नौकरी के लिए किसी एजेंट या कंपनी के झांसे में आने से पहले सावधानीपूर्वक जांच करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत साइबर क्राइम पुलिस को दें।

यह कार्रवाई साइबर अपराध और युवा शोषण के मामलों में कानूनी कार्रवाई को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

(नगर विकास/प्रशासन)

# सीईओ नोएडा ने किया ग्राम सदरपुर का व्यापक निरीक्षण, विकास कार्यों को लेकर दिए सख्त निर्देश

समाज जागरण







नोएडा।14 जनवरी 2025: नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) द्वारा ग्राम सदरपुर का भ्रमण कर सम्पूर्ण ग्राम का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम की मूलभूत सुविधाओं, यातायात, स्वच्छता, जलापूर्ति, सीवर व्यवस्था एवं नागारक सुविधाओं का गहन अवलोकन किया गया।

इस अवसर पर नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक श्री एस.पी. सिंह, महाप्रबंधक (वि./यां.) श्री आर.पी. सिंह, उप महाप्रबंधक (सिविल) श्री विजय रावल, जनस्वास्थ्य विभाग से श्री इन्दु प्रकाश सिंह, संबंधित वर्क सर्किल, जल एवं विद्युत/यांत्रिकी खंड के वरिष्ठ प्रबंधकगण तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### निरीक्षण के दौरान दिए गए प्रमुख निर्देश

सीईओ द्वारा ग्राम की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु संबंधित विभागों को निम्न निर्देश दिए गए–

सेक्टर-41 व 42 के समीप वाहनों की सुरक्षा के लिए स्पीड ब्रेकर निर्माण।

सेक्टर-42 में अवैध झुग्गियों पर कार्रवाई एवं जिम्मेदार अधिकारियों को नोटिस।

ग्राम सदरपुर मेन रोड पर यातायात सुगमता हेतु नया यू-टर्न निर्माण।

मैनहोल स्थलों का पुनः कंक्रीटीकरण।

सीवर व जलापूर्ति लाइन कार्य शीघ्र पूर्ण कर सी.सी. रोड निर्माण।

नियमित स्ट्रीट स्वीपिंग सुनिश्चित कराने हेतु संविदाकार को नोटिस।

सोम बाजार में अवैध रेहड़ी-ठेलियों को हटाने एवं पुनः न लगने की व्यवस्था।

FCTS सेंटर में कचरे का सीधे कॉम्पेक्टर में निस्तारण।

सड़क स्तर से नीचे बने विद्यालय का पुनर्निर्माण।

सीवेज निस्तारण हेतु इंटरमीडिएट पंपिंग स्टेशन का शीघ्र निर्माण।

सभी घरों में जल पाइपलाइन कनेक्शन कराने पर ग्रामवासियों की सराहना।

मार्च तक हाईमास्ट लाइट्स की स्थापना।

क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत।

कम्युनिटी सेंटर का अनुरक्षण।

शिव मंदिर के पास ओपन जिम एवं प्लेग्राउंड में घास लगाने के निर्देश।

तालाब की सफाई एवं पुनर्जीवन।

### सीईओ ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि–

जल विभाग के कार्य फरवरी 2025 तक, जबकि सिविल एवं विद्युत विभाग के कार्य मार्च 2025 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण किए जाएं।

जनस्वास्थ्य विभाग को तीन दिन के भीतर सम्पूर्ण सफाई कर फोटोग्राफ सहित रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

अन्य ग्रामों का भी सर्वे कर समस्याओं के निराकरण हेतु कार्ययोजना तैयार की जाए।

सीईओ ने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरे किए जाएं,

# गुन्नौर में पंचायत चुनाव से पहले राजनीतिक सरगर्मी तेज, ब्लॉक प्रमुख हनी यादव ने किया सघन जनसंपर्क

**दैनिक समाज जागरण**



गुन्नौर पंचायत चुनाव की अधिसूचना भले ही अभी जारी नहीं हुई हो, लेकिन क्षेत्र में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। संभावित प्रत्याशी अभी से ही मतदाताओं के बीच पहुंचकर समर्थन जुटाने में लग गए हैं। इसी क्रम में बुधवार को रसूलपुर वार्ड 18 से जिला पंचायत सदस्य अर्चना यादव के पति अशोक कुमार उर्फ पप्पू यादव वर्तमान ब्लॉक प्रमुख आशीष कुमार उर्फ हनी यादव ने रसूलपुर वार्ड 18 के गांव दौलतपुर, गंगावास, नगला फत्तेहपुर के गांवों में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया।

जनसंपर्क के दौरान पूर्व ब्लॉक प्रमुख अशोक कुमार उर्फ हनी यादव व वर्तमान ब्लॉक प्रमुख आशीष कुमार उर्फ हनी यादव लाव-लश्कर के साथ गांव-गांव पहुंचे और ग्रामीणों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। उन्होंने क्षेत्र के विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करते हुए कहा कि पंचायत स्तर पर मजबूत और ईमानदार नेतृत्व से ही गांवों का समुचित विकास संभव है। ग्रामीणों ने भी उनका स्वागत करते हुए समस्याओं से अवगत कराया।

वही सैकड़ों समर्थक मौजूद रहे। समर्थकों ने नारेबाजी कर उत्साह का माहौल बना दिया। जनसंपर्क के दौरान गांवों में राजनीतिक चर्चा का विषय पंचायत चुनाव ही बना रहा।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आएंगे, वैसे-वैसे संभावित प्रत्याशियों की सक्रियता और तेज होगी। फिलहाल क्षेत्र में पंचायत चुनाव को लेकर माहौल पूरी तरह गरमाता नजर आ रहा है।

# चाइनीज मांझे का खतरा जारी: एक और युवक घायल, प्रतिबंधों पर सवाल

**समाज जागरण मुस्कान खान**



जनपद बिजनौर नजीबाबाद,प्रशासन द्वारा प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद चाइनीज मांझे के कारण होने वाली दुर्घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। हाल ही में शहर में एक और घटना सामने आई है जिसमें एक साईकिल सवार युवक चाइनीज मांझे की चपेट में आकर घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार, युवक अपनी साइकल से जा रहा था तभी चाइनीज मांझा उसके नाक में फंस गया, जिससे उसके नाक और चेहरे पर चोटें आईं। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, उसकी नाक पर टांके भी आए आदमी मजदूरी करता है उसने बताया कि वह बाल बाल बच वरना और भी बड़ा हादसा हो सकता था उसने कहा कि यह मांझा बंद होना चाहिए आज मेरे चोट लगी है कल को किसी और के भी लग सकती है और कोई बड़ा हादसा भी हो सकता है

यह पहली बार नहीं है जब इस तरह की घटना हुई है। चाइनीज मांझे के कारण पहले भी कई लोग और जानवर घायल हो चुके हैं, और कुछ मामलों में जान भी चली गई है। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) और राज्य सरकार ने इस पर प्रतिबंध लगाया हुआ है, फिर भी इसकी बिक्री जारी है। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने प्रशासन के प्रतिबंधों के प्रभावी कार्यान्वयन पर सवाल उठाए हैं। लोगों का कहना है कि प्रतिबंध होने के बावजूद यह मांझा बाजार में उपलब्ध है।

इस खतरे से बचाव के लिए नागरिकों को स्वयं सतर्क रहने की सलाह दी जाती है। दोपहिया वाहन चलाते समय सावधानी बरतें

# बेखौफ चोरों का आतंक, सड़क किनारे खड़े ट्रक से 50 हजार का सामान चोरी

**समाज जागरण मुस्कान खान**



जनपद बिजनौर चांदपुर , नूरपुर थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। आए दिन हो रही चोरी की घटनाओं से आमजन में दहशत का माहौल है। ताजा मामला लज्जावती पेट्रोल पंप के पास का है, जहां सड़क किनारे खड़े एक छह टायरा ट्रक को अज्ञात चोरों ने निशाना बना लिया। रात के अंधेरे का फायदा उठाकर चोर ट्रक से कीमती सामान चोरी कर मौके से फरार हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चोरों ने ट्रक से दो बड़े बैटरे, एक सीट, डीजल टैंक का ढक्कन और काफी मात्रा में डीजल चोरी कर लिया। प्रारंभिक अनुमान के मुताबिक चोरी गए सामान की कीमत करीब 50 हजार रुपये बताई जा रही है, हालांकि वास्तविक नुकसान का आकलन अभी किया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही पीड़ित ट्रक मालिक ने थाना नूरपुर पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी और कार्रवाई की मांग की है।

इस संबंध में थाना नूरपुर प्रभारी विकास कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और संदिग्ध लोगों से पूछताछ की जा रही है। उन्होंने दावा किया कि क्षेत्र में दिन-रात पुलिस गश्त और पेट्रोलिंग लगातार की जा रही है, ताकि आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

वहीं, लगातार हो रही चोरी की वारदातों से क्षेत्र के लोगों में भय का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क किनारे खड़े वाहनों की सुरक्षा को लेकर ठोस कदम उठाए जाने चाहिए। लोगों ने पुलिस से गश्त बढ़ाने और चोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# कपड़ा व्यापारी के घर भीषण आग शॉर्ट सर्किट से तैयार कपड़े जलकर राख

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**



जनपद बिजनौर नहटौर क्षेत्र के गांव पपसरा में सोमवार तड़के एक कपड़ा व्यापारी के घर में अचानक भीषण आग लग गई। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। इस हादसे में घर में रखे लाखों रुपये मूल्य के तैयार कपड़े जलकर राख हो गए, जबकि दो मोटरसाइकिलें भी आग की चपेट में आकर पूरी तरह जल गईं। इस अग्निकांड में करीब दस लाख रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया गया है। जानकारी के अनुसार गांव पपसरा निवासी बाबू अंसारी रेडीमेड कपड़े तैयार करने का कार्य करते हैं। वह बड़े व्यापारियों के लिए लहंगे, जींस सहित अन्य परिधान तैयार कर सप्लाई करते हैं। सोमवार सुबह करीब चार बजे उनके मकान में अचानक शॉर्ट सर्किट हो गया, जिससे घर के एक हिस्से में आग लग गई। आग लगने के समय कारीगरों द्वारा तैयार किए गए कपड़े घर में बने गोदाम में रखे हुए थे। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और गोदाम में रखा सारा कपड़ा जलकर नष्ट हो गया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि घर में खड़ी दो मोटरसाइकिलें भी उसकी चपेट में आ गईं और पूरी तरह जल गईं। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों ने तुरंत विद्युत आपूर्ति बंद कर दी तथा आग बुझाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक सारा सामान जलकर राख हो चुका था। पीड़ित कपड़ा व्यापारी बाबू अंसारी ने बताया कि इस आग से उन्हें करीब दस लाख रुपये का भारी नुकसान हुआ है। घटना की सूचना संबंधित हल्का लेखपाल को दे दी गई है। प्रशासन द्वारा नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

# गृह मंत्री ने अहमदाबाद के थलतेज स्थित गुरुद्वारा गोबिंद धाम में मत्था टेका

**समाज जागरण**



केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज उत्तरायण के पवित्र अवसर पर हर वर्ष की भांति अहमदाबाद स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में दर्शनझ्रपूजन और गौ माता का पूजन किया। गृह मंत्री ने अहमदाबाद के थलतेज स्थित गुरुद्वारा गोबिंद धाम में मत्था टेका और उत्तरायण के अवसर पर अपने लोकसभा क्षेत्र के नारणपुरा वार्ड एवं (अखबारनगर व अभिषेक अपार्टमेंट) नवा वाडज वार्ड में पतंगोत्सव में शामिल हुए।

एक अन्य पोस्ट में गृह मंत्री ने कहा, सनातन धर्म में गौ माता की सेवा व पूजन का विशिष्ट महत्व है।

आज उत्तरायण के अवसर पर अहमदाबाद के श्री जगन्नाथ मंदिर में गौ माता का पूजन किया।

# तीन दिन हनुमान की मूर्ति चक्कर लगाने बाद अब मां दुर्गा के चक्कर लगाना बना कोतूहल

## कुत्ता चार दिन से निर्जल होकर लगा रहा है मूर्तियों के चक्कर

**समाज जागरण मुस्कान खान**



जनपद बिजनौर नगीना। तीन दिन तक हनुमान की विशाल मूर्ति के लगातार चक्कर लगाने के बाद चौथे दिन सुबह से मंदिर में ही कुछ दूरी पर स्थापित मां दुर्गा की मूर्ति के चक्कर लगाने शुरू कर दिए है। देखने वाले महिला पुरुषों का तांता लगा हुआ है

नगिना - बढ़ापुर मार्ग स्थित ग्राम नंदपुर कला में सड़क से कुछ ही दूरी पर वर्षों पुराना सिद्ध पीठ मंदिर में की तरह की मूर्तियां स्थापित जिनमें हनुमान भगवान जी का मंदिर है जिसमें भगवान हनुमान जी की विशालकाय प्रतिमा है जिनकी ग्रामीण पूजा अर्चना के लिए रोज शुभ शाम आते हैं। बताया जाता है कि पिछले रविवार की सुबह तीन दिनों से एक कुत्ता भगवान हनुमान प्रतिमा पर लगातार परिक्रमा की अब बुधवार की सुबह से चौथे दिन हनुमान मूर्ति को छोड़ कुछ दूरी पर स्थापित मां दुर्गा की मूर्ति के चक्कर लगाने शुरू कर दिए है।

ग्राम प्रधान देवेंद्र सिंह सहित दर्जनों लोगों के कहना है कि पहले तो यह दृश्य देखकर ग्रामीण कुछ नहीं समझ पाय लेकिन लगातार तीन दिनों से परिक्रमा को देखते ग्रामीण अद्भुत चमत्कार मान रहे हैं और आस्था के प्रति लोगों को बता रहे हैं कि भगवान हनुमान जी के सिद्ध पीठ इस मंदिर पर यह पहली बार देखने को मिल रहा है कि एक कुत्ता हनुमान प्रतिमा वी उसके बाद मां दुर्गा की परिक्रमा कर रहा है परिक्रमा। इस अद्भुत चमत्कार को सुनकर आसपास ग्रामों के हजारों श्रद्धालूगण चमत्कार एवं कुत्ते द्वारा की जा रही परिक्रमा को देखने पहुंच रहे हैं इस मंदिर पर आस्थावान श्रद्धालुओं का भारी हजूमा लगा हुआ है और जो भी सुन रहा है वह भगवान हनुमान मंदिर वी मां दुर्गा पर यह अद्भुत चमत्कार देखने पहुंच रहा है। थाना प्रभारी अवनीश मान पुलिस टीम के साथ एवं भाजपा क्षेत्र मंत्री अनूप बाल्मीकि दलबल के साथ व अन्य राजनीतिक दलों के छोटे बड़े कार्यकर्ता इस अद्भुत चमत्कार को देखने नंदपुर हनुमान मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने अपनी आंखों से यह अद्भुत नजारा निहारा। क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि ने मीडिया कर्मियों को बताया कि ग्राम नंदपुर में मंदिर पर लगी भगवान हनुमान मंदिर वी मां दुर्गा की लगी प्रतिमा पर एक कुत्ते द्वारा परिक्रमा करना यह अपने आप में चमत्कार है क्योंकि यह प्राचीन सिद्ध पीठ मंदिर सदियों पुराना बताया जाता है उन्होंने कहा कि हम कुत्ते को भैरवनाथ के रूप में मानते हैं यह भी सनातन के लिए आस्था वान है, जिसे झूठलाया नहीं जा सकता। ग्राम नंदपुर कला के ग्रामप्रधान देवेंद्र सिंह ने बताया कि ग्रामीण वी वहां पहुंचने वाले आस्थावान लोग कुत्ते को पानी व प्रसाद सहित खाने पीने की अन्य चीजें भी देने का प्रयास कर रहे है लेकिन वो कुछ भी लेने को तैयार नहीं हैं।

उधर थाना प्रभारी अवनीश मान ने इस चमत्कारी दृष्य को देख कोई शरारती कोई गड़बड़ी न कर बैठे इसलिए वहां पर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस तैनात कर दी है जो शराबी वी अन्य तत्वों के साथ-साथ श्रद्धालुओं पर भी नजर रखे हुए हैं।

# घने कोहरे और हाड़ कंपाने वाली ठंड से जीवन अस्त-व्यस्त

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद मे नजीबाबाद लगातार घने कोहरे और ठंड की वजह से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। घने कोहरे की वजह से सड़क और रेल यातायात पर असर पड़ रहा है। घने कोहरे ने ट्रेनों की रफ्तार भी रोक दी है ट्रेनें कई-कई घंटे की देरी से चल रही हैं। एक तरफ जहां कोहरे की वजह से ट्रेनें देरी से चल रही हैं, वहीं दूसरी तरफ नजीबाबाद जंक्शन पर ट्रेनों के इंतजार ने यात्रियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

लखनऊ चंडीगढ़ सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन (12231) लगभग पचास मिनट, सियालदह एक्सप्रेस ट्रेन (13152) दो घंटे पैंतालीस मिनट, लिंक एक्सप्रेस ट्रेन (14113) एक घंटे, वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन (22546) तीस मिनट, वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन (22545) पन्द्रह मिनट,जननायक एक्सप्रेस ट्रेन (15211) पैंतालीस मिनट, सरयू यमुना एक्सप्रेस ट्रेन (14649) दो घंटे पन्द्रह मिनट, चंदौसी ऋषिकेश पैसेंजर ट्रेन (54463) पचास मिनट, दून एक्सप्रेस ट्रेन (13009) एक घंटे, लिंक एक्सप्रेस ट्रेन (14114) बीस मिनट, योगनगरी प्रयागराज एक्सप्रेस ट्रेन (14229) तीस मिनट, प्रयागराज योगनगरी एक्सप्रेस ट्रेन (14230) एक घंटे, नैनी जनशताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन (12092)चालीस मिनट की देरी से नजीबाबाद रेलवे स्टेशन पर पहुंची। कंपकपाती ठंड से भी यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कोहरे के कारण लोगों को वाहन चलाने में भी परेशानी हो रही है। नगर में घने कोहरे के चलते वाहन चलाने में ज्यादा समस्या आ रही है और रेंगने को मजबूर हैं।

# सोशल मीडिया पर तमंचों का प्रदर्शन पड़ा भारी, पुलिस ने दो युवको को दबोचा

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**



जनपद बिजनौर। सोशल मीडिया पर अवैध शस्त्रों का खुलेआम प्रदर्शन करते हुए दो युवकों का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया। वायरल वीडियो का तत्काल संज्ञान लेते हुए पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए युवकों की पहचान रोबिन कुमार पुत्र लेखराज सिंह तथा अश्मनी कुमार पुत्र सतपाल सिंह निवासीगण ग्राम बेगमपुर हर्रे उर्फ हूरनंगला, जनपद बिजनौर के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा की गई तलाशी में रोबिन कुमार के कब्जे से एक अवैध तमंचा तीन सौ पंद्रह बोर तथा अश्मनी कुमार के कब्जे से एक अवैध तमंचा बारह बोर बरामद किया गया। बताया गया है कि दोनों युवक सोशल मीडिया पर वीडियो के माध्यम से अवैध हथियारों का प्रदर्शन कर क्षेत्र में दहशत फैलाने का प्रयास कर रहे थे। वीडियो के प्रसारित होते ही पुलिस ने पहचान सुनिश्चित कर दोनों को धर दबोचा। बरामद अवैध शस्त्रों को कब्जे में लेकर विधिक प्रक्रिया पूरी की जा रही है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस प्रकार की गतिविधियों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

# भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर आवारा पशुओं के लिए तत्क्षण सुरक्षा चेतावनी प्रणाली का पायलट प्रोजेक्ट लॉन्च किया

## यह पायलट प्रोजेक्ट जयपुर-आगरा और जयपुर-रेवाड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग कॉरिडोर पर आवारा पशुओं की आवाजाही के लिए लागू किया जा रहा है

**समाज जागरण**



सड़क सुरक्षा माह 2026 मनाने और राष्ट्रीय राजमार्ग पर अचानक पशुओं के आने से होने वाले हादसों को कम करने के लिए सड़क सुरक्षा पहल के तहत, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के साथ मिलकर राष्ट्रीय राजमार्ग इस्तेमाल करने वालों को आवारा पशुओं वाले इलाकों के पास आने पर तत्क्षण सुरक्षा चेतावनी के लिए एक पायलट पहल शुरू की है। इस पहल का मकसद राष्ट्रीय राजमार्ग पर, खासकर कोहरे और कम विजिबिलिटी की स्थिति में, जानवरों के अचानक आने से होने वाले हादसों को कम करना है।

यह पायलट प्रोजेक्ट जयपुर-आगरा और जयपुर-रेवाड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग कॉरिडोर पर लागू किया जा रहा है, जिन्हें आवारा जानवरों के आने वाले इलाकों के तौर पर पहचाना गया है। इस पायलट प्रोजेक्ट के तहत, राष्ट्रीय राजमार्ग पर यात्रा करने वालों के लिए लोकेशन-बेस्ड अलर्ट जारी किए जाएंगे, जो चिन्हित तौर पर अधिक जोखिम वाले हिस्सों से लगभग 10 किमी पहले चेतावनी देंगे। इससे यात्रियों को सावधानी बरतने के लिए कुछ समय मिल जाएगा।

राष्ट्रीय राजमार्ग पर यात्रा करने वालों के साथ प्रभावी संचार सुनिश्चित करने के लिए, पायलट प्रोजेक्ट के दौरान सुरक्षा चेतावनी एक फ्लैश एसएमएस के जरिए दी जाएगी। इसके बाद एक वॉयस अलर्ट भी आएगा। फ्लैश एसएमएस अलर्ट हिन्दी में जारी किया जाएगा, जिसमें लिखा होगाः आगे आवारा पशु ग्रस्त क्षेत्र है। कृपया धीरे और सावधानी से चलें। इसके बाद एक वॉयस अलर्ट आएगा जिसमें वही सेफ्टी मैसेज दिया जाएगा। अलर्ट से परेशानी न हो, इसके लिए 30 मिनट के अंदर एक ही यूजर को बार-बार अलर्ट नहीं भेजा जाएगा।

यह पहल समय पर और लक्षित चेतावनी देने के लिए दूरसंचार प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करेगी, जिससे ड्राइवरों की जागरूकता बढ़ेगी और राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुरक्षा बेहतर होगी। अलर्ट ऐतिहासिक दुर्घटना डेटा के साथ-साथ फील्ड-लेवल इनपुट के जरिए चिन्हित किये गए मवेशियों वाले क्षेत्र के आधार पर जेनरेट किए जाएंगे और अपग्रेड किए गए टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर का इस्तेमाल करके डिलीवर किए जाएंगे। इस पहल के तहत, रिलायंस जियो ने इन रियल-टाइम अलर्ट को देश भर में डिलीवर करने के लिए अपने प्लेटफॉर्म को अपग्रेड किया है।पायलट के नतीजों और प्रभाव के आधार पर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण देश भर के राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क सुरक्षा को बेहतर बनाने और यूजर के अनुभव को बढ़ाने के अपने निरंतर प्रयासों के तहत, इस पहल को दूसरे आवारा मवेशियों वाले क्षेत्र में विस्तारित करने की संभावना का मूल्यांकन करेगा।

# पद यात्रा निकालकर लोगों से विराट हिन्दू सम्मेलन में उपस्थित रहने का किया आग्रह

**समाज जागरण**

चन्दौसी। सीता आश्रम पर होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन के लिए हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति के अध्यक्ष शिवम चौधरी के नेतृत्व में बिसौली गेट,पुरानी पैठ,घासमंडी,पटिया बाजार,ब्रह्म बाजार,सीता रोड,गणेश कॉलोनी



छोटे लाल कॉलोनी में पद यात्रा निकालकर लोगों से विराट हिन्दू सम्मेलन में उपस्थित रहने का आग्रह किया।

इस दौरान अमित अग्रवाल,विष्णु शंकर अग्रवाल, गिरीश बंधु,डॉ टीएस पाल, उमेश अग्रवाल, दुर्गेश गुप्ता,कुलदीप वार्ष्णेय,अंकुर अग्रवाल, ऋतुपर्ण शर्मा,राहुल चौधरी, देवेंद्र गुप्ता, वीरपाल सिंह, सुरेश चंद्र,दिनेश चीनी, आकाश शर्मा,संजय सैनी,क्रांति कुमार आदि उपस्थित रहे।

# आ र पी पब्लिक स्कूल मे स्कूल मे 18 जनवरी 2026 को एक विशाल मेले होगा आयोजन

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

कोटद्वार जनपद बिजनौर के नजीबाबाद तहसील तेलीपारा मे न्यू कोटद्वार कॉलोनी मे स्थित आर पी पब्लिक स्कूल मे आने वाले 18 जनवरी 2026 को एक विशाल मेले का आयोजन किया जा रहा है, विद्यालय में लगाने वाले इस मेले का उद्देश्य छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने और अपने कौशल को विकसित करने का अवसर प्रदान करना है।

मेले मे निम्न कुछ गतिविधियाँ हैं जो कि आकर्षण का केंद्र होंगी निम्नवत हैं

1. लक्की ड्रा में शामिल इनाम जैसे इलेक्ट्रीक स्कूटर, फुल्ली ऑटोमेटिक वाशिंग मशीन, गियार वाली साइकिल, और कई अन्य आकर्षक इनाम ।
2.सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे नृत्य, गायन, आदि ।
3.कला प्रदर्शनी
4.खाद्य स्टॉल तथा अन्य और भी बहुत कुछ।

आप सभी सम्मानित जनता से अनुरोध है कि ज्यादा से ज्यादा मात्रा में आकर मेले का आनंद उठाएं।

# कड़कती ठंड में निशुल्क चाय सेवा कर धर्म लाभ कमा रहे: डॉ० मोहित शर्मा

**समाज जागरण**

जनपद बिजनौर मंडावर इच्छाशक्ति अगर मजबूत हो तो क्या नहीं हो सकता



ऐसे ही कड़कती ठण्ड में सुबह सुबह जब लोग अपने घरों से नहीं निकल रहे हैं। घने कोहरे के कारण राहगीर घंटो वाहन के इंतजार में चौराहों पर ठंड मे ठिठुर रहे हैं। लेकिन साहित्य विहार निवासी डॉ०मोहित शर्मा अपने हौसले और हिम्मत के दम पर रोज सुबह व शाम कड़कती ठण्ड में राहगीरों व आम जनमानस को कुल्हड़ वाली चाय पिला रहे हैं। बिना रुके प्रत्येक वर्ष उनकी ये निशुल्क चाय सेवा निरंतर जारी है। बुदवार को मुख्य डाकघर पर चाय सेवा का आयोजन किया गया। जिसमें नगर के लोगों को कड़कती ठंड में चाय पीकर कुछ हद तक ठंड से निजात पाई।डॉ०मोहित शर्मा की यह पहल रंग ला रही है।उनके इस कार्य की सर्वत्र प्रशंसा हो रही है।पिछले कई वर्षों से उनकी ये निशुल्क चाय सेवा लगातार जारी है।पुण्य के इस कार्य में पंकज शर्मा,विपिन चौहान,पुनीत अग्रवाल,वैभव बिंदल,राजीव कश्यप, सिद्धार्थ त्रिलोक चंद,पारस,मयंक शर्मा,मानव सचदेवा,ऋषि कुमार,पुनीत भारद्वाज,दीपक कुमार आदि का सहयोग रहा।

# वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने फरीदाबाद नगर निगम द्वारा रख-रखाव किए गए सड़क खंडों का निरीक्षण किया

## सड़क की धूल और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन संबंधी समस्याओं को कम करने के लिए लक्षित सुधारात्मक उपाय

**समाज जागरण**

एनसीआर और आसपास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) के तहत अपने गहन प्रवर्तन के हिस्से के रूप में फरीदाबाद नगर निगम (एमसीएफ) द्वारा रखरखाव किए गए सड़क खंडों और सड़क धूल शमन उपायों का आकलन करने के लिए 13 जनवरी, 2026 को हरियाणा के फरीदाबाद में एक निरीक्षण अभियान चलाया।यह निरीक्षण ऑपरेशन क्लीन एयर के तहत सड़क सफाई और झाड़ू लगाने के उपायों के जमीनी स्तर पर कार्यान्वयन का आकलन करने और धूल, नगरपालिका ठोस अपशिष्ट संचय और संबंधित समस्याओं से ग्रस्त स्थानों की पहचान करने के लिए किया गया था।

निरीक्षण के लिए हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एचएसपीसीबी) और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अधिकारियों सहित कुल 9 टीमें तैनात की गईं। टीमों ने 127 सड़क खंडों का निरीक्षण किया और समेकित निरीक्षण रिपोर्ट के हिस्से के रूप में निरीक्षण के दौरान एकत्र किए गए भू-टैग और समय-मुहर लगे फोटोग्राफिक साक्ष्य आयोग को प्रस्तुत किए। निरीक्षण के निष्कर्षों से पता चला कि सड़क के कई हिस्सों में धूल का स्तर कम या न के बराबर था, लेकिन कुछ हिस्सों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। निरीक्षण किए गए कुल हिस्सों में से 17 में धूल का स्तर अधिक और 25 में मध्यम पाया गया, जबकि 66 हिस्सों में धूल का स्तर कम था और 19 हिस्सों में धूल बिल्कुल नहीं थी। अधिक धूल वाले हिस्से कई मामलों में ठोस अपशिष्ट (एमएसडब्ल्यू) और निर्माण एवं विध्वंस (सीएंडडी) कचरे के जमाव से संबंधित थे, विशेष रूप से प्रमुख गलियारों, चौराहों और सेवा सड़कों के किनारे खुले में कचरा जलाने के छिटपुट मामले भी देखे गए। आयोग ने चिन्हित प्रदूषणकारी क्षेत्रों में तत्काल और निरंतर सुधारात्मक कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया, जिसमें गहन सफाई, नियमित जल छिड़काव, ठोस अपशिष्ट और निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट का शीघ्र संग्रहण और वैज्ञानिक निपटान तथा अपशिष्ट डंपिंग और खुले में जलाने से रोकने के लिए सख्त प्रवर्तन शामिल है। एमसीएफ को निगरानी तंत्र को मजबूत करने और धूल के पुनः संचय को रोकने के लिए सभी सड़क खंडों पर धूल नियंत्रण उपायों के एकसमान कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने की सलाह दी गई है। 'ऑपरेशन क्लीन एयर' के तहत निरीक्षण और प्रवर्तन अभियान पूरे क्षेत्र में नियमित रूप से जारी रहेंगे ताकि वैधानिक निदेशों और जीआरएपी प्रवर्तन उपायों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके। सीएक्यूएम पूरे क्षेत्र में स्वच्छ, धूलरहित और सुव्यवस्थित सड़क अवसंरचना सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय में काम करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराता है।

## बेसहारा गौवंश से फसलों को हो रहे नुकसान पर किसानों की चिंता

समाज जागरण
कांधला।(फुरकान जंग)

विकास खंड क्षेत्र के गांव नान्नूपुरी में भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया तथा उनके समाधान पर चर्चा की गई।गांव नान्नूपुरी निवासी किसान रामभजन कश्यप के आवास पर आयोजित बैठक में भारतीय किसान संघ के जिलामंत्री देशराज शर्मा ने कहा कि क्षेत्र में बेसहारा गौवंश किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिससे किसान आर्थिक रूप से परेशान हैं। उन्होंने कहा कि किसान को अन्नदाता कहा जाता है, ऐसे में उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन द्वारा ठोस कदम उठाए जाने चाहिए।बैठक को संबोधित करते हुए मदन पाल ने कहा कि भारतीय किसान संघ किसानों की हर छोटी-बड़ी समस्या में उनके साथ खड़ा है और किसानों के हितों की रक्षा के लिए संगठन लगातार संघर्ष करता रहेगा। उन्होंने किसानों से एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद करने का आह्वान किया।बैठक की अध्यक्षता भारतीय किसान संघ के ब्लॉक उपाध्यक्ष श्रीनिवास ने की, जबकि संचालन रामभजन कश्यप द्वारा किया गया। बैठक में संगठन के दर्जनों पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे और किसानों की समस्याओं को लेकर अपने-अपने सुझाव रखे।



## महिला महाविद्यालय में बौद्धिक, साहित्यिक व खेलकूद कार्यक्रम आयोजित

समाज जागरण कांधला।

कस्बे के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को युवा सप्ताह के उपलक्ष्य में विभिन्न बौद्धिक, साहित्यिक एवं खेलकूद कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य वक्ता डॉ. अंकिता त्यागी ने युवाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता विषय पर छात्राओं के साथ गहन विमर्श किया। उन्होंने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, मानसिक स्वास्थ्य के महत्व तथा संतुलित दिनचर्या पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को जागरूक किया। इसके साथ ही मकर संक्रांति के पावन पर्व के सांस्कृतिक एवं वैज्ञानिक महत्व पर भी विस्तार से चर्चा की गई।युवा सप्ताह के अंतर्गत खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूरे कार्यक्रम का कुशल संचालन सांस्कृतिक परिषद की सदस्य डॉ. अंकिता त्यागी द्वारा किया गया।



## पुलिस ने फर्जी फायरिंग कांड में फरार चल रहे साजिशकर्ता को किया गिरफ्तार

अवैध तमंचा, कारतूस और बिना नंबर प्लेट बाइक बरामद

समाज जागरण
झिंझाना। (फुरकान जंग)

पुलिस ने फायरिंग की एक सनसनीखेज घटना में दूसरे पक्ष को फंसाने की साजिश रचने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस और बिना नंबर प्लेट की मोटर साइकिल बरामद की है। 27 सितंबर 2025 को सरवर पुत्र अनवर निवासी ग्राम औदरी ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि तिसंग चौराहे के पास केरटू-मंसूरा रोड पर अब्बास,नौशाद और शहजाद ने उसके तथा उसके मामा वासिद के साथ मारपीट कर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की, जिसमें वासिद घायल हो गए। इस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।जांच के दौरान चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि वादी सरवर ने ही अपने मामा वासिद को गोली मारकर घायल किया था और अब्बास प्रधान पक्ष को झूठे आरोपों में फंसाने के लिए यह साजिश रची थी। बुधवार को थाना झिंझाना पुलिस ने आरोपी सरवर को गिरफ्तार कर लिया। जिसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त किया अवैध तमंचा कारतूस एवं बाइक बरामद की है। पूछताछ में सरवर ने बताया कि गांव में प्रधान पद के चुनाव को लेकर वोट सत्यापन के दौरान उसके भाई अफसर और अब्बास प्रधान के बीच विवाद हो गया था। इसी रंजिश का बदला लेने के लिए उसने अब्बास को फंसाने की योजना बनाई और खुद अपने साथी वासिद को गोली मार दी। बाद में झूठी तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया और इलाहाबाद चला गया। काफी समय बाद घर लौटने पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र कसाना ने बताया मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है जिसके कब्जे से अवैध तमंचा कारतूस बाइक बरामद किया है। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गयी है।



## स्वामी विवेकानंद जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में संगोष्ठी आयोजित

समाज जागरण

शामली। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की झिंझाना नगर इकाई द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में बलवंती कन्या इंटर कॉलेज, झिंझाना में विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंद्रपाल तोमर ने की, जबकि मुख्य वक्ता अभाविप के प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक वैभव ऐरन रहे। नगर मंत्री अंश मित्तल व कार्यक्रम संयोजिका अंशिता शर्मा उपस्थित रहीं। मुख्य वक्ता वैभव ऐरन ने कहा कि राष्ट्रीय युवा दिवस युवाओं को आत्म विश्वास, अनुशासन और राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करने का दिन है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवे कानंद का संदेश था कि उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्त होने तक मत रुको। आज के युवाओं को नकारात्मक सोच, आलस्य और नशे से दूर रहकर अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित होना चाहिए। उन्होंने युवाओं से आत्म विश्वास के साथ आगे बढ़ने और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने 1893 में शिकागो में दिए गए स्वामी विवेकानंद के ऐतिहासिक भाषण का उल्लेख करते हुए कहा कि उस दिन पूरी दुनिया ने भारत की सांस्कृतिक और बौद्धिक शक्ति को पहचाना। आज के युवाओं के पास तकनीक, ज्ञान और प्रतिभा है, जरूरत है तो केवल सही दिशा और राष्ट्र के लिए कुछ करने के संकल्प की। इस अवसर पर यश शर्मा, अमर पवार, वंश, चेतन आदि मौजूद रहे।




## पूर्वी यमुना नहर पटरी पर घाट निर्माण कार्य शुरू

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) जल शक्ति एवं सिंचाई विभाग के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव द्वारा पास किए बजट के बाद शहर के झिंझाना रोड स्थित पूर्वी यमुना नहर पटरी पर घाट के निर्माण का कार्य शुरू हो गया है। यहां घाट बनने के साथ ही सौदर्यकरण का कार्य किया जायेगा और हर शाम गंगा आरती की जायेगी। बुधवार को शहर के झिंझाना रोड़ स्थित पूर्वी यमुना नहर पर चल रहे घाट निर्माण कार्य का भाजपा जिला उपाध्यक्ष मानस संगल ने शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होने निर्माण कार्यो का जायजा लिया। उन्होने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति एव सिचाई विभाग केबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह को पत्र लिखकर झिझाना रोड़ पूर्वी यमुना गंगा नहर के पुल के पास नवरात्र एवं गणेश चतुर्थी के उपरांत उक्त पुल के समीप मूर्ति विसृजन कार्यक्रमों का देखते हुए घाट उपलब्ध कराने की मांग की थी। कैबिनेट मंत्री की संस्तुति पर घाट निर्माण का कार्य प्रारंभ हो गया है। इससे क्षेत्र के लोगों को फायदा पहुंचेगा और गंगा आरती भी की जाया करेगी। सहायक अभियंता मोहित शर्मा ने बताया कि हथनीकुंड बैराग से बागपत सीमा तक पूर्वी यमुना नहर के चौड़ीकरण, क्षतिग्रस्त पूजा घाट, पशु घाट, पैचिंग कार्य, गेट के निर्माण कार्य चल रहे है। शामली के झिंझाना रोड पर यह पूजा घाट अकेला है। इस दौरान अधिशासी अभियंता विवेक वाष्णेय, जेई गौरव कुमार, सभासद निशीकांत संगल, सभासद अनिल उपाध्याय आदि मौजूद रहे।



## सड़क दुर्घटना में मृतक की पत्नी को 40 लाख का एक्सीडेंटल क्लेम सौंपा

समाज जागरण
कांधला।(फुरकान जंग)

विकास खंड क्षेत्र के कस्बा एलम के भारतीय स्टेट बैंक की एलम शाखा द्वारा सड़क दुर्घटना में मृत ट्रक चालक की पत्नी को 40 लाख रुपये का एक्सीडेंटल बीमा क्लेम का चेक प्रदान किया गया।जनपद बागपत के गांव भगवानपुर मौजिजाबाद नागल निवासी हरबीर ट्रक चालक थे। उन्होंने कस्बा एलम स्थित भारतीय स्टेट बैंक में अपना बचत खाता खुलवा रखा था, जिसके साथ एसबीआई जनरल इंश्योरेंस भी लिया हुआ था। 25 मई 2025 को असम राज्य में सड़क दुर्घटना के दौरान हरबीर की मौत हो गई थी।बीमा दावा स्वीकृत होने के बाद बुधवार को एसबीआई एलम शाखा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मृतक की पत्नी सोनी को 40 लाख रुपये का चेक सौंपा गया। इस अवसर पर ब्रांच मैनेजर सुमित कुमार, रीजनल मैनेजर राकेश कुमार, नगर पंचायत अध्यक्ष रीना अश्वनी पंवार, चीफ मैनेजर मिर्नाल सिंह एवं एसबीआई जनरल इंश्योरेंस के एरिया मैनेजर प्रफुल राय मौजूद रहे।ब्रांच मैनेजर सुमित कुमार ने बताया कि मृतक हरबीर ने अपने बचत खाते के साथ एसबीआई जनरल इंश्योरेंस लिया हुआ था, जिसके अंतर्गत दुर्घटना में मृत्यु होने पर 40 लाख रुपये का बीमा लाभ उसकी पत्नी को प्रदान किया गया है।



## सड़क किनारे बेहोशी में मिला वृद्ध, अस्पताल में भर्ती

समाज जागरण
कांधला।(फुरकान जंग)

थाना क्षेत्र के गांव पजोखरा के निकट सड़क किनारे एक व्यक्ति बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बेहोशी की हालत में मिले व्यक्ति को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। सूचना पर घायल के परिजन भी मौके पर पहुंच गए थे।बुधवार की सुबह को राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी कि गांव पजोखरा के निकट सड़क किनारे एक व्यक्ति बेहोशी की हालत में पड़ा है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बेहोशी की हालत में पड़े मिले व्यक्ति को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने बेहोशी की हालत में मिले व्यक्ति की हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है।बेहोशी की हालत में मिले व्यक्ति की पहचान न होने पर पुलिस ने सोशल मीडिया पर फोटो वायरल कर पहचान करने का प्रयास किया। बेहोशी की हालत में मिले व्यक्ति की पहचान इमरान पुत्र इस्लाम निवासी बघरा जनपद मुजफ्फरनगर के रूप में हुई। सूचना पर बेहोशी की हालत में मिले व्यक्ति के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए थे।

## जिला पंचायत के नाम पर अवैध वसूली का आरोप, वीडियो वायरल

समाज जागरण

झिंझाना। जिला पंचायत के नाम पर अवैध वसूली को लेकर एक बार फिर गंभीर आरोप सामने आए हैं। हरियाणा निवासी एक ट्रक चालक ने कुछ युवकों पर लाठी-डंडों के बल पर जबरन वसूली करने का आरोप लगाते हुए सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल किया है।

वायरल वीडियो मेरठ-करनाल हाईवे पर स्थित बिडौली चौकी के पास का बताया जा रहा है, जिसमें कुछ युवक ट्रक चालक से जबरन 200 रुपये की मांग करते हुए दिखाई दे रहे हैं। आरोप है कि रुपये देने से मना करने पर युवकों ने चालक को डराया-धमकाया और लाठी-डंडों का सहारा लिया। पीड़ित ट्रक चालक का कहना है कि जिला पंचायत के नाम पर आए दिन इस तरह की वसूली की जाती है। मना करने पर वाहन चालकों के साथ अभद्रता की जाती है और कई बार मारपीट तक की नौबत आ जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मेरठ-करनाल हाईवे पर जिला पंचायत के नाम से वसूली को लेकर ट्रक चालकों और अन्य वाहन चालकों के साथ अक्सर विवाद होता रहता है। इससे पहले भी कई बार इस मुद्दे को लेकर हंगामा हो चुका है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है। वायरल वीडियो सामने आने के बाद एक बार फिर इस अवैध वसूली पर सवाल खड़े हो गए हैं और कार्रवाई की मांग की जा रही है।

## भगवान श्री परशुराम के मंदिर प्रांगण में भव्य कार्यक्रम का आयोजन

समाज जागरण

शामली। मकर संक्रांति पर्व एवं श्री परशुराम युवा जागृति मंच के स्थापना दिवस के अवसर पर बुधवार को श्री मंदिर हनुमान टीला, हनुमान धाम स्थित भगवान श्री परशुराम के मंदिर प्रांगण में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर मंच के सम्मानित सदस्यों एवं ब्राह्मण समाज के लोगों ने हवन-यज्ञ कर विश्व कल्याण की कामना की। साथ ही संगठन के 9 वर्ष पूर्ण होने पर दसवां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मंच के संस्थापक अध्यक्ष योगेश भारद्वाज ने करते हुए कहा कि आज से नौ वर्ष पूर्व श्री परशुराम युवा जागृति मंच की स्थापना समाज से जुड़े मुद्दों को सामाजिक, राजनीतिक एवं प्रशासनिक स्तर पर उठाने और समाधान कराने के उद्देश्य से की गई थी। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ एवं सम्मानित बंधुओं ने संगठन की सराहना करते हुए उसे निरंतर सहयोग एवं आशीर्वाद देने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में श्री मंदिर हनुमान टीला हनुमान धाम के अध्यक्ष सलिल द्विवेदी, विजय कौशिक, ओमप्रकाश शर्मा, अंकित कौशिक, मनोज शर्मा, अनिल भार्गव, विक्रांत भार्गव, दीपक वशिष्ठ, राजू शर्मा, दीपक शर्मा, महेश शर्मा, आदेश, अरविंद कौशिक, विवेक भारद्वाज, सत्यप्रकाश कौशिक, शिवकुमार शर्मा, श्रीनिवास शर्मा, पुनीत शर्मा उपस्थित रहे।



## विराट हिन्दू सम्मेलन के लिए निकाली गई भव्य फेरी

समाज जागरण

शामली। हिंदू जागरण एवं सामाजिक समरसता के उद्देश्य से केशव बस्ती शामली में आगामी 25 जनवरी को आयोजित होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन के प्रचार-प्रसार के लिए बुधवार को एक भव्य फेरी निकाली गई। फेरी का शुभारंभ गंगा मंदिर से होकर मुरारी वाला कुआं, बड़ा बाजार, छोटी शिव मूर्ति होते हुए पुनः गंगा मंदिर पर संपन्न हुआ। फेरी के दौरान श्रद्धालुओं ने जय श्री राम के जयकारे लगाए।बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोगों ने फेरी में भाग लेकर सम्मेलन के प्रति समर्थन और जागरूकता का संदेश दिया। आयोजकों ने बताया कि यह फेरी 25 जनवरी को होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन के लिए जनसमर्थन जुटाने और हिंदू एकता को सशक्त करने के उद्देश्य से निकाली गई। विराट हिंदू सम्मेलन दोपहर 2 बजे ब्राह्मण धर्मशाला, हलवाईहट्टा में किया जाएगा, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में स्वामी यशवीर उपस्थित रहेंगे। आयोजक समिति ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में सम्मेलन में पहुंचकर धर्म एवं समाज हित में सहयोग करने की अपील की है। संध्या फेरी में प्रवीन संगल, अतुल बंसल, रोबिन गर्ग, अतुल विक्रम कौशिक, राहुल कुमार, दीपक सैनी, चरत गिरी, रचित, 8मोहित कुमार, बिजेंद्र कम्बोज, प्रमोद गर्ग, नीलेश वशिष्ठ, राहुल नामदेव, महेंद्र उपस्थित रहे।



## वीवी पीजी कॉलेज में विश्वविद्यालय सेमेस्टर परीक्षा शांतिपूर्वक सम्पन्न

-बीस परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

समाज जागरण

शामली। शहर के वीवी पीजी कॉलेज में विश्वविद्यालय सेमेस्टर की मुख्य परीक्षा बुधवार को शांतिपूर्वक एवं नकलविहीन माहौल में संपन्न हुई। द्वितीय पाली में आयोजित परीक्षा में पंजीकृत 171 छात्र-छात्राओं में से 20 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे, जबकि शेष विद्यार्थियों ने निर्धारित समय पर परीक्षा दी। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा गठित उड़नदस्ता टीम भी केंद्र पर पहुंची। उड़नदस्ता टीम के समन्वयक डा. श्रीकांत तथा सदस्य डा. धनदेवी मिश्रा और डा. सुधीर कुमार ने परीक्षा कक्षों का निरीक्षण कर छात्र-छात्राओं की सघन जांच की। उन्होंने केंद्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और नकल रोकने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। परीक्षा केंद्र पर डा. भूपेन्द्र कुमार केंद्र अधीक्षक के रूप में मौजूद रहे। उनके साथ सहायक सहयोगी के रूप में डा. बबली, डा. छवि, निर्भर सिंह और धीरेन्द्र कुमार भी तैनात रहे। परीक्षा के दौरान कड़ी निगरानी रखी गई और सभी कक्षों में शांतिपूर्ण वातावरण बना रहा। कॉलेज प्रशासन ने बताया कि परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराई गई, जिससे विद्यार्थियों को बिना किसी बाधा के परीक्षा देने का अवसर मिला।



## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साधारण परिवार को भेजी विवाह की शुभकामनाएं

समाज जागरण कांधला।

ब्लॉक क्षेत्र के गांव सुन्ना में इन दिनों उत्साह और गौरव का वातावरण बना हुआ है। इसका कारण देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गांव के एक साधारण परिवार को भेजा गया विवाह का शुभकामना संदेश है।गांव सुन्ना निवासी एवं आइसक्रीम व्यवसाय से जुड़े योगी रविचन्द्र हुड्डा के पुत्र योगी अभय हुड्डा का विवाह आगामी 4 फरवरी 2026 को आयुष्मति विशाखा, निवासी ग्राम बिड़वी जनपद सहारनपुर के साथ संपन्न होने जा रहा है। इस अवसर पर परिवार की ओर से आदरपूर्वक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विवाह का निमंत्रण पत्र भेजा गया था। निमंत्रण को संज्ञान में लेते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने व्यक्तिगत रूप से पत्र लिखकर परिवार की खुशियों में सहभागिता दर्ज कराई। अपने पत्र में प्रधानमंत्री ने वैवाहिक कार्यक्रम में आमंत्रित करने के लिए परिवार का धन्यवाद व्यक्त किया तथा नवदम्पति को उज्ज्वल भविष्य एवं सुखमय दांपत्य जीवन का आशीर्वाद दिया।बुधवार को दिल्ली से जारी पत्र पर प्रधानमंत्री के हस्ताक्षर देखकर हुड्डा परिवार भावुक हो उठा। परिवार का कहना है कि उन्हें यह कभी उम्मीद नहीं थी कि देश का सर्वोच्च पद पर आसीन व्यक्ति उनके निमंत्रण को इतनी आत्मीयता से स्वीकार करेगा।पत्र के प्राप्त होते ही गांव और परिवार में खुशी का माहौल है।

## कार सवार युवक हजारों रुपए का सामान लेकर फरार

समाज जागरण कांधला।

थाना क्षेत्र के गांव नाला निवासी एक युवक से कार सवार चार युवकों ने हजारों रुपए की शॉपिंग कर ली और स्कैनर में पैसे डालने के बहाने कार लेकर फरार हो गए। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस चारों लोगों की तलाश कर रही है।थाना क्षेत्र के गांव नाला निवासी आबिद पुत्र अजमुद्दीन ने दिल्ली सहारनपुर रोड पर स्थित खाटू श्याम होटल के बाहर जुटे और लोअर टी-शर्ट की सेल लगा रखी है। बुधवार को पुलिस की दुकान पर कार में सवार चार लोग पहुंचे, चारों लोगों ने चार जोड़ी जूते, पांच जोड़ी चप्पल, पांच जोड़ी लोअर और टी शर्ट खरीदी। आरोग्य की तीन युवक सामान लेकर गाड़ी में बैठ गई एक युवा किसके अंदर पर पैसे डालने की बात कहते हुए गाड़ी में बैठ गया। फिर कितने रुपए बार डालने की बात पूछी तो आरोप है कि चारों युवक कार लेकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने चारों लोगों के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार को कहना है कि पीड़ित की तहरीर मिली है। शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

## निमार्णाधीन दीवार तोडने का मामला तीन पर मुकदमा दर्ज

समाज जागरण झिंझाना

क्षेत्र के गांव रोटन में भूमि पर चारदीवारी तोड़ने को लेकर विवाद सामने आया है। हरियाणा के पानीपत निवासी गगनीश भाटिया ने भूमि पर कब्जा करने की नीयत से कुछ लोगों पर दीवार को क्षतिग्रस्त करने का आरोप लगाया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीडित गगनीश भाटिया निवासी पानीपत हरियाणा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने ग्राम रोटन में खसरा संख्या 270, रकबा 28.50 बीघा भूमि क्रय की है। उक्त भूमि पर चारदीवारी के लिए रेडीमेड बाउंड्री का कार्य चल रहा था। आरोप है कि 12 जनवरी 2026 को ग्राम मंसूरा निवासी आलीशान, बैसर मुस्तकीम सहित अन्य लोगों ने उनकी भूमि पर जबरन कब्जा करने की नीयत से निमार्णाधीन दीवार को तोड दिया। पीडित के अनुसार जब उन्होंने विरोध किया तो आरोपियों ने गाली गलौच की और जान से मारने तथा जमीन पर कब्जा कर भगा देने की धमकी दी। दीवार तोडे जाने से उन्हें करीब तीन से चार लाख रुपये की आर्थिक हानि हुई है। पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## दस मिनट में डिलीवरी व्यवस्था पर रोक लगाए जाने को देशभर के व्यापारियों की बड़ी जीत

समाज जागरण

शामली। कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स की पहल पर केंद्र सरकार द्वारा ई-कॉमर्स कंपनियों की 10 मिनट में डिलीवरी व्यवस्था पर रोक लगाए जाने को देशभर के व्यापारियों की बड़ी जीत बताया गया है। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन घनश्याम दास गर्ग ने बताया कि कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद चांदनी चौक प्रवीण खंडेलवाल ने केंद्र सरकार से मांग की थी कि बहुराष्ट्रीय ई-कॉमर्स कंपनियों द्वारा लागू की जा रही 10 मिनट में डिलीवरी की नीति डिलीवरी बॉय की जान के लिए जोखिम भरी है और इससे स्थानीय व्यापारियों का व्यवसाय भी बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। इस मांग को लेकर कैट द्वारा ज्ञापन के माध्यम से लगातार आवाज उठाई गई थी। केंद्र सरकार ने देश के लगभग 8 करोड़ व्यापारियों के सबसे बड़े संगठन कैट की इस मांग को व्यापारियों की सामूहिक आवाज मानते हुए 10 मिनट में डिलीवरी के फरमान पर रोक लगा दी है। कैट ने इसे देश के व्यापारियों की सोच और सुरक्षा की जीत बताया है। इस निर्णय से जहां डिलीवरी बॉय की जान को होने वाले जोखिम पर अंकुश लगेगा, वहीं स्थानीय व्यापारियों को भी अपने कारोबार के लिए राहत मिलेगी। उन्होंने देशभर के व्यापारियों से 1 मई से 4 मई 2026 तक दिल्ली के भारत मंडपम, प्रगति मैदान में आयोजित होने वाले व्यापार महोत्सव 2026 में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान भी किया।

## एकल कन्या अभिभावक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन

समाज जागरण शामली।(फुरकान जंग)

जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान के निदेशों एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी मौहम्मद मुशफेकीन के नेतृत्व में महिला कल्याण विभाग, शामली द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत एकल कन्या अभिभावक सम्मान का आयोजन उत्साहपूर्वक आयुष्मान आरोग्य मंदिर, ग्राम पंचायत टपराना ब्लॉक ऊन में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ऐसे परिवारों का उत्साह बढ़ाना जिनके परिवार में सिर्फ एक बालिका ने जन्म लिया हो। समाज की ऐसे भ्रांतियों को दूर करना जहां बालिकाओं के जन्म को उत्साह से न मनाया जाता हो। परिवार को बालिका की शिक्षा व स्वास्थ्य के लिए जागरूक करना जिससे वह बालक व बालिका में भेदभाव न करें।एकल कन्या अभिभावक सम्मान में 05 ऐसे परिवारों को उपहार देकर सम्मानित किया गया जिन परिवारों में सिर्फ एक बालिका ने जन्म लिया है। इनमें कुमारी वर्णिका पुत्री शालू व विपिन, कुमारी अविका पुत्री सविता व आदेश, कुमारी जोया खान पुत्री जुबैदा व शाहजेब, कुमारी गौरी पुत्री सोनी व सचिन एवं कुमारी जुनैरा खान पुत्री फराह व जुबैर उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता आयुष्मान आरोग्य मंदिर की सीएचओ गुलिस्ता द्वारा की गई। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत टपराना के स्थानीय परिवारों के साथ क्षेत्र की महिलाएं भी मौजूद रही।जिला कार्यक्रम कोओर्डिनेट सदफ खान ने बालिकाओ की शिक्षा पर प्रकाश डालते हुए बताया की आज कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है, जिसमें महिलाओं का बोलबाल नहीं। सेना हो या कोई भी नीजि क्षेत्र सब जगह महिलाएं अपनी भूमिका को बाखूबी निभा रही हैं। उन्होने महिलाओं और बालिकाओं से जुड़ी योजनाओं के बारे में जानकारी देते मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना का लाभ परिवार में बालिकाओं को दिलाए जाने का अनुरूध किया। यह लाभ छह किस्तों में पच्चीस हजार रुपए के रूप में दिया जाता है। वहीं मुख्यमंत्री निराश्रित महिला पेंशन योजना के तहत विधवा महिला को एक हजार रुपए का लाभ प्रतिमाह दिया जाता है।जेंडर स्पेशलिस्ट कुलदीप शर्मा द्वारा बालिकाओं बालिकाओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत उपस्थित लोगों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। बाल सेवा योजना सामान्य/ कॉविड, स्पॉन्सरशिप योजना, वन स्टाप केंद्र में संचालित सुविधाओं की जानकारी, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन की जानकारी, विभाग द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबर जैसे 1098, 102, 108, 112, 181, 1090, 1076 की जानकारी विस्तृत रूप से दी गई। इस कार्यक्रम में अनेक आशाएं बहने व महिलाएं उपस्थित रही। कार्यक्रम का समापन फ्रुटी देकर किया गया।

# बारात की बस खाई में पलटी, मौके पर पहुँची 108 एम्बुलेन्स सेवा

**समाज जागरण**

बिजनौर। प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही एम्बुलेंस सेवा मंगलवार को जीवनरक्षक साबित हुई। सरकारी 108 एवं 102 एम्बुलेंस सेवा ने बचाई 44 जान। एम्बुलेंस संचालक संस्था ईएमआरआई के प्रोग्राम मैनेजर राजन कुमार ने बताया कि सोमवार की रात्रि करीब दस बजे मंडावर-किरतपुर रोड पर बहादरपुर गाँव के पास बारातियो से भरी खाई में गिरने की सूचना प्राप्त हुई। जो मोहम्मदपुर देवमल ब्लॉक में सुल्ता नपुर (रामजीवाला) गाँव के पास शादी की रश्म पूरी करके अपने निवास गाँव बढ़ापुर को ओर वापस लौट रहे थे। जिसमे सूचना मिलते तत्परता से




ग्यारह एम्बुलेंस मौके पर पहुँची तो एम्बुलेंस स्टाफ ने मालन-नदी पुल के पास बारातियो से भरी बस खाई पलटी हुई देखते ही , सभी घायलों बारातियों को सरकारी 108 एवं 102 एम्बुलेंस एम्बुलेंस के माध्यम से नजदीकी सामुदायिक केन्द्र किरतपुर में सुरक्षित भर्ती कराया। जब एम्बुलेंस स्टाफ सभी घायलों को अस्तपाल लेकर पहुँचे तो अस्पताल डॉ, स्टाफ ने सभी घायलों की जाँच करते हुये , 108 एवं 102 एम्बुलेंस कर्मचारियों की समझदारी और कार्यकुशलता की सराहना की। जिसमे दो घायलों को जिला चिकित्सालय रेफेर कर दिया। उन दोनो रेफेर घायलों को भी 108 एम्बुलेंस के माध्यम से सुरक्षित जिला चिकित्सालय बिजनौर मे भर्ती कराया गया।

# लोहड़ी के शुभ अवसर पर हुआ निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**समाज जागरण बागपत।**

डॉ बख्शी गुप्ता आई केयर सेंटर चंडीगढ़ के सहयोग से होप आई केयर क्लिनिक द्वारा होप हॉस्पिटल परिसर पानीपत में लोहड़ी के पावन अवसर पर निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। निःशुल्क नेत्र जांच शिविर के दौरान 100 से अधिक मरीजों की आंखों की जांच की गई। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ कविता काइला एवं डॉ नीरज गुप्ता ने मरीजों की विस्तृत जांच की। इस दौरान जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क चश्मे का नंबर भी बताया गया। आयोजन को सफल बनाने में डॉ. अजय जगलान (होप हॉस्पिटल) का विशेष सहयोग रहा।



शिविर का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद और आमजन को सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण नेत्र स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना था। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर समाज के हर वर्ग के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होते हैं। स्थानीय नागरिकों ने इस सराहनीय पहल के लिए आयोजन से जुड़े सभी चिकित्सकों एवं स्टाफ का आभार व्यक्त किया। यह निःशुल्क नेत्र जांच शिविर होप आई केयर क्लिनिक, हुडा सेक्टर-18, पानीपत में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# मकर संक्रांति पर्व पर गरीबों को कंबल बांटे

**समाज जागरण बड़ौत।**

मकर संक्रांति पर्व पर नगर के जैन स्थानकवासी शहर में चन्दनबाला बहू मंडल के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित हुआ। पर्व के महत्व और रीति-रिवाजों, परम्पराओं को युवा पीढ़ी तक पहुँचाने के लिए अभियान शुरू करने का निर्णय लिया गया। मकर सक्रांति पर्व पर आयोजित इस कार्यक्रम में मंडल की काफी संख्या में महिला सदस्यों ने हिस्सा लिया। संगोष्ठी में रितिका जैन का कहना था कि पर्व-त्यौहार हमें एकता के सूत्र में बांधने के साथ ही हमारे सामाजिक सौहार्द को मजबूती प्रदान करते हैं। नागरिकों के मन में देशप्रेम व मित्रता का भाव जगाते हैं। हमारे त्यौहार हमारी भारतीय सांस्कृतिक परंपरा व भारतीय सभ्यता के प्रतीक हैं। ये त्यौहार हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं। इन पर्वों व त्यौहारों के माध्यम से हमारी संस्कृति की वास्तविक



पहचान होती है। अध्यक्षा रुचि जैन का कहना था कि युवा पीढ़ी परंपराओं, पर्व-त्योहारों से दूर हो रही हैं। अब संगठन ने निर्णय लिया है कि घर-घर जाकर युवा पीढ़ी को जागरुक किया जाएगा। आयोजन के दौरान गरीब, असहाय, वृद्ध एवं जरूरतमंद लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से कंबल वितरित किए गए। साथ ही पर्व की खुशियों को साझा करते हुए तिल के लड्डुओं का भी वितरण किया गया। अतिथियों ने सेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक समरसता और मानवीय संवेदनाओं को मजबूत करते हैं। आयोजन के दौरान महामंत्री शिल्पी जैन, विधि जैन, श्वेता जैन, ईशा जैन, अर्पिता जैन, इंदु, नेहा, स्वाति आदि मौजूद रहे।

# गौशाला में मकर संक्रांति धूमधाम से मनाई

**समाज जागरण**

बड़ौत। लुहारी गांव की गौशाला में मकर संक्रांति धूमधाम के साथ मनाई गई गौशाला मे गौ माता के पैर छूकर गौ माता का आशीर्वाद ग्राम वासियों ने प्राप्त किया। लुहारी गांव में गौशाला लगभग 150 वर्ष पूर्व में बनवाई थी। गौमाताओं ग्राम वासियों ने गाजर से बना हलवा खिलाकर मकर संक्रांति का त्यौहार परंपरा के अनुसार मनाया। गांव में सभी लोगों को गाजर के हलवे का प्रसाद वितरण किया। इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी भारतीय किसान यूनियन प्रधान के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव संजीव दांगी लुहारी ने बताया कि



मकर संक्रांति पर ग्राम वासियों ने भारी संख्या में गौशाला में दान दिया। इस मौके पर ग्राम प्रधान कपिल चौधरी, गौशाला के महाराज सिंह, प्रमोद मास्टर, वीरेंद्र सिंह, संजीव आर्य, अमित कुमार, रविंद्र आर्य, नरेंद्र पहलवान, गुलाब, राजीव, चौधरी मनोज दांगी, चौधरी बबलू, चौधरी रोहित, हरेंद्र, सतेंद्र सिंह, मोनू चौधरी, मोहित, सनी, मांगेराम, रामपाल सिंह, अर्जुन, नीरज, योगेश चौधरी, भारत, निर्मल सिंह, महेंद्री देवी, राखी, नीलम, सुषमा, सरोज के अलावा भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने मकर संक्रांति के कार्यक्रम में भाग लिया।

# आवारा कुत्ते को पकड़वाने की मांग

**समाज जागरण**

बड़ौत। नगर की मुख्य बाजार सब्जी मंडी मे एक कुतिया, कुत्ता पागलो की तरह घूमता हुआ रहता है। जो दर्जनों लोगों को अब तक काट चुका है। कई बार सब्जी मंडी में रहने वाले व्यापारियों ने इन दोनों कुत्ते कुतियो पकड़वाने की मांग। नगर पालिका परिषद से ज्ञापन देकर की है। मगर आज तक भी नगर पालिका की तरफ से आश्वासन के अलावा कुछ भरोसा नहीं मिला। नहीं अब तक दोनो जानवर पकड़े नहीं गए। उन्होंने नगर पालिका परिषद से इन कुत्तों को पकड़वाने की मांग की है। सब्जी मंडी के व्यापारियों का कहना है कि अगर इन पागल कुत्तों को नहीं पकड़ा गया तो नगर पालिका परिषद में धरना दिया जाएगा। कासिम सलमानी, हरबीरी,टिंकू, आसमा, जुनैद फरीदी, शिल्पा, जॉनी, नसीम, सब्जी मंडी के व्यापारियों को पागल कुत्ते ने काटकर आदि दर्जनों लोगों को घायल कर दिया।

इन सभी लोगों ने पागल कुत्तों को पकड़वाने की मांग की है। सब्जी मंडी के व्यापारियों ने बताया कि सुबह सवेरे रोजाना जब अपनी सब्जी की दुकान खोलते है। तो सब्जी मंडी में कुत्तों की लाइन लगी रहती है रात के समय में कुत्ते सब्जी मंडी में सो जाते है। सुबह उठते ही जब व्यापारी अपनी सब्जी की दुकान खोलते है तो कुत्ते उन पर हमला कर देते हैं।

# राहगीरो को चाय पिलाई

**समाज जागरण बागपत।**

सारथी वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वावधान में मकर संक्रांति के पर पत्थर वाली मंडी के बाहर मजदूर पुल के पास जरूरतमंद एवं राहगीरो के लिए चाय एवं नाश्ते का वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कड़कती सर्दी के बीच इस सेवा कार्य ने लोगों को न केवल गर्माहट दी बल्कि मानवता और सेवा भावी होने का संदेश भी दिया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में राहगीरों और मजदूरों ने चाय एवं नाश्ते का भरपूर आनंद लिया तथा इस नेक पहल की दिल से सराहना की। इस सेवा कार्य मे विकास गुप्ता अध्यक्ष, सत्यम जैन, अंशिका जैन, सुदिती जैन, सुनील सैनी, अनिल अरोड़ा, कार्तिक



धीमान, सुशील कुमार, विनायक वशिष्ठ, अंकित नैन वन्दना गुप्ता सहित फाउंडेशन के सभी सदस्यों की सक्रिय उपस्थिति एवं पूर्ण सहयोग रहा। सभी सदस्यों ने सेवा भावना के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सारथी वेलफेयर फाउंडेशन संस्था के द्वारा समय-समय पर इस सामाजिक कार्यक्रम किए जाते है। ताकि समाजिक और समाज के देखते हुए लोगों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए संस्था द्वारा सभी के सहयोग से सेवा की जाती है।

# स्वामी विवेकानंद की स्मृति में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया

**समाज जागरण छपरौली।**

क्षेत्र के गाँव ककौर कला की कन्या पाठशाला में संचालित एकल विद्या लय ग्राम समिति द्वारा स्वामी विवेका नंद की स्मृति में राष्ट्रीय युवा दिवस के नाम विचार गोष्ठी आयोजित की गयी। इस विचार गोष्ठी में युवाओं व एकल विद्यालय ग्राम समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों सहित क्षेत्र के प्रबुद्ध व्यक्तियों ने भाग लिया। गोष्ठी में आमन्त्रित सभी अतिथियों को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने स्वामी विवेकानंद के जीवन चरित्र एवं राष्ट्र निर्माण में



युवाओं की भागीदारी में युवाओं के योगदान पर प्रकाश डाला गया। एकल विद्यालय के आचार्य रवि कुमार उपाध्याय ने कहा हम शिक्षा और संस्कारों के साथ सनातन की रक्षा के लिए कार्य कर रहे है। जो समाज व राष्ट्र के निर्माण के लिए अत्यंत आवश्यक है। डॉक्टर जय कुमार सरोहा ने कहा उठो जागो और तब तक न रूको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाये। स्वामी जी का यह वाक्य युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। डॉ. आर. आर.डी. उपाध्याय ने कहा स्वामी विवेकानंद ने अन्तराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय संस्कृति को जो पहचान दी; उसके परिणाम आज देखे जा रहे है। हमें गोबर व सपेरों का देश कहने वाले विदेशी ऑगनिक, हर्बल, योग, आयुर्वेद व प्रकृति चिकित्सा का अनुसरण कर रहे है। इस अवसर पर रचना देवी, आचार्य वर्षा शर्मा, काजल शर्मा, कुमारी प्रीति, त्रिशा, आंचल, शिवानी, रीना, धनपाल, अरविंद चंदेल, चंद्रपाल, राजीव शर्मा, डॉ. आर. आर. डी. उपाध्याय, उपेंद्र वशिष्ठ, आचार्य रवि कुमार, योगेंद्र सरोहा, डॉ. जयकुमार सरोहा, अमित हुड्डा अंकित उपाध्याय, डॉक्टर यशवीर उपाध्याय, मास्टर विक्रांत तोमर, ग्राम प्रधान सचिन सरोहा, डॉक्टर दिव्यांशु, आकाश उपाध्याय, अनिरुद्ध सरोहा, प्रदीप पांचाल रामपाल उपाध्याय, नरेंद्र मुखिया, सोनू ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

# एडुग्लोरी फाउंडेशन ने किया नशा मुक्त समाज संकल्प कार्यक्रम का भव्य आयोजन

**समाज जागरण बागपत।**

हिसावदा गांव में एडुग्लोरी फाउंडेशन के तत्वावधान में नशा मुक्त समाज सामूहिक जिम्मेदारी-साझा संकल्प कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पूरन सिंह ने कहा कि नशा समाज में एक कोढ़ है, जिसका इलाज बहुत जरूरी है। समाज में वह ताकत है जो किसी भी बुराई को समाप्त कर सकता है। जागरुकता अभियानों के द्वारा नशे जैसी बुराई को समाप्त




किया जा सकता है। सरकार भी ठेके खोलने बंद करे एवं विद्यालयों पर ध्यान दे। माता- पिता को भी संस्कारयुक्त जीवन जीना चाहिए, जिससे बच्चें उनका अनुसरण करें। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने नशा मुक्त समाज के लिए हस्ताक्षर कर नशा न करने का संकल्प लिया। ललित राणा प्रवक्ता ने कहा कि युवा पीढ़ी को संभालने की जरूरत है। चुनावों में शराब बांटी जाती है, जिससे युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में आती है। ठेके बंद होने चाहिए, इससे काफी सुधार होगा। एडवोकेट सोमेंद्र ढाका ने कहा कि अपराध बढ़ रहे हैं, जिसका कारण नशा है। वैवाहिक जीवन खत्म हो रहा है नशे के कारण। अच्छे लोगों के निष्क्रिय होने के कारण नशा बढ़ रहा है। नशा मुक्त समाज बनाने की जरूरत है। संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनु मलिक ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। अध्यक्षता स्वामी कृष्ण विश्रुतपाणी जी महाराज तथा संचालन कार्यक्रम के संयोजक अरुण मलिक ने किया। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध समाजसेवी दिनेश जैन सराय वाले, विकास मलिक, विनय ढाका, अनुज मलिक, दीपक शर्मा, परवेज अहमद, नवीन मलिक, आर्यन, चैतन्य, विहान, चितवन सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# नेपाल के मरीज की रीढ़ की हड्डी का सफल ऑपरेशन बड़ौत मेडिसिटी हॉस्पिटल में

**समाज जागरण बड़ौत।**

नगर के मेडिसिटी हॉस्पिटल में नेपाल निवासी कृष्ण पुत्र धनीराम अपनी पीठ के दर्द के कारण बहुत परेशान था, चल फिर नहीं पाता था। उसका यह दर्द प्रतिदिन बढ़ता जा रहा था। कई चिकित्सकों को दिखाया परंतु उसे कोई आराम नहीं आया। फिर उन्होंने बड़ौत मेडिसिटी हॉस्पिटल के हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अखिलेश कुमार को दिखाया। आवश्यक जांच एवं एक्स रे के बाद डॉक्टर अखिलेश ने बताया कि आपको रीढ़ की हड्डी में टीबी हो गया है एवं L2-L3 मे खराबी है। इसके इलाज के लिए आपको ऑपरेशन कराना पड़ेगा। सभी जानकारी मिलने के बाद कृष्ण ने अपने ऑपरेशन की स्वीकृति दी। उनका ऑपरेशन बड़ौत मेडिसिटी हॉस्पिटल में हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अखिलेश कुमार एवं न्यूरो सर्जन डॉक्टर योगेंद्र सिंह की संयुक्त टीम ने 10 जनवरी को



किया। उनका लेमिनेकटमी ऑपरेशन किया गया एवं रीड की हड्डी में पेच एवं रोड डाली गई। ऑपरेशन लगभग 3 घंटे चला एवं सफल रहा। सर्जन डॉक्टर अखिलेश कुमार ने बताया कि मरीज अब स्वस्थ है एवं उसे 14 जनवरी से चलाना शुरू कर दिया। सफल ऑपरेशन के बाद चिकित्सक उत्साहित है एवं भविष्य में सभी रीड की हड्डी के ऑपरेशन करने में समर्थ है। बड़ौत मेडिसिटी हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ मनीष तोमर ने बताया की न्यूरोसर्जन एवं स्पाइन सर्जन की पूरी टीम बड़ौत मेडिसिटी हॉस्पिटल में मौजूद है एवं क्षेत्र के लोगो को रीढ़ की हड्डी की परेशानियो के लिए मेरठ दिल्ली जाने की जरूरत नहीं है।

कम दरों में इलाज संभव है एवं विभिन्न पैनल इसीएचसी, इएसआई आयुष्मान भारत, यूपी सरकार की पंडित दीनदयाल कैशलेस चिकित्सा योजना में निशुल्क इलाज किया जाता है।

# श्री अग्रसेन धाम कुंडली माता महालक्ष्मी वरदान का सिद्ध शक्तिपीठ : सुरेश गर्ग

**समाज जागरण बागपत।**

श्री अग्रसेन धाम कुंडली के पवित्र प्रांगन में अग्रकेसरी महारत्न सुप्रसिद्ध समाजसेवी एवं पुरानी अनाज मंडी नरेला के प्रधान सुरेश गर्ग जी धाम पर मत्था टेकने हेतु पधारे। उन्होंने गौ माता को गुड़ चारा देकर उन्हें प्रणाम किया। माता महालक्ष्मी व सालासर श्री बालाजी महाराज की पावन ज्योति के दर्शन किए व अनेक प्रकार के प्रसाद अर्पण किए व अरदास लगाई। धाम पर चल रहे भव्य निर्माण कार्य में लगें सभी मेहनतकश लोगों को कंबल, रेवड़ी मूंगफली बांटकर मक्कर संकरांती की शुभकामनाएं दी। पूज्य ब्रहामण जी का शौल उड़ाकर व दक्षणा भेंट करके सम्मान किया। धाम के राष्ट्रीय सिनियर वाईस चेयरमैन टीकाराम




मितल व अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने धाम पर पहुंचे हुए समाज के कर्णधारों का स्वागत अभिनंदन किया। श्री अग्रवाल ने बताया कि सुरेश गर्ग धर्म समाज व राष्ट्र की सेवा एवं प्रचार के मुख्य सूत्रधार है। उनकी जन सेवाएं एवं धर्म के प्रति आस्था समाज के अनेक लोगों को प्रेरणा देती है, उन्होंने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि श्री अग्रसेन धाम के इस पुनीत कार्य में हमें अग्र केसरी महारत्न के रूप में उनका नेतृत्व प्राप्त हुआ है और उन्होंने संकल्प लिया है कि बहुत ही जल्द समाज के बहुत से गणमान्य व्यक्ति अपनी अनुदान सेवा के साथ श्री अग्रसेन धाम कुंडली के सूत्रधार बनेंगे। सुरेश गर्ग के साथ विशेष रूप से पधारे समाजसेवी मुनीष जिंदल व अजय गर्ग ने सपत्नीक श्री अग्रसेन धाम कुंडली के संस्थापक ट्रस्टी बनकर सहयोग अर्पण किया। इस अवसर पर अग्र केसरी महारत्न सुरेश गर्ग ने कहा कि वह माता महालक्ष्मी महाराजा अग्रसेन जी का कोटि-कोटि वंदन व आभार करते हैं कि उनके आशीर्वाद से वो इस पवित्र धरोहर के सहयोगी बन पाए। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि वह निरंतर धाम के इस पुनीत कार्य में सहयोग करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि आज श्री अग्रसेन धाम कुंडली में माता महालक्ष्मी जी के श्री चरणों में नतमस्तक होकर उन्होंने भरपूर आशीर्वाद प्राप्त किया है व उन्हें अनुभूति हुई है कि यह एक ऐसा शक्तिपीठ है जो भी भक्त यहां आकर पूरी श्रद्धा भाव के साथ माथा टेकेगा उसकी समस्त मनोकामना संपूर्ण होंगी व हम अपने परिवार की सुख समृद्धि एवं सफलता का भरपूर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। इस अवसर पर धाम के राष्ट्रीय महामंत्री अनिल गोयल राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष दीपक मंगला अग्रकेसरी न्यूज के संपादक जितेंद्र सिंघल सीनियर वाइस चेयरमैन टीकाराम मित्तल व कई महानुभाव शामिल हुए।

# विद्यार्थियों को आचरण , योग एवं खेलकूद के महत्व पर मार्गदर्शन किया

**समाज जागरण**

बागपत। हिमाचल प्रदेश से पधारे ब्रह्मूर्ति योगतीर्थ देवव्रत ने गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में आयोजित विशेष कार्यक्रम के दौरान समस्त शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को आचरण, योग एवं खेलकूद के महत्व पर विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों, अनुशासन एवं स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना रहा। अपने संबोधन में योगतीर्थ देवव्रत ने कहा कि आचरण सर्वोपरि है। शिक्षक का व्यवहार, सोच और दिनचर्या ही बच्चों के चरित्र निर्माण की नींव रखती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिक्षक केवल विषय पढ़ाने वाला



नहीं, बल्कि समाज का मार्गदर्शक होता है, इसलिए उसका आचरण आदर्श होना चाहिए। शिक्षक यदि स्वयं अनुशासन, संयम और सकारा त्मक सोच को अपनाएगा, तो वही संस्कार स्वतः विद्यार्थियों में भी विकसित होंगे। उन्होंने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक शांति, एकाग्रता और आत्मसंयम भी प्रदान करता है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में बच्चों और शिक्षको दोनों के लिए योग अत्यंत आवश्यक है। नियमित योग अभ्यास से तनाव कम होता है और कार्यक्षमता में वृद्धि होती है। इसके साथ ही योगतीर्थ देवव्रत ने बच्चों में खेलकूद की भावना जागृत करने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि खेलकूद से बच्चों का शारीरिक विकास तो होता ही है, साथ ही उनमें टीम भावना, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, अनुशासन और प्रतिस्पर्धा की सकारात्मक सोच भी विकसित होती है। उन्होंने विद्यालयों से आह्वान किया कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल गतिविधियों को भी समान महत्व दिया जाए। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने योग, नैतिक शिक्षा और खेलकूद से संबंधित विषयों पर संवाद किया। शिक्षकों ने इस सत्र को अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायी बताया। विद्यालय प्रबंधक डॉ अनिल आर्य ने योगतीर्थ देवव्रत का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और विद्यालय के शैक्षिक वातावरण को नई दिशा प्रदान करते है। इस अवसर पर निदेशक डॉ सुनील आर्य, एडवोकेट कुणाल आर्य, प्रधानाचार्य पवन त्यागी, उप प्रधानाचार्य डॉ सुशील वत्स आदि उपस्थित रहे।

# वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने फरीदाबाद नगर निगम द्वारा रख-रखाव किए गए सड़क खंडों का निरीक्षण किया

सड़क की धूल और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन संबंधी समस्याओं को कम करने के लिए लक्षित सुधारात्मक उपाय एनसीआर और आसपास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) के तहत अपने गहन प्रवर्तन के हिस्से के रूप में फरीदाबाद नगर निगम (एमसीएफ) द्वारा रखरखाव किए गए सड़क खंडों और सड़क धूल शमन उपायों का आकलन करने के लिए 13 जनवरी, 2026 को हरियाणा के फरीदाबाद में एक निरीक्षण अभियान चलाया। यह निरीक्षण ऑपरेशन क्लीन एयर के तहत सड़क सफाई और झाड़ू लगाने के उपायों के जमीनी स्तर पर कार्यान्वयन का आकलन करने और धूल, नगरपालिका ठोस अपशिष्ट संचय और संबंधित समस्याओं से ग्रस्त स्थानों की पहचान करने के लिए किया गया था। निरीक्षण के लिए हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एचएसपीसीबी) और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अधिकारियों सहित कुल 9 टीमें तैनात की गईं। टीमों ने 127 सड़क खंडों का निरीक्षण किया और समेकित निरीक्षण रिपोर्ट के हिस्से के रूप में निरीक्षण के दौरान एकत्र किए गए भू-टैग और समय-मुहर लगे फोटोग्राफिक साक्ष्य आयोग को प्रस्तुत किए। निरीक्षण के निष्कर्षों से पता चला कि सड़क के कई हिस्सों में धूल का स्तर कम या न के बराबर था, लेकिन कुछ हिस्सों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। निरीक्षण किए गए कुल हिस्सों में से 17 में धूल का स्तर अधिक और 25 में मध्यम पाया गया, जबकि 66 हिस्सों में धूल का स्तर कम था और 19 हिस्सों में धूल बिल्कुल नहीं थी। अधिक धूल वाले हिस्से कई मामलों में ठोस अपशिष्ट (एमएसडब्ल्यू) और निर्माण एवं विध्वंस (सीएंडडी) कचरे के जमाव से संबंधित थे, विशेष रूप से प्रमुख गलियारों, चौराहों और सेवा सड़कों के किनारे खुले में कचरा जलाने के छिटपुट मामले भी देखे गए। आयोग ने चिन्हित प्रदूषणकारी क्षेत्रों में तत्काल और निरंतर सुधारात्मक कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया, जिसमें गहन सफाई, नियमित जल छिड़काव, ठोस अपशिष्ट और निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट का शीघ्र संग्रहण और वैज्ञानिक निपटान तथा अपशिष्ट डंपिंग और खुले में जलाने से रोकने के लिए सख्त प्रवर्तन शामिल है। एमसीएफ को निगरानी तंत्र को मजबूत करने और धूल के पुनः संचय को रोकने के लिए सभी सड़क खंडों पर धूल नियंत्रण उपायों के एकसमान कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने की सलाह दी गई है। 'ऑपरेशन क्लीन एयर' के तहत निरीक्षण और प्रवर्तन अभियान पूरे क्षेत्र में नियमित रूप से जारी रहेंगे ताकि वैधानिक निर्देशों और जीआरएपी प्रवर्तन उपायों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके। सीएक्यूएम पूरे क्षेत्र में स्वच्छ, धूलरहित और सुव्यवस्थित सड़क अवसंरचना सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय में काम करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराता है।

# कानपुर में पकड़ा गया गर्भवती पत्नी और बच्चे का हत्यारा ,घटना के बाद हुआ था फरार

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**

कानपुर। शराब के नशे में गर्भवती पत्नी और ढाई साल के बेटे को बांके से काट कर हत्या करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर आज जेल भेज दिया। घटना बीते रविवार रात 9 बजे घाटमपुर कोतवाली के गोपालपुर के मजरा सदेर्पुर में हुई थी। जिसके बाद आरोपी फरार चल रहा था। उसकी तलाश में तीन पुलिस टीमें लगाई गई थीं। प्राप्त विवरण के मुताबिक सदेर्पुर निवासी सुरेंद्र यादव उर्फ स्वामी (35) ट्रक में खलासी का काम करता था। सुरेंद्र तीन भाइयों में सबसे छोटा था। सभी भाई अलग-अलग रहते हैं। सुरेंद्र की शादी 2021 में फतेहपुर के गौरा चुरियारा निवासी रूबी (32) से हुई



थी। भाई पप्पू ने बताया-शराब की लत और रोज-रोज के झगड़े के चलते उसका परिवार बिखर गया। भाइयों में बंटवारा हो गया। डीसीपी दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया-शुरूआती जांच में सामने आया था कि बीते रविवार रात करीब 9 बजे सुरेन्द्र शराब पीकर घर पहुंचा। इस पर पत्नी रूबी ने विरोध किया तो दोनों में झगड़ा हो गया। गुस्साए सुरेंद्र ने बांके से पत्नी के गले पर और ढाई साल के बेटे लवांश के सिर पर कई वार कर उनकी हत्या कर दी। वारदात के बाद मौके से भाग निकला। देर रात भाई पप्पू घर पहुंचा तो दोनों के शव खून से लथपथ पड़े मिले। फिर पप्पू ने ही पुलिस को सूचना दी। पुलिस पहुंची तो मां-बेटे के शव अगल बगल पड़े थे। कमरे में खून बिखरा था। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज कर पुलिस फरार होने के चलते उसकी तलाश लगातार कर रही थी।

# गरीबों ,जरूरतमंदों की सेवा भगवान की सेवा के समान

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। गरीबों ,असहायों ,जरूरतमंदों की सेवा भगवान की सेवा के समान होती है।हर लोगों को उनकी सेवा कर पुण्य का भागी बनना चाहिये। उक्त बातें हरहुआ विकास खण्ड के बेलवरिया ग्राम पंचायत में जनकल्याण



समिति द्वारा पानी टँकी के पास आयोजित कम्बल वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि रविन्द्र यादव प्रधान मुर्दहा ने अपने सम्बोधन में व्यक्त किया।
जनकल्याण समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार पटेल ने कहा कि भीषण ठंड व गलन में गरीबों का सहारा बनना समय की जरूरत है। जो भी गरीबों को कम्बल मिला उनका चेहरा खिल उठा।
महामन्त्री यादवेंद्र सिंह यादव ने कहा कि गरीबों के ही अंदर भगवान वास करते हैं हर सक्षम व्यक्ति उनकी सेवा करे।
कम्बल वितरण समारोह मेंआस -पास गांवों के गरीबों ,असहायों व जरूरतमन्दों में सैकड़ों कम्बल वितरित किया गया।
कम्बल वितरण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रामकुमार यादव जिलासचिव सपा, राजेश पटेल वरिष्ठ नेता अपना दल,रामधनी पटेल,परितोष कुमार यादव, अध्यक्ष मनोज कुमार पटेल, श्रीमती बन्दना देवी, कोषाध्यक्ष प्रेमशीला, श्रीमती रुचि यादव, दीवाकर त्रिपाठी सहित कई जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# काशी में पुरोहित प्रबोधन सम्मलेन का हुआ आयोजन

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी।। काशी ब्रह्मर्षि परिषद के तत्वावधान में बुधवार को पुरोहित प्रबोधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते दिनेश नारायण सिंह ने कहा कि पुरोहित समाज सनातन संस्कृति के धर्म पथ पर



चलने का रास्ता दिखाते हैं। सनातन संस्कृति के मजबूत करने में इस समाज का बड़ा ही महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि हिन्दू समाज में विधर्मी का प्रवेश सनातन संस्कृति को समाप्त करने का प्रयास कर रहा है। इससे समाज को पुरोहित ही बचा सकते हैं।
ज्योतिषाचार्य डॉ शीतला प्रसाद त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि सनातन संस्कृति को अगर बचाना है तो पुरोहितवृंद को आगे आना होगा। पुरोहित अपने समाज के सभी वृंद को आगे लाएं ताकि भारत पुनः विश्वगुरू के रूप में अपनी प्रतिष्ठा पर कायम कर सके। भारतीय सनातन संस्कृति में अगर समाज सक्रिय हो जाए तो कोई इसे कोई क्षति नहीं पहुंचा सकता।

# 1.8 किलो चाइनीज माझा पुलिस ने किया जब्त

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। जंसा पुलिस ने प्रतिबंधित चाइनीज मांझा की बिक्री के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने बडौरा बाजार से 1 किलो 800 ग्राम अवैध चाइनीज मांझा बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने बडौरा बाजार में छापेमारी की। इस दौरान आशीष कुमार (लगभग 25 वर्ष), पुत्र प्रकाश, निवासी ग्राम बडौरा, थाना जंसा, जनपद वाराणसी को गिरफ्तार किया गया।तलाशी के दौरान आरोपी की दुकान से एक झोले में रखे 22 पैकेट, 31 छोटे रोल, 13 मीडियम रोल और 1 बड़े रोल सहित कुल 1 किलो 800 ग्राम प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बरामद हुआ। यह मांझा मानव जीवन के लिए अत्यंत घातक एवं जोखिमपूर्ण माना जाता है।थाना प्रभारी जंसा अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि जनहित और सार्वजनिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रतिबंधित चाइनीज मांझा के खिलाफ आगे भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।उन्होंने आमजन से अपील की कि दोपहिया वाहन चलाते समय मानक हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें। साथ ही, चाइनीज मांझा से होने वाली दुर्घटनाओं से बचाव के लिए गले की सुरक्षा हेतु मफलर, स्कार्फ या अन्य सुरक्षात्मक वस्त्र पहनें। सतर्कता और सावधानी ही जीवन की सुरक्षा का सबसे बड़ा उपाय है।

# अर्पित सेवा संस्थान द्वारा कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**समाज जागरण ओंकार नाथ चौधरी**

ग्राम पंचायत - चितईपुर में अर्पित सेवा संस्थान श्रावस्ती द्वारा गरीब असहाय





महिला पुरूषों को कम्बल वितरित किया गया। इस अवसर पर डी० डी०एम० नाबार्ड श्रावस्ती श्री अनुज कुमार अर्पित सेवा संस्थान के सचिव श्री अवधेश कुमार शर्मा व समाज सेवी साकेत कुमार शर्मा ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्य भुषैली यादव आदि मौजूद रहे।

# गरीबों की सेवा भगवान की सेवा के समान, मिलता है पुण्य लाभ

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। भीषण ठंड ,गलन व शीतलहरी में सक्षम व्यक्ति सेवा का धर्म निभाये गरीबों,जरूरतमन्दों व असहायों की सेवा करना भगवान की सेवा के समान होता है,वहीं पुण्य लाभ मिलता है।



भीषण ठंड के बीच गरीबों, असहायों व जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत घमहापुर द्वारा ग्राम सचिवालय पर आयोजित कम्बल वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष अखंड प्रताप सिंह ने कम्बल वितरण के पश्चात अपने सम्बोधन में व्यक्त किया। अध्यक्षता करते हुए ग्राम प्रधान घमहापुर पवन कुमार सिंह ने कहा कि सेवा धर्म निभाते हुए 200 कंबल वृद्धों, गरीबों, दिव्यांगों एवं निराश्रितों में वितरित उनका आशीर्वाद प्राप्त कर धन्य हुआ।
समाजसेविका श्रीमती सरिता सिंह पटेल ने कहा कि अपने हाथों कंबल जरूरतमंदों को देते उनके चेहरों पर राहत और खुशी से मुझे सुखद एहसास हुआ।
कंबल वितरण में प्रमुख रूप से विनय सिंह'हिटलर', सरिता सिंह पटेल, सुरेंद्र प्रसाद सिंह, मंगला पांडेय,उदित नारायण ,नन्दिनी पटेल, कलावती पटेल , आलोक प्रजापति ,संजय कुमार सिंह,छेदी लाल गोंड व इंद्रेश कुमार सहित कई सम्मानितजन प्रतिनिधि उपस्थित रहे।
कार्यक्रम का सफल संचालन कमलेश कुमार पटेल ने किया।

# बाइक सवार युवक पर हुआ जानलेवा हमला, फायरिंग कर भागे हमलावर

**समाज जागरण**
**ओंकार नाथ वाराणसी**

दानगंज,चोलापुर थाना क्षेत्र के दानगंज-लाखी मार्ग पर बीती शाम बेखौफ बदमाशों ने एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। हमलावरों ने युवक को रोककर पहले मारपीट की और फिर उस पर ताबड़तोड़ फायरिंग की। पीड़ित ने किसी तरह खेत में कूदकर अपनी जान बचाई। जानकारी के अनुसार, ग्राम लाखी (पो. लखनपुर) निवासी संदीप सिंह पुत्र जयशंकर सिंह, जो दानगंज स्थित बरनवाल इंटरप्राइजेज में कार्यरत हैं, बुधवार शाम करीब 8:00 बजे दुकान बंद कर अपनी बाइक से घर लौट रहे थे।
जैसे ही वह सुआरी लाखी नहर के पास पहुंचे, एक सफेद रंग की स्कॉर्पियो ने उनकी बाइक को ओवरटेक कर रोक लिया। गाड़ी से उतरे करीब 6 अज्ञात बदमाशों ने संदीप पर हमला बोल दिया। बदमाशों ने कट्टे की मुठिया से उनके सिर पर वार किया और मारपीट शुरू कर दी।

फायरिंग से इलाके में दहशत

जान बचाने के लिए संदीप अपनी बाइक छोड़कर पास के खेत में कूद गए। आरोप है कि भागते समय बदमाशों ने उन पर 2 से 3 राउंड फायरिंग की। गनीमत रही कि गोली संदीप को नहीं लगी। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर लाखी की ओर फरार हो गए।

पुलिस जांच जारी

पीड़ित संदीप सिंह ने इस संबंध में चोलापुर थाने में तहरीर दी है और अपनी सुरक्षा की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अज्ञात हमलावरों के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। स्थानीय पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर बदमाशों की तलाश की जा रही है।

# जनहित संकल्प पार्टी के घोरावल विधानसभा प्रभारी डॉ अरविंद पटेल ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**समाज जागरण**

राजगढ़ मीरजापुर / मिजार्पुर सोनभद्र बॉर्डर पर स्थित आज बैडाड़ गांव के पंचायत भवन पर सरदार सेना के तत्वावधान मे जनहित संकल्प पार्टी के डॉ अरविन्द पटेल विधानसभा घोरावल प्रभारी को युवा नेता प्रवीण कुमार पटेल उर्फ कक्कू ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।सरदार सेना एक पार्टी नहीं एक जन आंदोलन है जो युवाओं के द्वारा दिन प्रतिदिन जुड़ता ही जा रहा है जल्दी इसी संख्या लाखों में पहुंच जाएगी। सरदार सेना से जुड़कर अपनी समस्या बताएं। जनहित संकल्प पार्टी के युवा नेता प्रवीण कुमार पटेल उर्फ कक्कू के द्वारा आज युवाओं को जोड़कर पार्टी में ज्वाइन कराया लगभग साइकिल की संख्या में लोगों ने सदस्यता ग्रहण



पंचायत भवन पर खिचड़ी भाईचारा भोज का हुआ आयोजन

की। जनहित संकल्प पार्टी के युवा नेता ने खिचड़ी भइचारा सहभोज दिया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में लोगों ने भाग लिया और सदस्यता ग्रहण की। जिसमे रामलाल कार्यालय प्रभारी, अभिषेक पटेल सरदार सेना, पीयूष प्रताप पटेल, मुन्ना,, आनंद पटेल, अरुण पटेल, सतीश पटेल, धीरज पटेल, नन्दलाल पटेल, विनय अनिल, खिचड़ी भइचारा सहभोज का कार्यक्रम पंचायत भवन सहदेईया बैडाड़ मे संपन्न हुई।सुनील सिंह ज्योति सिंह सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# ग्राम स्तरीय हितधारक बैठक का आयोजन किया गया

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत पंजीकरण करने पर लाभ मिलता है

**समाज जागरण**
**ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद बहराइच देहात संस्था के तत्वाधान में ग्राम स्तरीय हितधारक बैठक का आयोजन जनपद बहराइच पंचायत भवन हेमरिया में किया गया। बैठक की शुरूआत देहात संस्था से विंध्यवासिनी ने सभी का स्वागत करते हुए किया
बाल विवाह पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया की बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत लड़के की आयु 21 और लड़की की आयु 18 पूर्ण होनी चाहिए। उन्होंने शादी अनुदान स्कीम के बारे में भी बताया जो की श्रम विभाग एवं मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत पंजीकरण करने पर लाभ मिलता है।




अठटनिधि ने वहाँ उपस्थित सभी हितधारकों को आयुष्मान कार्ड के लाभ के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा किया
अंत में स्वास्थ्य विभाग के कुलदीप कुमार ने ने सभी को बाल विवाह के विरुद्ध शपथ दिला कर बैठक का समापन कराया।
कार्यक्रम के सफल आयोजन में आशा सन्तोष कुमारी मीना रस्तोगी आंगनबाड़ी ममता यादव अठट निधि चन्देश आदर्श कुमार प्रधान प्रतिनिधि पंचायत सहायक रवि यादव देहात इंडिया टीम की विंध्यवासिनी बाल संसद के सदस्य व अन्य लोग उपस्थित रहे

# बाल रक्षा भारत संस्था द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को पर प्रशिक्षण

**समाज जागरण**
**ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद श्रावस्ती विकास खण्ड जमुनहा बाल रक्षा भारत संस्था के तत्वावधान में विकास खंड जमुनहा के शिकारी चौड़ा पंचायत भवन सभागार में बाल विकास परियोजना अधिकारी, जमुनहा की उपस्थिति में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों हेतु ANC, HRP (उच्च जोखिम गर्भावस्था) एवं ECCE (प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा) विषयों पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
यह प्रशिक्षण बाल रक्षा भारत संस्था से स्मृति शुक्ला एवं ओमकार यादव द्वारा प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को गर्भवती महिलाओं के समय पर पंजीकरण, अनिवार्य ANC जांच, आयरन-फोलिक एसिड एवं कैल्शियम के नियमित सेवन, टीकाकरण, तथा उच्च जोखिम



गर्भावस्था की समय रहते पहचान कर उचित स्वास्थ्य संस्थानों में संदर्भित करने से संबंधित जानकारी दी गई।
साथ ही ECCE के अंतर्गत 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास, प्रारंभिक शिक्षा, खेल-आधारित गतिविधियों एवं पोषण पर विशेष चर्चा की गई।
प्रशिक्षण के दौरान वक्ताओं ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का उद्देश्य आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की क्षमता में वृद्धि कर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाना है।
कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अधिकारियों द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान को अपने-अपने कार्यक्षेत्र में प्रभावी रूप से लागू करने में सहयोग प्रदान करेंगा, इस प्रशिक्षण में 55 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों और बाल विकास परियोजना अधिकारी जमुनहा एवं बाल रक्षा भारत टीम के प्रतिनिधि उपस्थिति रहें।

# माघ मास स्नान पर काशी में घाटों पर उमड़ी आस्थावानों की भीड़

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी। माघ मास के पावन स्नान अवसर पर काशी के गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ पड़ी। तड़के भोर से ही लाखों श्रद्धालु मां गंगा में आस्था की डुबकी लगाने के लिए घाटों पर पहुंचने लगे। ह्लहर-हर गंगेह्व और ह्लबम-बम भोलेह्व के जयघोष से पूरे घाट क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय और आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो गया।
गंगा घाट के तीर्थ पुरोहित अजय तिवारी ने बताया कि माघ मास का यह विशेष स्नान 14 जनवरी के पर्व के रूप में जाना जाता है। इस दिन काशीवासी ही नहीं, बल्कि देश के विभिन्न हिस्सों से आए श्रद्धालु गंगा स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित करते हैं और अपने जीवन की नई शुरूआत के लिए मां गंगा का आशीर्वाद लेते हैं। उन्होंने बताया कि इसी दिन से पतंगबाजी की परंपरा भी प्रारंभ मानी जाती है, जो काशी की



सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा है।
ज्योतिषाचार्य डॉ शीतला प्रसाद त्रिपाठी ने यह भी बताया कि इस वर्ष एकादशी तिथि के संयोग के कारण स्नान पर्व का महत्व अपेक्षाकृत कुछ कम माना गया है, अन्यथा यह दिन मकर संक्रांति के रूप में बड़े उत्सव और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। मकर संक्रांति पर काशी की महिलाएं गंगा स्नान के उपरांत ब्राह्मणों को श्रद्धा से बनाए गए व्यंजन और दान-दक्षिणा अर्पित करती हैं तथा परिवार की सुख-समृद्धि, यश और कीर्ति की कामना करती हैं। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन गंगा स्नान करने से पुण्य, वैभव और सकारात्मक ऊर्जा की प्राप्ति होती है।श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस पूरी तरह सतर्क नजर आई। गंगा घाटों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। पर्याप्त संख्या में पुलिस बल, महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती के साथ ही ड्रोन कैमरों से निगरानी की गई, ताकि श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुगम व्यवस्था मिल सके।

# अल्पायु में एकलौते बेटे की मौत से कोहसी गाँव में मचा कोहराम, बीडीओ, एडीओ पंचायत पहुंचे गांव

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। हरहुआ ब्लाक के कोहासी ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान श्री मति अर्चना देवी के इकलौते पुत्र अभिषेक उम्र 26 वर्ष का अल्पायु में 13 जून को मौत से पूरा गाँव में कोहराम व सन्नाटा फैल गया। आस पास के गाँव के लोग दुःख की घड़ी में सहारा बन ईश्वर से परिजनों को सहनशक्ति देने में जुटे दिखे।
वरिष्ठ समाजसेवी कमलेश पटेल के अनुसार प्रधान श्रीमती अर्चना जी को इकलौता पुत्र अभिषेक और दो बेटियां जो रेलवे में नौकरी कर रही हैं। पिता राजकुमार प्रायवेट में चालक हैं। वहीं देवर प्रवेश काशी विद्यापीठ में बाबू पद पर कार्यरत हैं। एक सप्ताह से हेरिटेज में इलाज चल रहा था जहां ब्रेन हेमरेज से देर रात निधन



हो गया। परिवार सहित अन्य लोगों ने बेहतर इलाज के लिए काफी पैसा खर्च किया पर ईश्वर ने दुखों का पहाड़ खड़ा कर दिया। परिजनों के साथ-साथ रिश्तेदार व ग्रामीण काफी दुःख में हैं पूरा सन्नाटा पसरा हुआ है।
अल्पायु में एक सहनशील,व्यवहार कुशल महिला ग्राम प्रधान के इकलौते बेटे के निधन की सूचना पर बीडीओ हरहुआ बद्री प्रसाद वर्मा व एडीओ पंचायत रवि सिंह कोहासी गाँव पहुंचकर परिवार वालों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। परिजनों को ढांढस बंधाते हुए द्वय अधिकारियों ने कहा कि दुःख की घड़ी में हरहुआ ब्लाक परिवार हर सम्भव मदद ,सहयोग करने को तैयार है। सन्नाटे का आलम इस कदर है कि पशु पक्षियों के आवाज भी सुनने को नहीं मिल रहा। चूल्हों की आग ठंडी हो निःस्तब्ध है।

# समाज में बाल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाया जाए- राकेश चौबे प्रथम संस्था

## बाल संरक्षण समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया

**समाज जागरण**
**ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद बहराइच विकासखंड शिवपुर, जनपद बहराइच के प्राथमिक विद्यालय बिलासपुर के प्रांगण में प्रथम संस्था द्वारा बाल संरक्षण समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान बच्चों के चारों मूल अधिकारों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा बाल विवाह के विरुद्ध शपथ समारोह आयोजित किया गया।
कार्यक्रम में बाल श्रम के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई और बच्चों की सुरक्षा से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 1090, 112 एवं 1930 के उपयोग के बारे में बताया गया। साथ ही यह भी समझाया गया कि इन हेल्पलाइन सेवाओं का प्रयोग किन परिस्थितियों में किया जाना चाहिए।



इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि, आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एएनएम, बाल कल्याण अधिकारी, अभिभावक, प्रथम टीम के सदस्य तथा लेखपाल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी उपस्थित लोगों ने बच्चों की सुरक्षा एवं उनके अधिकारों की रक्षा हेतु मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।
कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना तथा समाज में बाल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

**एजेंडा -**
1- बाल अधिकार
2- सामाजिक सुरक्षा
3- प्रथम स्कीलिंग प्रोग्राम की जानकारी
4- एक्सपोजार विजिट
5- निःशुल्क हेल्प लाइन नम्बर
6-प्रथम पारिवारिक व्यवसाय सहायता कार्यक्रम की जानकारी।

# बालश्रम करवाना कानूनन अपराध है बच्चों को शिक्षित बनायें

## जनपद श्रावस्ती संयुक्त रेस्क्यू अभियान की रिपोर्ट

**समाज जागरण**
**ओंकार नाथ चौधरी**

दिनांकः 13 जनवरी 2026
दिनांक 07 जनवरी 2026 को 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन पर प्राप्त सूचना के आधार पर यह जानकारी मिली कि राजू भट्ठा / नाज भट्ठा पर दो बच्चों से बाल श्रम कराया जा रहा है। प्राप्त सूचना के संबंध में कार्रवाई करते हुए थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग, थाना सोनवा की पुलिस टीम तथा स्वयंसेवी संस्थाओं देहात इंडिया संस्था एवं ग्रामीण बौद्ध कल्याण सेवा संस्थान व नीति आयोग AVA के कर्मचारियों द्वारा संयुक्त रूप से रेस्क्यू अभियान चलाया गया।
रेस्क्यू अभियान के दौरान मौके से दो बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराया गया। तत्पश्चात दोनों बच्चों को न्यायपीठ बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं आयु परीक्षण कराया गया, जिसके उपरांत उन्हें पुनः बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत किया गया। बच्चों के माता-




पिता की तलाश कर आवश्यक सहयोग एवं परामर्श प्रदान किया गया।
इस कार्रवाई के दौरान लेबर डिपार्टमेंट मौके पर निरीक्षण करते हुए निरीक्षण टिप्पणी दी गई तथा संबंधित भट्ठा मालिकों को बाल श्रम न कराने के स्पष्ट निर्देश दिए गए। भट्ठा मालिकों को सख्त हिदायत दी गई कि बच्चों से बाल श्रम कराना कानूनन अपराध है। भविष्य में ऐसा करते पाए जाने पर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें सजा एवं जुमार्ना अथवा दोनों का प्रावधान है।
उक्त कार्रवाई का उद्देश्य बच्चों के अधिकारों की रक्षा करना तथा बाल श्रम जैसी सामाजिक बुराई को समाप्त करना है। सभी संबंधित विभागों एवं संस्थाओं के समन्वय से यह संयुक्त रेस्क्यू अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# देशी पशुधन किसानों की समृद्धि की कुंजी: श्री शिवराज सिंह चौहान

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (भाकृअनुप) ने आज नई दिल्ली स्थित ए. पी. शिंदे ऑडिटोरियम में पशु नस्ल पंजीकरण प्रमाणपत्र एवं नस्ल संरक्षण पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।
केंद्रीय मंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जानवरों की इकोलॉजिकल अहमियत और भारत की देसी जानवरों की नस्लों को बचाने के लिए मिलकर काम करने की जरूरत पर जोर दिया। श्री चौहान ने कहा कि जानवरों के साथ भारत का रिश्ता सिर्फ. आर्थिक या न्यूट्रिशन से जुड़ा नहीं है, बल्कि असल में इकोलॉजिकल है।
उन्होंने कहा, यह बैलेंस का रिश्ता है। इस बैलेंस में किसी भी तरह की गड़बड़ी का सीधा असर पर्यावरण और आखिर में, धरती की भलाई पर पड़ता है। उन्होंने देसी नस्लों को बचाने के लिए देश भर में काम कर रहे साइंटिस्ट, इंस्टीट्यूशन और किसान समुदायों की बहुत तारीफ की।
उन्होंने कहा, ह्लउनकी कोशिशें जानवरों को बचाने से कहीं आगे हैं। वे बायोडायवर्सिटी की रक्षा कर रहे हैं, गांवों की रोजी-रोटी को मजबूत कर रहे हैं

# इंदौर-रीवा बस में लगी आग, ट्रक ड्राइवर ने जलते पहियों को देखकर जबरन रुकवाई, 50 यात्रियों की बची जान



**समाज जागरण**

रायसेन जिले के बम्हौरी ढाबे के पास मंगलवार देर रात एक बड़ा हादसा टल गया। इंदौर से रीवा जा रही जय भवानी ट्रेवल्स की चलती बस में अचानक आग लग गई। घटना रात करीब 1.30 बजे की है। बस में करीब 50 यात्री सवार थे। पीछे चल रहे एक ट्रक चालक ने बस के टायर में आग लगने का इशारा किया, लेकिन बस नहीं रुकी। इसके बाद ट्रक को आगे लगाकर बस को जबरन रुकवाया गया, जिससे यात्रियों की जान बच सकी। जान कारी के अनुसार बस का टायर फटने के बाद उसमें आग भड़की, जो कुछ ही मिनटों में पूरी बस में फैल गई। बस से डीजल सड़क पर फैलने के कारण आसपास भी आग लग गई। यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई और लोग जान बचाने के लिए बस से कूदने लगे। ढाबा संचालक बंटी खालसा, उनके कर्मचारियों और बस स्टाफ की मदद से सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। किसी भी यात्री को शारीरिक नुकसान नहीं हुआ। हालांकि आग इतनी भीषण थी कि कुछ ही मिनटों में बस पूरी तरह जलकर खाक हो गई। यात्रियों का सारा सामान भी जल गया। हादसे के बाद बस का ड्राइवर और क्लीनर मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची, जबकि फायर ब्रिगेड करीब एक घंटे बाद मौके पर पहुंची, तब तक बस पूरी तरह जल चुकी थी। देर रात तक यात्री सड़क पर ही फंसे रहे, लेकिन बस कंपनी की ओर से वैकल्पिक बस की कोई व्यवस्था नहीं की गई।

# तुम दुर्भाग्य से उस कुर्सी पर बैठे हो' 165 केस में पॉकेट गवाह बनाने वाले SHO को सुप्रीम कोर्ट ने हटाया



**समाज जागरण**

इंदौर। जुआ-सट्टा और एनडीपीएस एक्ट जैसे प्रकरणों में पॉकेट गवाहों के माध्यम से केस बनाने वाले चंदननगर टीआइ इंद्रमणि पटेल को सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद हटा दिया गया है। न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्ला ने टीआइ को फटकार लगाते हुए कहा कि तुम दुर्भाग्य से उस कुर्सी पर बैठे हो। कानून के छात्र असद अली वारसी ने 156 प्रकरणों की सूची कोर्ट में पेश की थी, जो टीआइ इंद्रमणि पटेल की पदस्थापना के दौरान (23 अक्टूबर 2023 से 23 अक्टूबर 2024) दर्ज किए गए थे। इन प्रकरणों में सलमान पुत्र जुल्फिकार कुरैशी निवासी नालापार (चंदननगर) और आमिर पुत्र उस्मान रंगरेज निवासी आमवाला रोड (चंदननगर) को गवाह बनाया गया था।

**165 से ज्यादा मामलों में इनकी गवाही मिली थी-ः**

शराब तस्करी, हथियार जब्ती, जुआ, एनडीपीएस एक्ट जैसे 165 से ज्यादा मामलों में इनकी गवाही मिली थी। सुप्रीम कोर्ट ने अफसरों को न सिर्फ फटकार लगाई बल्कि थाना प्रभारी को पद से हटाने के निर्देश दिए। सुनवाई के दौरान टीआइ भी कोर्ट में मौजूद थे। उन्होंने सफाई दी और कहा कि प्रकरण उनके द्वारा दर्ज नहीं किए गए हैं। इसमें विवेचकों की लापरवाही है।

**टीआइ को लाइन अटैच किया गया-ः**

न्यायमूर्ति ने तल्ख टिप्पणी की और कहा कि थाना प्रभारी होने के नाते आपकी जिम्मेदारी है। मंगलवार देर शाम पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह ने टीआइ को लाइन अटैच कर दिया। आयुक्त कार्यालय से जारी आदेश में कोर्ट का हवाला दिया गया है। टीआइ की तत्काल थाने से लाइन के लिए रवानगी भी कर दी।

**हर घटना के वक्त आमिर और सलमान ही क्यों-ः**

कानून के छात्र असद द्वारा आमिर और सलमान का रिकॉर्ड कोर्ट में प्रस्तुत किया गया था। उसमें विवेचक, गवाहों के नाम और केस की जानकारी थी। न्यायमूर्ति ने टीआइ को तलब कर फटकार लगाई। न्यायमूर्ति ने कहा एसएचओ लोगों के प्रोटेक्शन के लिए होता है। हम आपका आतंक समझ सकते हैं। इसके बाद भी थाने में जुआ एक्ट और एनडीपीएस एक्ट के दो प्रकरण दर्ज हुए और उसमें पॉकेट गवाहों की गवाही ले ली गई। जबकि कोर्ट ने तो यह भी कहा कि हर घटना के वक्त आमिर और सलमान ही क्यों मौजूद रहते हैं।

# मऊगंज में टीआई ने 145 मामलों में अपने ड्राइवर, रसोइये और थाने के सफाईकर्मी सहित 8 लोगों को बनाया गवाह



**समाज जागरण**

मऊगंज। मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले में पुलिस की फर्जी गवाही दिलाने के बाद अब मऊगंज जिले में भी इसी तरह का मामला आया है। यहां अलग-अलग पदस्थापना के दौरान थाना प्रभारी जगदीश सिंह ठाकुर पर फर्जी गवाही दिलाने के आरोप लगे हैं। उन्होंने 145 मामलों में चुनिंदा आठ लोगों को गवाह बनाया है। जांच के बाद छह मामलों में फर्जी गवाह तैयार करने के आरोप की पुष्टि के बाद उन्हें निलंबित किया जा चुका है।

**चालक, रसोइया व सफाई कर्मी शामिल-ः**

मऊगंज के एसपी दिलीप सोनी ने बताया कि उप निरीक्षक जगदीश सिंह ठाकुर ने शाहपुर, देवतालाब व नईगढ़ी में आबकारी एक्ट व एन डीपीएस एक्ट के मामलों में आठ चुनिंदा लोगों को ही गवाह बनाया। इनमें उनका चालक, रसोइया, थाने के सफाई कर्मी सहित अन्य लोग शामिल हैं। जगदीश ठाकुर के विरुद्ध जांच प्रस्तावित की गई है। इस मामले की शिकायत समाजसेवी कुंज बिहारी तिवारी ने रीवा आईजी से की थी। उनका कहना है कि जगदीश सिंह ठाकुर लगातार अपने पद का दुरुपयोग करते हुए कुछ चुनिंदा लोगों को ही एफआईआर में गवाह बना रहे हैं। उन्होंने एसपी को 145 अपराध संख्या के साथ सूची भी दी है। करीब 90 प्रतिशत मामले आबकारी एक्ट से संबंधित हैं।

**मजबूरी भी है गवाह बनना-ः**

सेवानिवृत्त डीएसपी डीपी सिंह ने बताया कि इस तरह के मामले केवल आबकारी एक्ट में देखने को मिलते हैं। इसके पीछे कारण यह है कि जब किसी गांव में अवैध शराब बिक्री पकड़ी जाती है तो ग्रामीण गवाही देने से इन्कार कर देते हैं। ऐसे में पुलिस के सामने सबसे बड़ी समस्या गवाह तलाशने की होती है। लिहाजा पुलिस अपने से जुड़े लोगों का नाम गवाही में दे देती है।

**अनूपपुर में दो लोग 80 मामलों में बने गवाह-ः**

अनूपपुर जिले में 23 सितंबर 2023 को रामनगर थाना में शिकायत हुई थी कि जिनेंद्र गुप्ता और रवि साहू ने 80 मामलों में गवाही दी थी। ये दोनों ग्राम रक्षा समिति के सदस्य भी थे। हैरत की बात यह है कि रवि और जिनेंद्र एक ही समय में आठ किलोमीटर दूर दो अपराध स्थलों पर एक साथ गवाह बने थे।

# मैकल-अमरकंटक बायोस्फियर में क्रेशर माफिया का दबदबा!

**पर्यावरणीय उल्लंघन पर रिपोर्टिंग करने वाले पत्रकार पर हमला, FIR दर्ज**



**समाज जागरण**
**ज्ञानेंद्र पांडेय अनूपपुर**

मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ की सीमा पर अमरकंटक-मैकल पर्वत श्रृंखला से एक गंभीर और सनसनीखेज मामला सामने आया है। पर्यावरणीय रूप से संवेदनशील क्षेत्र में स्टोन क्रेशर संचालन और पर्यावरणीय नियमों के उल्लंघन पर ग्राउंड रिपोर्टिंग कर लौट रहे पत्रकार सुशांत गौतम पर पर हमला कर दिया गया। घटना में पत्रकार की गाड़ी का कांच तोड़ा गया, उन्हें चोटें आईं, जबकि उनके साथी का मोबाइल छीनकर संपर्क बाधित करने की कोशिश का भी आरोप है। यह मामला अब केवल पत्रकार पर हमले तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि इसे खनन-क्रेशर माफिया, प्रशासनिक चुप्पी और जंगल राज की मानसिकता से जोड़कर देखा जा रहा है। घटना के बाद प्रदेशभर में आक्रोश की स्थिति बन रही है और पत्रकार सुरक्षा एवं अवैध खनन पर कार्रवाई की मांग तेज हो गई है।

**नियमों का खुला उल्लंघन**

मरवाही वनमंडल ने अनूपपुर खनिज विभाग पर गंभीर सवाल उठाए हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि पमरा क्षेत्र में तीन स्टोन क्रेशरों द्वारा पर्यावरणीय नियमों का खुला उल्लंघन किया गया। साथ यह भी दर्ज है कि वन क्षेत्र के बेहद करीब उत्खनन किया जा रहा है, जबकि नियमों के अनुसार क्रेशर/खनन संचालन में न्यूनतम 250 मीटर की दूरी होना चाहिए। रिपोर्ट के मुताबिक संबंधित अधिकारियों द्वारा कलेक्टर अनूपपुर को पत्र लिखकर उत्खनन रोकने और जांच कराने की मांग भी की गई है। यह पूरा इलाका अमरकंटक-मैकल बायोस्फियर रिजर्व के पर्या वरणीय संतुलन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है।

**रिपोर्टिंग के बाद घेराबंदी हाईवा लगाकर रास्ता रोका**

पत्रकार सुशांत गौतम ने बताया कि वे 8 जनवरी 2026 को शाम करीब 6 बजे ग्राउंड रिपोर्टिंग से लौट रहे थे, तभी जीपीएम जिले के धनौली गांव के पास उनकी गाड़ी को योजनाबद्ध तरीके से घेर लिया गया। पीड़ित के अनुसार, एक कार आगे अड़ाई गई बगल में एक हाईवा खड़ा कर दिया गया पीछे से एक अन्य वाहन लगाकर रास्ता पूरी तरह बंद कर दिया गया। इसके बाद गाली-गलौज और धमकियों का दौर शुरू हुआ और गाड़ी का दरवाजा खोलने का दबाव बनाया गया। लोहे की रॉड से वार, कांच टूटा मोबाइल छीनने का आरोप एक व्यक्ति ने लोहे की रॉड से गाड़ी के ड्राइवर साइड के कांच पर वार किया, जिससे कांच टूट गया। टूटे कांच के टुकड़े चेहरे और माथे पर लगे। उन्होंने फोटो, मेडिकल और वाहन क्षति का दस्तावेज तैयार कराया है। इतना ही नहीं, घटना के दौरान उनके साथी रितेश गुप्ता का मोबाइल छीनकर बंद कर देने का आरोप भी लगाया गया है। पत्रकार का कहना है कि यह हमला गुस्से में नहीं बल्कि सबूत रोकने और खबर दबाने के इरादे से किया गया।

**माफियाओं पर कई गंभीर धाराओ के तहत अपराध दर्ज -**

घटना के बाद पुलिस थाना में लिखित शिकायत दी गई, जिसके आधार पर FIR दर्ज की गई। FIR नंबर 0014/2026 FIR में भारतीय न्याय संहिता की धाराएँ 126(2), 296, 115(2), 351(3), 324 (4), 304, 3(5) लगाई गई हैं। यह मामला संज्ञेय अपराध के दायरे में आता है। FIR में नामजद आरोपी शिकायत के अनुसार FIRमें जिन तीन व्यक्तियों को नामजद किया गया है, वे जयप्रकाश शिवदासानी (जेठू) , लल्लन तिवारी सुनील बाली यह हमला मुझ पर नहीं, खबर पर था पीड़ित पत्रकार , पत्रकार सुशांत गौतम ने कहा कि यह घटना केवल व्यक्ति पर हमला नहीं, बल्कि प्रेस की स्वतंत्रता और लोकतंत्र पर हमला है। उन्होंने यह भी आशंका जताई कि दबाव बनाने के लिए झूठी शिकायतें/केस अन्य थाना क्षेत्रों में कराए जा सकते हैं, ताकि वे रिपोर्टिंग से पीछे हट जाएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि वे समझौता नहीं, न्याय चाहते हैं।

**प्रशासन से कार्रवाई की मांग**

मामले के बाद पत्रकार संगठनों और नागरिक समूहों में चर्चा है कि केवल FIRदर्ज होना पर्याप्त नहीं है। मांग की जा रही है कि नामजद आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी हो क्षेत्र में संचालित सभी स्टोन क्रेशरों की विशेष जांच होअवैध खनन/उत्खनन पर खनिज-वन-राजस्व की संयुक्त कार्रवाई हो पीड़ित पत्रकार एवं गवाहों को सुरक्षा दी जाए। सवाल वही बायोस्फियर में खनन, और सवाल करने पर हमला किसका संरक्षण? अमरकंटक मैकल क्षेत्र केवल स्थानीय मुद्दा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय पर्यावरणीय सुरक्षा का विषय है। यदि बायोस्फियर जैसे संवेदन शील क्षेत्र में नियमों के उल्लंघन पर रिपोर्टिंग करने वाले पत्रकार को ही घेरकर हमला किया जा रहा है, तो सवाल उठता है कि ऐसी गतिविधियों को किसका संरक्षण प्राप्त है। खास बात यह घटना ऐसे समय में हुई है जब खुद सरकारी पत्राचार/रिपोर्ट में क्षेत्र में क्रेशर संचालन और पर्या वरणीय उल्लंघन की बातें सामने आ रही हैं, जिससे मामले की गंभीरता और बढ़ जाती है।

# वाहन मालिक की प्रताड़ना से तंग आकर चालक ने दी जान, परिजनों ने सड़क पर शव रखकर किया प्रदर्शन



**समाज जागरण**

कटनी। कटनी जिले के बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत चपहानी गांव में उस वक्त सनसनी फैल गई, जब चपहानी ग्राम निवासी आनंद गाडरी 24 वर्षीय का शव रेलवे ट्रैक पर बरामद हुआ। परिजनों का आरोप है कि पिकअप वाहन मालिक द्वारा मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किए जाने के कारण युवक ने आत्मघाती कदम उठाया है।

मृतक के पिता रामजी पाल ने बताया कि आनंद, बड़वारा स्थित राय वेयरहाउस के मालिक सुशील राय के यहाँ पिकअप चालक के रूप में कार्यरत था। जानकारी के मुताबिक, बीती 12 जनवरी को सांधी ग्राम जाते समय पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस हादसे में वाहन को कुछ क्षति पहुँची थी। परिजनों का गंभीर आरोप है कि दुर्घटना के बाद से ही वाहन मालिक सुशील राय आनंद पर नुकसान की भरपाई करने का दबाव बना रहा था। पिता के अनुसार, आनंद के साथ मारपीट की गई और उसे झूठे केस में फंसाने की धमकियाँ दी गईं। इसी प्रताड़ना और डर के चलते आनंद ने गांव के पास ही रेलवे ट्रैक पर जाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही शव परिजनों को सौंपा गया, आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने बड़वारा नगर के मुख्य मार्ग पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि आरोपी वाहन मालिक के खिलाफ तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाए। जाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुँचा। बड़वारा थाना प्रभारी और अन्य अधिकारियों ने परिजनों को निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई का ठोस आश्वासन दिया, जिसके बाद करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद जाम खुलवाया जा सका। इस पूरे मामले में बड़वारा थाना प्रभारी के.के. पटेल का कहना है कि परिजनों ने वाहन मालिक पर प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जो भी तथ्य सामने आएंगे,उसके अनुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# अनेक समस्याओं से घिरे, सीएचपी में नये वर्ष की भजिया पार्टी!

**समाज जागरण अनूपपुर**

अमरकंटक ताप विद्युत गृह लंबे समय से बगैर रुके विधुत उत्पादन कर एक नया रिकॉर्ड बना रहा है तो वहीं सीएचपी 210 मेगावाट में कोयला सफाई का कार्य करा चुकी हैम्स कारपोरेशन कोरबा के द्वारा श्रमिकों के मजदूरी का नहीं करते हुए वह भी एक रिकार्ड बना रहा है? विदित हो कि हैम्स कारपोरेशन को जब से ठेका प्राप्त हुआ था कंपनी के द्वारा एक माह का भुगतान अपने पास रोककर रखा जाता था,विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि सीएचपी मे संचालन एवं संधारण का कार्य देख रहे कार्य के प्रभारी द्वारा अपने पद का दुरुपयोग कर अपने एक रिश्तेदार को ठेका चलाने का कार्य दिलवा दिए थे लेकिन आर्थिक रूप से सक्षम नहीं होने के कारण श्रमिकों को मजदूरी का भुगतान सही समय पर नहीं दिया जा रहा था,शिकायत करने पर सहायक अभियंता के द्वारा श्रमिकों की समस्या को नहीं सुना जाता था एवं कंपनी का कार्य समाप्त होने के पच्चीस दिन बीतने के बाद भी मजदूरी का भुगतान, ईपीएफ, बोनस एवं अर्जित अवकाश का भुगतान एवं वेतन पर्ची नहीं दिया किया गया है? मजदूरी का भुगतान नहीं होने से श्रमिकों के सामने भरण-पोषण की समस्या आ गई है?

**नया कार्य शुरू नहीं मिला सुरक्षा उपकरण**

अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई के सीएचपी में संचालन विभाग में हुए नये ठेके में में बालाजी इंटर प्राइजेज एवं में अश्विनंस टेक्नो क्रेट्स प्राइवेट लिमिटेड को कार्य मिला है श्रमिकों को कार्य करते हुए बीस दिन हो गये लेकिन अब तक दोनों कंपनियों के द्वारा सुरक्षा से संबंधित सामग्री का वितरण नहीं किया गया है जबकि कार्य प्रारंभ होते ही हेलमेट एवं सेफ्टी शू देकर ही कार्य कराया जाना चाहिए जिसको अधिकारी अनदेखा कर रहे हैं।

**कौतूहल का विषय कंपनी का मालिक कौन**

संयंत्र में हो चुके ठेके का वास्तविक संचालक कौन इस बात का कोतूहल बना हुआ है क्योंकि पूर्व में जब हैम्स कारपोरेशन को ठेका मिला कोई नहीं आया और एक सहायक अभियंता ने अपने परिजनों को कार्य दिलवा कर शोषण कराते हुए भारी भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए किसी भी श्रमिक को वेतन पर्ची न दिला कर सारे देयक को पास कर दिए जबकि भुगतान से संबंधित देयकों में श्रमिकों से सही भुगतान प्राप्त होने के प्रमाण हेतु हस्ताक्षर होने चहिए जो बगैर हस्ताक्षर के पास कर कई आशंकाओं को उत्पन्न कर रहे है,ठीक उसी प्रकार अब न तो में बालाजी इंटरप्राइजेज और नाही अश्विनंस टेक्नोक्रेट्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि आ रहे और श्रमिक अपनी जान को जोखिम में डालकर बगैर सुरक्षा उपकरण के कार्य करने को मजबूर हैं।

**भजिया पार्टी आयोजक कौन?**

नये वर्ष के आगमन के उपलक्ष्य में विगत दिनों सीएचपी के इलेक्ट्रिकल्स संधारण विभाग में भजिया पार्टी का भव्य आयोजन किया गया था,सेवाएं अनुविभाग सहित सभी बड़े छोटे अधिकारियों ने जम कर लुत्फ उठाया,जिसमें एक मल्ल ने एक टठिया भजिया और एक जगह टमाटर की चटनी खाकर अपने दमखम का परिचय दिया?अब यक्ष प्रश्न यह है कि कार्यक्रम का आयोजक अगर ठेकेदार है तो किस अवैध कार्य के संचालन हेतु पार्टी दिया,अगर पार्टी श्रमिकों के द्वारा थी तो क्या उन्हें इतनी पारिश्रमिक मिलती है कि अधिकारियों के समक्ष मोहन थाल परोस सकें?या किसी अधिकारी के द्वारा पार्टी का आयोजन था तो किस घोटाले या सीआर या पोस्टिंग के लिए खिलाया प्रश्न आज भी अनुत्तरित है? बढ़े हुए न्यूनतम वेतन का नहीं मिला एरियर? अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई का एकमात्र सीएचपी ही ऐसा एरिया है जहां अभी तक अश्विनंस टेक्नोक्रेट्स प्राइवेट लिमिटेड, विनायक इलेक्ट्रिकल्स इंजीनियर्स तथा एम के टेंडर्स के द्वारा वर्ष 2024 में बढ़े हुए न्यूनतम वेतन का एरियर का भुगतान नहीं किया गया है तथा सीएचपी के मैकेनिकल सुधार संभाग में पांच पांच सौ रुपये प्रति श्रमिक से पैसे लेकर एरियर का भुगतान किया गया है तथा जिन श्रमिकों को भुगतान नहीं मिला वे श्रम विभाग,जन सुनवाई तथा उप महाप्रबंधक मानव संसाधन विभाग अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई के चक्कर काट रहे शायद यही आजादी का अम्रत महोत्सव भी है?

# चौकी निवार, थाना माधवनगर पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास के दो आरोपी गिरफ्तार, न्यायालय में पेश कर भेजे गए जेल

**समाज जागरण कटनी।**

पुलिस अधीक्षक अभिनव विश्वकर्मा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधी क्षक डॉ. संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा पच्चीसिया के नेतृत्व में थाना माधवनगर अंतर्गत चौकी निवार पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहाँ से उन्हें जेल भेज दिया गया। घटना दिनांक 11 जनवरी 2026 की है, जब फरियादी राजेन्द्र राजपाल पिता प्यारेलाल राजपाल, उम्र 34 वर्ष, निवासी ग्राम कुलुआ बड़खेरा, चौकी निवार, थाना माधवनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मजदूरी का कार्य करता है। घटना के समय वह अपनी पत्नी रजनी के साथ घर के सामने बातचीत कर रहा था, तभी मोहल्ले के विपिन तिवारी एवं शीतल तिवारी पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करते हुए डंडों से मारपीट करने लगे। बीच-बचाव करने पर विपिन तिवारी लोहे की तलवार लेकर आया और फरियादी के सिर पर जानलेवा हमला किया, जिससे गंभीर चोट आई और खून बहने लगा। ग्रामीणों के एकत्र होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। प्रकरण में थाना माधवनगर में अपराध क्रमांक 41/2026, धारा 296(बी), 118(1), 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर बाद में धारा 109 बढ़ाकर विवेचना में लिया गया।

विवेचना के दौरान दिनांक 14 जनवरी 2026 को दोनों आरोपियों विपिन तिवारी पिता शीतल प्रसाद तिवारी, उम्र 33 वर्ष शीतल प्रसाद तिवारी पिता स्व. राममनोहर तिवारी, उम्र 66 वर्ष निवासी ग्राम कुलुआ बड़खेरा को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार किया। हत्या के प्रयास में प्रयुक्त हथियार (तलवार) भी जप्त की गई। दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेजा गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी माधवनगर संजय दुबे, चौकी प्रभारी निवार सहा उप निरीक्षक अंजनी मिश्रा,सउनि रमाकांत दुबे , प्र.आर. 48 देवेश कुमार, प्र.आर. 68 मनीष अछेया, महिला आरक्षक 715 आरती श्याम, आरक्षक 352 अर विंद कुशवाहा एवं 549 बकील यादव की सराहनीय भूमिका रही। कटनी पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# न्यायालय का डंडा भी बेअसर! रसूखदार शिक्षक के आगे नतमस्तक प्रशासन? नायब तहसीलदार नहीं खाली करा पा रहे कब्जा

**समाज जागरण**

शहडोल/जयसिंहनगर। ग्राम पंचायत अमझोर में सरकारी जमीन पर कब्जा करने का मामला सामने आया है। शासकीय शिक्षक दिवाकर तिवारी के सामने प्रशासन भी नतमस्तक नजर आ रहा है. हैरानी की बात है कि हाईकोर्ट जबलपुर के आदेश के बावजूद अब तक दिवाकर तिवारी पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। न्यायालय ने अपर कलेक्टर को जमीन खाली कराने का आदेश दिया था और फिर यह जिम्मेदारी नायब तहसीलदार को सौंपी गई, लेकिन फिर भी दिवाकर तिवारी के कब्जे से सरकारी जमीन मुक्त नहीं हो पाई है। न्यायालय ने कलेक्टर शहडोल द्वारा प्रकरण क्रमांक 0003 /अ 74/ 2024-25 आदेश दिनांक 23/ 12/2025 को बेदखली की कार्रवाई 7 दिवस के भीतर करने का आदेश दिया था। बेदखली की कार्रवाई में आवश्यकता पड़ने पर सिविल जेल की कार्रवाई कर अनाधिकृत कब्जा हटाने का आदेश क्रियान्वयन नायब तहसीलदार अमझोर को किया जाना है, लेकिन नायब तहसीलदार की कार्य प्रणाली संदेहास्पद पर नजर आ रही है। क्योंकि अब तक इस आदेश को लगभग 20 दिन बीत चुके हैं, लेकिन आज तक स्थिति जस की तस बनी हुई है।

**7 सालों से चल रहा है मामला**

यह मामला पिछले 7 सालों से चल रहा है। शासकीय शिक्षक दिवाकर तिवारी पर 6 जुलाई 2020 को प्रकरण क्रमांक 0039 /अ -74 / 2019-20 आदेश के तहत 10000 का अर्थदंड लगाया गया था। शिक्षक ने शासकीय भूमि पर कब्जा स्वीकार किया था। इस मामले में अपर कलेक्टर शहडोल ने हल्का पटवारी श्रुति तिवारी और राजस्व निरीक्षक को गैरजिम्मेदाराना तरीके से विवादित भूमि के संबंध में त्रुटि पूर्ण प्रतिवेदन प्रस्तुत करने पर दंडात्मक कार्रवाई करते हुए न्यायालय को अवगत कराने का आदेश दिया गया था, लेकिन अब तक नायब तहसीलदार ने इस आदेश पर कोई कार्रवाई नहीं की.

**सरकारी जमीन पर शिक्षक का कब्जा बरकरार**

आवेदक ओंकार सिंह ने हाई कोर्ट याचिका दायर की। 15 जुलाई 2025 को न्यायालय ने कलेक्टर शहडोल को 90 दिनों यानी तीन महीने में कार्रवाई कर शासकीय रकवे को खाली कराने का आदेश दिया। लेकिन इस मामले में कलेक्टर को आदेश देने में 6 माह का वक्त लग गया। इसके बाद कलेक्टर शहडोल ने 0003 /अ- 74 /2025 आदेश पर कार्रवाई करने का जिम्मा तहसीलदार वृत्त अमझोर को सौंपा, लेकिन न्यायालय के आदेश पर नायब तहसीलदार टाल मटोल करते नजर आ रहे हैं।

# वन विभाग कार्यालय परिसर से जप्त वाहनों में चोरी, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे गंभीर सवाल

**समाज जागरण विजय तिवारी**

मरवाही। प्राप्त जानकारी के अनुसार गौरेला पेंड्रा-मरवाही जिले में वन विभाग की कार्यप्रणाली एवं सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े हो गए हैं। वन विभाग के मढ़ना डिपो कार्यालय परिसर में खड़े जप्त वाहनों से लगातार सामान चोरी होने का मामला सामने आया है, जिसने विभा गीय लापरवाही और संभावित अंदरूनी मिलीभगत की आशंका को और गहरा कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वन विभाग के रेंज खोडरी अंतर्गत बिट केंवची से दिनांक 26 दिसंबर 2025 को रेत से भरा एक ट्रैक्टर जप्त कर वन विभाग कार्यालय मढ़ना डिपो परिसर में विधिवेत खड़ा किया गया था। उक्त वाहन विभागीय अभिरक्षा में था। दिनांक 13 जनवरी 2026 को जब वाहन मालिक शिवम ताम्रकार ट्रैक्टर छुड़वाने हेतु कार्यालय पहुँचे, तो उन्होंने पाया कि ट्रैक्टर में लगी नांगर पट्टी अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी कर ली गई है। मौके पर उपस्थित कर्मचारियों द्वारा भी चोरी की घटना की पुष्टि की गई। सबसे गंभीर और चिंताजनक तथ्य यह है कि यह घटना केवल एक वाहन तक, सीमित नहीं है। जानकारी सामने आई है कि मढ़ना डिपो परिसर में खड़े कई अन्य जप्त वाहनों से भी कीमती पुर्जे एवं सामान चोरी हो चुके हैं। यह पूरी चोरी वन विभाग के सुरक्षित माने जाने वाले कार्यालय परिसर के भीतर हुई है, जहाँ आसपास वरिष्ठ अधि कारियों के कार्यालय एवं निवास भी स्थित हैं। इस पूरे घटनाक्रम ने कई अहम सवाल खड़े कर दिए हैं-
क्या वन विभाग द्वारा जप्त वाहनों की सुरक्षा के लिए कोई प्रभावी व्यवस्था मौजूद है? क्या कार्यालय परिसर में सीसीटीवी कैमरे, चौकीदार या रात्रिकालीन सुरक्षा तैनात है? क्या यह चोरी किसी बाहरी व्यक्ति द्वारा की गई या इसमें विभाग के अंदरूनी तत्वों की संलिप्तता है? यदि विभागीय परिसर में आम नागरिक की जप्त संपत्ति सुरक्षित नहीं है, तो जवाबदेही किसकी होगी? पीड़ित वाहन मालिक द्वारा इस मामले में संबंधित थाना में प्रथम सूचना रिपोर्ट (FIR) दर्ज कराने हेतु आवेदन दिया गया है, साथ ही वन विभाग के उच्चा धिकारियों को लिखित शिकायत सौंपकर निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच तथा दोषियों पर कड़ी वैधानिक कार्रवाई की मांग की गई है। स्थानीय नागरिकों एवं वाहन मालिकों में इस घटना को लेकर भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि यदि सरकारी कार्यालय परिसर में ही चोरी की घटनाएँ हो रही हैं, तो आम जनता की संपत्ति की सुरक्षा की गारंटी कैसे दी जा सकती है। यह मामला केवल चोरी का नहीं, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही, सुरक्षा विफलता और जवाबदेही तय करने का है।अब देखना यह होगा कि वन विभाग एवं जिला प्रशासन इस गंभीर मामले कितनी गंभीरता से लेता है और क्या दोषियों के विरुद्ध समयबद्ध व क कार्रवाई कर आम जनता का भरोसा बहाल किया जाता है या नहीं।

# विशाल भंडारे के साथ श्री हनुमंत राम कथा का समापन

**समाज जागरण विजय तिवारी**

बुढार। श्री राम महायज्ञ श्री हनुमंत राम कथा विगत 5 जनवरी से 13 जनवरी 2026 तक परंपरागत हर्षो उल्लास के साथ संपन्न हो गया मकर संक्रांति के दिन 14 जनवरी को महायज्ञ एवं कथा के उपलक्ष्य में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम और क्षेत्र एवं शहडोल से लगभग 6हजार श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया यह कार्यक्रम ऐताझर के धार्मिक आयोजन के इतिहास अपना एक विशिष्ट छाप छोड़ गया आकर्षण का केंद्र यज्ञ मंडप रहा जिसमें ग्राम और क्षेत्र के धार्मिक श्रद्धालु ने परिक्रमा करके पूर्ण लाभ अर्जित किया जो सदैव अविस्मरणीय अनुकरणीय और बंदनीय रहेगा । राघव कृष्ण महाराज जी द्वारा कथा का वाचन किया गया।

# विद्युत मजदूर पंचायत उ प्र के अध्यक्ष बने प्रशांत उपाध्याय व सचिव विशाल शाही

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**

सोनभद्र/ अनपरा। विद्युत मजदूर पंचायत उ प्र के केंद्रीय पदाधिकारियों द्वारा शाखा अनपरा का चुनाव करा कर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से प्रशांत उपाध्याय को अध्यक्ष ओर विशाल शाही को



सचिव चुना गया। इसके अलावा सुभाष कुमार को कार्यवाहक अध्यक्ष, उपाध्यक्ष विशाल प्रजापति, अमित निषाद, अतुल कुमार गौतम उप सचिव, इंद्रदेव कोषाध्यक्ष, उपेंद्र सिंह लेखा निरीक्षक, जय प्रकाश, सुरेंद्र गुप्ता, मो. अशफाक, हिमांशु शुक्ला, जितेंद्र कुमार, पंकज कुमार, प्रशांत कुमार, राकेश पटेल कार्यकारणी सदस्य चुना गया। नवगठित कार्यकारिणी में कई वरिष्ठ और युवा कार्यकताओं को भी जोड़ा गया है। संगठन पदाधिकारी ने कर्मचारियों के हितों की रक्षा करने का संकल्प लिया।

# आमने-सामने बाइक की टक्कर में तीन घायल

**विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण**

खलियारी/ सोनभद्र। बीती रात लगभग 8 बजे पन्नूगंज थाना क्षेत्र के किरहुलियां गांव के पास पन्नूगंज पनौरा सम्पर्क मार्ग पर सतीष (23 निवासी शिवपुर थाना पन्नूगंज व जगरनाथ (50) निवासी लोढ़ा थाना मांची बाइक




से लोढ़ा गांव जा रहे थे कि सामने से दूसरे बाइक पर संतोष पासवान (25) निवासी ढोढरी थाना पन्नूगंज अपनी पत्नी को लेकर ससुराल सड़की बिहार से अपने घर ढ़ोढरी जा रहा था कि दोनों में टक्कर हो गई जिसमें तीनो घायल हो गए सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से सभी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चतरा लें गये जहां से डाक्टरों ने सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# अन्नदाताओ से कोई सरोकार सरकार को नहीं: संदीप मिश्रा

**विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण**

खलियारी/ सोनभद्र। इस वर्ष पूरे जनपद में डिएपी समय पर न मिलने व मोन्था जैसे तूफान को झेलने के बावजूद अन्नदाताओ ने धान की अच्छी पैदावार की है जो पिछले वर्ष से कही ज्यादे पैदावार है पिछले वित्तीय वर्ष में एक लाख बीस मीट्रिक टन खरीद हुई थी जबकि इस वर्ष अच्छी पैदावार होने पर भी एक



लाख तीन हजार मीट्रिक टन खरीद कर वो भी मिलरो व उनके बिचौलियो का मिलाकर है तो आज ये सरकार व सरकार में बैठे कुछ संवेदनहीन अधिकारियों नेताओ ने जनपद में खरीद नहीं होगी का आदेश पारित किया है जो सर्वथा किसानों के साथ अन्याय हैं आज पूरे जनपद के किसानो के फोन आ रहे हैं कि भैया कोई बोलने वाला नहीं है अब हम लोग कहा धान बेचे केवल बिचौलिए व राईस मिलरो को अधिक से अधिक मुनाफा पहुचाने के लिए ये सरकार किसानो के साथ कर रही संवेदनहीनता इसको किसान नौजवान संघर्ष मोर्चा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगा यदि जल्दी ही खरीद शुरू न की गयी तो होगा बड़ा आन्दोलन जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# मकर संक्रांति पर सर रिसोर्ट एंड फन सिटी, अनूपपुर में भव्य रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

**समाज जागरण**

अनूपपुर।मकर संक्रांति के पावन अवसर पर जिले में सांस्कृतिक उत्सव की भव्य झलक देखने को मिलेगी। आगामी 18 जनवरी 2026, दिन रविवार को सर रिसोर्ट एंड फन सिटी, अमरकंटक रोड, सकरा (अनूपपुर) में एक रंगारंग सांस्कृतिक एवं मनोरंजन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन क्षेत्रवासियों के लिए मनोरंजन, संगीत और स्वादिष्ट भोजन का अनूठा संगम लेकर आ रहा है।कार्यक्रम की विशेष आकर्षण होंगे मुंबई से पधार रहे जूनियर शशि कपूर, जो अपने सशक्त अभिनय और मंचीय प्रस्तुति से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करेंगे। वहीं संगीत की दुनिया के प्रसिद्ध गायक देबू चक्रवर्ती (इंडियन आइडल फेम सीजन छः, भारत की शान सीजन तीन मे अपनी मधुर एवं ऊजार्वान गायकी से समां बांधेंगे। इनके अलावा कार्यक्रम में आकर्षक डांस परफॉर्मेंस एवं अन्य म्यूजिकल प्रस्तुतियां भी शामिल रहेंगी। आयोजकों के अनुसार यह कार्यक्रम केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसमें दर्शकों के लिए स्वादिष्ट एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन की भी विशेष व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम में प्रवेश हेतु प्रवेश शुल्क मात्र 300 रुपये प्रति व्यक्ति रखा गया है, जिसमें भोजन शामिल है।कार्यक्रम का समय शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक निर्धारित किया गया है। आयोजन स्थल सर रिसोर्ट एंड फन सिटी, सकरा, अनूपपुर को आकर्षक ढंग से सजाया जाएगा, ताकि दर्शकों को एक यादगार अनुभव प्राप्त हो सके। आयोजकों ने जिले एवं आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों से अपील की है कि वे अपने परिवार व मित्रों के साथ इस मकर संक्रांति विशेष सांस्कृतिक संध्या में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाएं और लोक-संस्कृति व आधुनिक मनोरंजन के इस संगम का आनंद लें। यह कार्यक्रम न केवल मनोरंजन का अवसर प्रदान करेगा, बल्कि क्षेत्र में सांस्कृतिक गतिविधियों को भी नई पहचान देगा।

# भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर आवारा पशुओं के लिए तत्क्षण सुरक्षा चेतावनी प्रणाली का पायलट प्रोजेक्ट लॉन्च किया

यह पायलट प्रोजेक्ट जयपुर-आगरा और जयपुर-रेवाड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग कॉरिडोर पर आवारा पशुओं की आवाजाही के लिए लागू किया जा रहा है सड़क सुरक्षा माह 2026 मनाने और राष्ट्रीय राजमार्ग पर अचानक पशुओं के आने से होने वाले हादसों को कम करने के लिए सड़क सुरक्षा पहल के तहत, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के साथ मिलकर राष्ट्रीय राजमार्ग इस्तेमाल करने वालों को आवारा पशुओं वाले इलाकों के पास आने पर तत्क्षण सुरक्षा चेतावनी के लिए

एक पायलट पहल शुरू की है। इस पहल का मकसद राष्ट्रीय राजमार्ग पर, खासकर कोहरे और कम विजिबिलिटी की स्थिति में, जानवरों के अचानक आने से होने वाले हादसों को कम करना है। यह पायलट प्रोजेक्ट जयपुर-आगरा और जयपुर-रेवाड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग कॉरिडोर पर लागू किया जा रहा है, जिन्हें आवारा जानवरों के आने वाले इलाकों के तौर पर पहचाना गया है। इस पायलट प्रोजेक्ट के तहत, राष्ट्रीय राजमार्ग पर यात्रा करने वालों के लिए लोकेशन-बेस्ड अलर्ट जारी किए जाएंगे, जो चिन्हित तौर पर अधिक जोखिम वाले हिस्सों से लगभग 10 किमी पहले चेतावनी देंगे। इससे यात्रियों को सावधानी बरतने के लिए कुछ समय मिल जाएगा।

# राज्य मंत्री व ब्लॉक प्रमुख के हाथों कंबल पा कर गरीबों का खिला चेहरा

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**



डाला/ सोनभद्र। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी लोकप्रिय समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव सिंह गौड़ व ब्लॉक प्रमुख लीला सिंह गौड़ ने बुधवार को ग्राम पंचायत बिल्ली मारकुंडी उच्च प्राथमिक विद्यालय बाड़ी परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 1500 जरूरतमंद, असहाय एवं गरीब परिवारों को कंबल वितरित किया गया।कड़ाके की ठंड में कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरों पर खुशी साफ झलकती दिखाई दी। कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री, ब्लॉक प्रमुख, अजय देव द्वारा लाभार्थियों को कंबल वितरित कर उनका हालचाल जाना तथा सभी को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं। समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव सिंह गोंड़ ने कहा कि मकर संक्रांति का पर्व आपसी प्रेम, सौहार्द और सहयोग का संदेश देता है। ठंड के मौसम में जरूरतमंदों की मदद करना हम सबका कर्तव्य है। उत्तर प्रदेश सरकार और माननीय मुख्यमंत्री के योजनाओं का लाभ आज सीधे समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंच रहा हैं तथा हर वर्ष के भांति इस बार भी कोशिश है कि कोई भी गरीब और असहाय व्यक्ति ठंड से परेशान न हो। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख लीला सिंह गौड़, राम विचार गौड़, सुनील सिंह, शिवनाथ जायसवाल, उमेश पटेल, मीनू चौबे, संदीप पांडेय, विकास चौबे एवं युवा समाजसेवी अजय देव, टाटा चौधरी, गुलाब मास्टर सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# रेलवे डीटीएम को अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से किया गया सम्मानित

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**



चोपन/ सोनभद्र। चोपन के डीटीएम मोहम्मद तौसीफ उल्लाह को रेल मंत्री द्वारा अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से सम्मानित किए जाने पर रेलकर्मियों में हर्ष का माहौल है। इस उपलब्धि पर ईसीआरईयू की एक टीम ने डीटीएम कार्यालय पहुंचकर उन्हें मुबारकबाद दी और हौसला अफजाई की। इस अवसर पर जोनल संयुक्त सचिव प्रवीण कुमार, चोपन शाखा अध्यक्ष संतोष दुबे, उपाध्यक्ष सतीश कुमार, कोषाध्यक्ष इंद्रजीत यादव तथा एआईएलआरएसए के शाखा सचिव जावेद अख्तर ने डीटीएम मोहम्मद तौसीफ उल्लाह को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर एवं माला पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि डीटीएम मोहम्मद तौसीफ उल्लाह ने न केवल धनबाद मंडल का नाम रोशन किया है, बल्कि कभी काला पानी कहे जाने वाले चोपन सेक्शन की छवि को भी राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। डीटीएम तौसीफ उल्लाह ने पुरस्कार का श्रेय सभी रेल कर्मचारियों को देते हुए कहा कि यह सम्मान टीमवर्क और सभी की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि में सभी रेलकर्मी बराबर के भागीदार हैं और आप सभी बधाई के पात्र हैं। यूनियन अध्यक्ष संतोष दुबे ने सभी रेल कर्मचारियों की ओर से डीटीएम को हार्दिक धन्यवाद देते हुए नववर्ष का कैलेंडर सप्रेम भेंट किया। वहीं जोनल संयुक्त सचिव प्रवीण कुमार ने कहा कि रेल कर्मचारी सदैव रेल के गौरव को बढ़ाने के लिए कदम से कदम मिलाकर साथ चलते रहेंगे। एआईएलआरएसए के शाखा सचिव जावेद अख्तर ने इस अवसर पर रेलवे की वार्षिक खेल प्रतियोगिता के विषय में भी विचार-विमर्श किया।

# दुद्धी पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 3 नफर अभियुक्त गिरफ्तार, तमंचा-कारतूस व ₹42,500 नकद बरामद

**ब्यूरो समाज जागरण**



सोनभद्र। थाना दुद्धी पुलिस ने अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए चोरी व अवैध हथियार रखने के मामले में तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) व क्षेत्राधिकारी दुद्धी के पर्यवेक्षण में की गई। थाना दुद्धी पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वस्तु की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर कनहर नदी के पास संस्कार घाट जाने वाले रास्ते पर खड़े संदिग्ध व्यक्तियों की घेराबंदी की गई। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए मौके से दो पुरुष एवं एक महिला को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने चोरी की घटनाओं में संलिप्तता स्वीकार की।

गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान इस प्रकार हुई– राजा कुमार पुत्र राजू राम, निवासी वार्ड नं. 01 स्वीपर बस्ती, कस्बा दुद्धी, जनपद सोनभद्र, उम्र लगभग 24 वर्ष। शम्भू राम पुत्र बुधन राम, निवासी गढ़वा जेमेटोली, थाना गढ़वा, जिला गढ़वा (झारखंड), उम्र लगभग 40 वर्ष। निशा देवी पत्नी राजू राम, निवासी वार्ड नं. 01 स्वीपर बस्ती, कस्बा दुद्धी, जनपद सोनभद्र, उम्र लगभग 45 वर्ष।दिनांक 14 जनवरी 2026 को समय लगभग 04:40 बजे तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। इनके विरुद्ध थाना दुद्धी पर मु0अ0सं0 272/ 2025 व 317/2025, धारा 331(4), 305(ए), 317(2), 317(5) बीएनएस तथा 3/25 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत है। विवेचना उपनिरीक्षक जयशंकर राय, प्रभारी दुद्धी एवं उपनिरीक्षक हरिकेश आजाद द्वारा की जा रही है।

बरामदगी विवरण: एक अदद देशी तमंचा (.315 बोर) एक अदद जिंदा कारतूस (.315 बोर) चोरी का माल–नकद ₹42,500/- आभूषण (सफेद धातु) 19 जोड़ी पायल बिछिया 29 जोड़ी। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों में हड़कंप मचा है और आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है।

# जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सोनभद्र के तत्वाधान में चलाया गया जागरुकता अभियान

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**



सोनभद्र। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सोनभद्र के जिला आपदा विशेषज्ञ अरुण कुमार यादव के निर्देशन पर आपदा मित्र मास्टर ट्रेनर के द्वारा मेला में जागरूकता अभियान चलाया गया नौडीहा/ रामगढ ग्राम पंचायत के गायघाट सोन नदी में मकर संक्रांति के दिन लगने वाले पुराने पारंपरिक स्नान मेला पर लोगों को जन जागरूकता अभियान के माध्यम से डूबना, शीत लहर से बचाव हेतु क्या करें क्या ना करें और सर्प दन्स, सड़क दुर्घटना, ज्यादा भीड़ की वजह से भगदड़ की स्थिति में कैसे बचा जा सके इत्यादि आपदाओं के बारे में जागरूक किया गया, इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित रहे मास्टर ट्रेनर अनुज कुमार व सिकंदर प्रसाद , और आपदा मित्र / सिविल डिफेंस से अमर सिंह चौकीदार प्रदीप, एवं सैकड़ो जनता उपस्थित रहे भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा संचालित आपदा मित्र परियोजना से, 2024 मे लगभग 78000 लोगों का जान बचाया गया था जिससे प्रभावित होकर, देश के प्रधानमंत्री ने मास्टर ट्रेनर आपदा मित्र के द्वारा निस्वार्थ भाव से जागरूकता अभियान और आपदा प्रबंधन न्यूनीकरण में सहयोग करने पर पिछले 26 जनवरी 2025 को माननीय देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा विशेष अतिथि के रूप में 26 जनवरी कर्तव्य पथ परेड स्थल पर शामिल होने हेतु विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था, जिसमें दोनों मास्टर ट्रेनर ने उपस्थित होकर परेड स्थल पर होने वाले कार्यक्रम का आनंद लिए और बताया कि वह एक ऐतिहासिक पल रहा जो हम लोगों को देश के प्रधानमंत्री के द्वारा विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया जिसमें हम लोगों को दिल्ली भ्रमण और घर से दिल्ली तक आने-जाने रहने खाने और वापस घर आने तक पूरा व्यवस्था सरकार के द्वारा किया गया था जो एक ऐतिहासिक और यादगार पल था हम लोग समय-समय पर आपदा प्रबंधन न्यूनीकरण में, जन जागरूकता, राहत चौपाल, स्कूल प्रशिक्षण इत्यादि के द्वारा लोगो को सहयोग करते रहते हैं।

# महिला का भेष बनाकर हाईवे पर लूट करने वाले गिरोह का शातिर बदमाश पुलिस मुठभेड़ में घायल/गिरफ्तार, कब्जे से अवैध असलहा व कारतूस बरामद

**ब्यूरो समाज जागरण**



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार तथा क्षेत्राधिकारी ओबरा अमित कुमार के कुशल पर्यवेक्षण में थाना कोन पुलिस द्वारा आज दिनांक 14.01.2026 को रात्रि गश्त एवं संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग के दौरान प्राप्त गोपनीय सूचना के आधार पर एक बड़ी आपराधिक घटना को विफल किया गया। सूचना प्राप्त हुई थी कि कनहर नदी पुल के पास कोन-तिलगुडवा मुख्य मार्ग पर कुछ इनामी/शातिर बदमाश महिला का भेष धारण कर रात्रि में आने-जाने वाले वाहनों को रोककर लूट की घटनाओं को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना कोन पुलिस द्वारा तत्काल पुलिस टीम गठित कर समय लगभग 05.10 बजे मौके पर दबिश दी गई। पुलिस टीम को देखकर बदमाश जंगल की ओर भागने लगे तथा स्वयं को घिरा देख बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गई। पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई संतुलित जवाबी फायरिंग में एक बदमाश कृष्णा उर्फ कृष्णदेव सिंह पुत्र लोहा सिंह निवासी नौडिहा थाना कोन जनपद सोनभद्र, उम्र लगभग 23 वर्ष के बाएँ पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसका एक साथी अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गया। घायल/गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक अदद नाजायज तमंचा 315 बोर, एक अदद खोखा कारतूस 315 बोर, एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर, ₹450 नगद तथा दो मोबाइल फोन बरामद किए गए। घायल अभियुक्त को उपचार हेतु सरकारी अस्पताल भेजा गया है। बरामदगी एवं गिरफ्तारी के संबंध में थाना कोन पर मु0अ0सं0- 09/ 2026 धारा 109(1) बीएनएस एवं 3/25/27 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है। पूछताछ का विवरण- पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने स्वीकार किया कि वह अपने साथियों के साथ गिरोह बनाकर हाईवे एवं मुख्य मार्गों पर महिला का भेष धारण कर वाहनों को रुकवाता था। तत्पश्चात वाहन चालकों को प्रलोभन देकर जंगल अथवा सुनसान स्थानों की ओर ले जाकर असलहे के बल पर उनसे नकदी एवं अन्य कीमती सामान लूट लिया जाता था। अभियुक्त ने यह भी बताया कि लोक-लाज एवं बदनामी के भय से कई पीड़ित पुलिस से शिकायत नहीं करते थे, जिसका लाभ उठाकर उनका गिरोह लगातार घटनाओं को अंजाम देता था। अभियुक्त ने बताया कि गिरोह के सदस्य बारी-बारी से महिला का भेष धारण करते थे। गिरफ्तार अभियुक्त ने यह भी बताया कि घटना के दौरान जंगल की ओर फरार हुआ अभियुक्त सोनू पुत्र सुरेन्द्र उर्फ सुलेन्द्र उसका सगा मौसा है, जो रॉबर्ट्सगंज क्षेत्र का निवासी है।

# लापरवाही के चलते चार थाना प्रभारी लाइन हाजिर

### जनहित में निरीक्षकों के तबादले, कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने के उद्देश्य से तात्कालिक कार्रवाई

**ब्यूरो समाज जागरण**




सोनभद्र। जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने तथा कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस विभाग द्वारा बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की गई है। कार्यों में लापरवाही एवं अपेक्षित नियंत्रण न होने के आरोप में चार थाना प्रभारियों को लाइन हाजिर करते हुए पुलिस लाइन स्थानांतरित किया गया है। यह कार्रवाई आवश्यकता/ जनहित एवं प्रशासनिक समायोजन के तहत तात्कालिक प्रभाव से की गई है। पुलिस विभाग के अनुसार यह कदम कानून-व्यवस्था को मजबूत करने और पुलिसिंग को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में उठाया गया है। स्थानांतरित (लाइन हाजिर) किए गए निरीक्षक इस प्रकार हैं- निरीक्षक माधव सिंह प्रभारी निरीक्षक, थाना राबर्ट्सगंज पुलिस लाइन निरीक्षक कमलेश कुमार पाल प्रभारी निरीक्षक, थाना बभनी पुलिस लाइन निरीक्षक चन्द्रशेखर सिंह प्रभारी निरीक्षक, थाना विंढनेगंज पुलिस लाइननिरीक्षक राजेश सरोज प्रभारी निरीक्षक, थाना शाहगंज पुलिस लाइन पुलिस विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जनहित से जुड़े मामलों में जिम्मेदारी तय की जाएगी। उक्त स्थानांतरण आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिए गए हैं। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे शीघ्र ही अपने नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करें। इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में स्पष्ट संदेश गया है कि अनुशासनहीनता एवं लापरवाही पर सख्त कदम उठाए जाएंगे।

# लक्ष्मण सिंह मौर्य के निधन से जाप कार्यकताओं में शोक की लहर

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**



सोनभद्र। जन अधिकार पार्टी सोनभद्र के संस्थापक सदस्य एवं जिला संगठन मंत्री लक्ष्मण सिंह मौर्य 68 वर्ष का बीते मंगलवार को हार्ट अटैक से इलाज के दौरान वाराणसी में निधन हो गया। जन अधिकार पार्टी के प्रदेश प्रमुख महासचिव डॉ भागीरथी सिंह मौर्य ने बताया कि लक्ष्मण सिंह मौर्य जन अधिकार पार्टी के संस्थापक सदस्यो में से एक रहे वे पार्टी में विभिन्न पदों पर कार्य कर चुके है । समाजसेवी, मृदुभाषी, मिलनसार लक्ष्मण सिंह मौर्य के निधन से पार्टी की अपूर्णीय क्षति हुई है उनकी गिनती पार्टी संस्थापक एवं सांसद बाबू सिंह कुशवाहा एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकन्या कुशवाहा के करीबियों में होती थी । उनके निधन की खबर मिलते ही भारी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता उनके आवास इमीलि याडीह पहुंच पार्टी ध्वज के साथ श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त किए। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में सुमंत सिंह मौर्य मंडल प्रभारी वाराणसी, आदित्य मौर्य जिलाध्यक्ष सोनभद्र, किरन कुशवाहा मंडल प्रभारी महिला प्रकोष्ठ, जिला महासचिव रविरंजन शाक्य, मनोज मौर्य विधानसभा अध्यक्ष राबर्ट्सगंज, विनोद कुमार मौर्य विधानसभा अध्यक्ष घोरावल, बलिराम मौर्य प्रधान, राकेश मौर्य, सुरेश मौर्य, राम आशीष पासवान, रुस्तम भारती, जोगेंद्र सिंह, रामराज बिंद, डॉ जय सिंह, विकाश मौर्य, तेजबली चंद्रवंशी, मनोज मौर्य सहित अनेकों पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बरगवा मेला धार्मिक आस्था एवं संस्कृति का प्रतीक- रामलाल पांच दिवसीय मेला का शुभारंभ

**समाज जागरण**



अनूपपुर। कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक रामलाल रौतेल ने मकर संक्रांति के अवसर पर बरगवा हनुमान मंदिर के मैदान में आयोजित होने वाले 5 दिवसीय मेला का शुभारंभ फीता काटकर किया। मेला के शुभारंभ अवसर पर सांसद ने संबोधित करते हुए कहा कि पौराणिक काल से लगने वाला के लिए आकर्षण का केंद्र है यहां ऐतिहासिक परपंरा, भव्यता एवं दिव्यता का अद्भुत संगम है। उन्होंने कहा कि मेले का आयोजन में भव्यता होती है और पीढ़ी दर पीढ़ी इसकी भव्यता बढ़ती जा रही है यह हमारे लिए गर्व की बात है कि आधुनिक युग में भी ऐतिहासिक परंपरा देखने को मिलती है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी मेला की भव्यता बनी रहें। पूर्व विधायक ने लोगो को मकर संक्रंति की शुभकामनाए भी दी। कार्यक्रम को सम्बोंधित करते हुए नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती गीता गुप्ता ने कहा कि मेला के आयोजन के लिए लोगो में उत्सुकता होती है। यह मेला धार्मिक आस्था एवं सांस्कृतिक का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि लोगो में बरगवा मेले के आयोजन आत्मीय जुड़ाव होता है, यहॉ दूर-दराज के क्षेत्रो से आने वाले लोगो को जरूरत की सामग्रिया उपलब्ध होती जो अपने जरूरतों के हिसाब से खरीददारी करते है। कार्यक्रम को सम्बोंधित करते हुए नपा उपाध्यक्ष डॉ राज तिवारी ने कहा

कि हनुमान मंदिर मेला मैदान में आयोजित होने वाला यह प्राचीन मेला अति पुरातंन है उन्होंने बताया कि 5 दिवसीय मेला के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुतियां भी दी जाएगी जिसमें रामलीला के कलाकरों की प्रस्तुति दी जा रही है। मेला के शुभारंभ अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष सतनारायण सोनी, समाजसेवी जितेंद्र सिंह, अभिषेक गुप्ता थाना प्रभारी सुंदरेष मरावी चौकी प्रभारी रंगनाथ मिश्रा सहित पार्षद, गणमान्य नागरिक, नपा अमला, अन्य लोग उपस्थित रहें।

# ओवर ब्रिज पर डिवाइडर से टकराई बाइक, जीजा की मौत

### हादसे में साला गंभीर घायल, चल रहा उपचार

**समाज जागरण**

फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम चक्की ओवर ब्रिज में बुधवार की दोपहर अनियंत्रित होकर बाइक डिवाइडर से टकरा गई। जिससे जीजा-साला गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां जीजा को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के आबूनगर नई बस्ती निवासी देवीचरन का 50 वर्षीय पुत्र निरंजन गौतम अपने साले अनिल पुत्र रमेश निवासी बेनीपुर थाना धाता के साथ उसकी ससुराल बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत जा रहे थे। जैसे ही ये लोग चक्की नाका ओवर ब्रिज पर पहुंचे तभी अनियंत्रित होकर बाइक डिवाइडर से टकरा गई। जिससे दोनों बुरी तरह घायल हो गए। सूचना पाकर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने जीजा निरंजन गौतम को मृत घोषित कर दिया। उधर घायल साले का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसे के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# टीकर गांव में किसान की गला रेतकर निर्मम हत्या

### एसपी ने घटनास्थल का किया निरीक्षण
### घटना के खुलासे के लिए टीमों का किया गठन

**समाज जागरण**

फतेहपुर। असोथर थाना क्षेत्र के टीकर गांव में मंगलवार की रात एक अधेड़ किसान की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई। बुधवार की सुबह अरहर के खेत में शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक भी मौके पर पहुंचे और घटना के खुलासे के लिए टीमों का गठन किया।

जानकारी के अनुसार टीकर गांव निवासी रामसुमेर उर्फ प्यारे सिंह (45) पुत्र शिवगोविंद मंगलवार की रात भोजन करने के बाद रोज की तरह अपने घर से लगभग एक किलोमीटर दूर स्थित ट्यूबवेल पर सोने गए थे। बुधवार की सुबह निर्धारित समय तक घर न लौटने पर परिजन उन्हें तलाशने लगे। ट्यूबवेल पर ताला बंद मिलने के बाद परिजन गांव के आसपास खोजबीन कर रहे थे। इसी दौरान अरहर के खेत में एक शव पड़ा मिला, जिसकी गर्दन कटी हुई थी। बाद में शव की पहचान रामसुमेर के रूप में हुई। घटना की जानकारी होते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए।

परिजनों ने बताया कि मृतक का मोबाइल फोन मौके से गायब है और कॉल करने पर फोन बंद आ रहा है। इस आधार पर पुलिस लूट अथवा अन्य किसी साजिश की आशंका को भी ध्यान में रखकर जांच कर रही है। सूचना मिलते ही असोथर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक महेन्द्र पाल सिंह, क्षेत्राधिकारी थरियांव वीर सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलन किया गया और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। एसपी ने पुलिस टीमों का गठन करते हुए इस निर्मम हत्याकाण्ड का शीघ्र खुलासा करते हुए अभियुक्तों को जेल की सलाखों के पीछे भेजने के निर्देश दिए। मृतक अपने परिवार का एकमात्र सहारा था। उसके परिवार में पत्नी रेनू सिंह, दो बेटियां और दो छोटे बेटे हैं। पति की हत्या से पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक दो भाइयों में बड़ा था, जबकि उसका छोटा भाई कानपुर में नौकरी करता है।

# पुलिस ने मुठभेड़ में शातिर अभियुक्त किया गिरफ्तार, पर में गोली लगी

**समाज जागरण-ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद। थाना रामगढ़ पुलिस ने पुलिस मुठभेड़ में एक चोर को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। पुलिस ने उसके पास से चोरी का सामान बरामद किया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस को उसके बारे मे पता चला। पता चलते ही पुलिस ने लालपुर मंडी के पास स्थित पटेल कारखाना के पीछे दबिश दी। पुलिस को देख उसने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। पुलिस ने भी जवाबी कार्यवाही की। पुलिस की कार्यवाही में अभियुक्त के पैर में गोली लग गयी। जिसे घायल अवस्था में पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त का नाम पहचान ऋषभ पुत्र राजबहादुर निवासी लहोखर थाना दिबियापुर जनपद औरैया बताया गया है। पूछ ताछ के दौरान अभियुक्त ऋषभ ने बताया उसने अपने 04 अन्य साथियों के साथ मिलकर 05 व 09 जनवरी को थाना रामगढ़ क्षेत्र में चोरी की घटनाओं के अंजाम दिया था। पुलिस ने उसके पास से चोरी किये गये 02 बिछुए, 02 तोडिया, 02 अंगूठी, 2400/- रुपए, एक मोबाइल फोन, एक तमंचा, 02 खोखा कारतूस, 01 जिंदा कारतूस (315 बोर) एवं 01 लोहे की रॉड बरामद की है। घायल अभियुक्त ऋषभ को पुलिस अभिरक्षा में उपचार को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# बाइकों की भिड़ंत में दो युवकों की मौत

**समाज जागरण**

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम चुरियानी के समीप मंगलवार की शाम बाइकों की हुई भिड़ंत में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार हेतु सदर अस्पताल लाया गया। इलाज के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया। बताते चलें कि गाजीपुर थाने के फरीदाबाद टिकरी गांव निवासी रामकृपाल का 23 वर्षीय पुत्र विमलेश कुमार अपने साथी सनी पुत्र संतोष के साथ बाइक से रिश्तेदारी में जा रहा था। जब यह लोग चुरियानी के समीप पहुंचे तभी राधानगर थाना क्षेत्र के मलाका गांव निवासी सुखदेव का 30 वर्षीय पुत्र धर्मेन्द्र कुमार बाइक लेकर आ रहा था। तभी दोनों के बीच भिड़ंत हो गई। जिसमें धर्मेन्द्र की घटनास्थल पर मौत हो गई। जबकि विमलेश व सनी घायल हो गए थे। सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान विमलेश ने भी दम तोड़ दिया। सूचना पर पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# एन एच ए आई को हाईवे पर सुरक्षा मानको को दुरुस्त करने के दिये दिशा निर्देश

### गोल्डन हॉवर्स में मदद करने वाले मददगारों और कार्मिकों को किया जाएगा सम्मानित!

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद! जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में लोकवाणी सभागार कक्ष में ज़िला सड़क सुरक्षा समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, बैठक में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात व्यवस्था को सुदृण बनाने के लिए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को कड़े दिशा निर्देश दिए, जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी निजी स्कूलों में यह सुनिश्चित किया जाए कि बच्चों को लाने ले जाने के लिए कोई भी अनफिट वाहन न चलें, जिलाधिकारी ने इस बात पर गंभीर चिंता व्यक्त की, की वर्तमान में 55 से 60% स्कूलों में वाहन असुरक्षित है, उन्होंने यह निर्देश दिए की स्कूल प्रशासन मानकों के अनुरूप सुरक्षित वाहनो की व्यवस्था करें, ऑटो या




ई-रिक्शा में क्षमता से अधिक बच्चों को ले जाने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए, हाईवे पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए जिलाधिकारी ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एन एच ए आई को निर्देशित करते हुए कहा कि हाईवे के दोनों और समुचित बैरिकेडिंग और सही रिफ्लेक्टर लगाई जाए, हाईवे पर जहां निर्माण कार्य चल रहा है, वहां पर ग्रीन सिग्नल की व्यवस्था अनिवार्य रूप से हो, साथ ही साथ डिवाइडर की गुणवत्ता में सुधार किया जाए और लेफ्ट और यू टर्न पर स्पष्ट लोगों और साइन बोर्ड लगाई जायें, साथ ही जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों की जांच के लिए ब्रीथ एनालाइजर का उपयोग सुनिश्चित हो, साथ ही जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि एन एच ए आई और शिक्षा विभाग बड़े स्तर पर सड़क सुरक्षा हेतु जागरूकता अभियान चलाएं, साथ ही जिलाधिकारी ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि सड़क हादसे के बाद गोल्डन आवर्स में घायलों की मदद करने वाले मददगारों और कार्मिकों को सम्मानित किया जाए,

अंत में जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा के मानकों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, नियमों का उल्लंघन करने वाले स्कूल व निर्माण एजेंसीयों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी!

# रिश्वत कांड में फंसे लेखपाल की बढ़ीं मुश्किलें, विजिलेंस ने शुरू की गहन जांच

### तहसील जसराना और गेस्ट हाउस का निरीक्षण, अभिलेख खंगाले गए, कर्मचारियों से पूछताछ

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद! एका रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़े गए लेखपाल रविंद्र सिंह के मामले में विजिलेंस ने जांच का दायरा और तेज कर दिया है। मंगलवार को सतर्कता अधिष्ठान की टीम ने तहसील जसराना पहुंचकर संबंधित अभिलेखों की गहन जांच की और कई कर्मचारियों से पूछताछ की। इसके साथ ही रिश्वत लेनदेन से जुड़े घटनास्थल बांके बिहारी गार्डन गेस्ट हाउस एका का भी निरीक्षण किया गया, जहां स्थानीय लोगों से आवश्यक जानकारी जुटाई गई। गौरतलब है कि शनिवार शाम राजपुर निवासी एक किसान से दस हजार रुपये की रिश्वत लेते समय लेखपाल रविंद्र सिंह को विजिलेंस टीम ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। आरोप है कि लेखपाल सरकारी



कार्यों के निस्तारण के बदले किसान से अवैध रूप से धन की मांग कर रहा था। जांच टीम ने बताया कि मामले की जांच पूरी गंभीरता से की जा रही है। जांच अधिकारी (आईओ) जितेंद्र सिंह द्वारा साक्ष्य संकलन का कार्य लगातार जारी है। प्रारंभिक जांच में यह तथ्य सामने आया है कि लेखपाल ने बांके बिहारी गार्डन गेस्ट हाउस को दलाली और लेनदेन का अड्डा बना रखा था। विजिलेंस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इस प्रकरण में तहसील से लेकर घटनास्थल तक जो भी व्यक्ति संलिप्त पाया जाएगा, उसके खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। जांच शुरू होते ही तहसील परिसर में हड़कंप मचा हुआ है और कर्मचारियों में भी चचाओं का माहौल बना हुआ है।

# खिचड़ी भोज एवं कंबल वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन काफी संख्या में साधु संत रहे मौजूद

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद । थाना मटसैना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सरगवॉ स्थित श्री गोपाल जी महाराज विराजमान मंदिर के प्रांगण में स्वर्गीय श्री सुरेंद्र सिंह पचौरी मेमोरियल ट्रस्ट एवं विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग (ब्रज प्रांत) के संयुक्त तत्वावधान में उमाकांत पचौरी एडवोकेट की अध्यक्षता में आयोजित मकर संक्रांति के पावन अवसर पर क्षेत्रीय साधु संतों गरीब वृद्ध विकलांगों एवं असहाय व्यक्तियों को कंबल वितरण के साथ ही दक्षिणा देते हुए सामूहिक भोज कराया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ विश्व हिंदू परिषद एवं स्वर्गीय सुरेंद्र सिंह मेमोरियल ट्रस्ट के पदाधिकारियों द्वारा सर्वप्रथम मुख्य अतिथियों का



माल्यार्पण व अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित गौ सेवा आयोग के सदस्य रमाकांत उपाध्याय ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी युवाओं को सीख लेनी चाहिए की अपने क्षेत्र में समाजसेवा का कार्य करें। जिससे क्षेत्र के तमाम गरीब, पीड़ित, असहाय, विकलांग, विधवा, व निराश्रित लोगों की मदद हो सके । विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय सह मंत्री राकेश त्यागी ने कहा कि सामूहिक खिचड़ी भोज सामाजिक समरसता को बढ़ावा देता है क्योंकि यह जाति-धर्म से ऊपर उठकर लोगों को एक साथ लाता है, आपसी भाईचारा और सद्भाव बढ़ाता है, और सामाजिक एकता का प्रतीक बनता है । मोनार्क होटल के निदेशक ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन में सभी वर्ग के लोग एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण करते हैं, जिससे छुआछूत जैसी बुराइयां दूर होती हैं और समाज में समरसता की भावना विकसित होती है। भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष अरविंद पचौरी ने कहा कि इस प्रकार के सामूहिक कार्यक्रमों से समाज में समरसता का भाव पैदा होता है और जाति भेद की खाई पटती है । भाजपा नेत्री अनुपम शर्मा कहा है कि यह कंबल वितरण का कार्य केवल सेवा भाव के लिए किया जा रहा है राजनीति से इसका कोई सरोकार नहीं है। संचालन कौशल उपाध्याय ने किया । विश्व हिंदू परिषद के सेवा विभाग ब्रज प्रांत सेवा प्रमुख रमाकांत पचौरी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया । श्रीमती मंजू जादौन संतोष वशिष्ठ सुनील वशिष्ठ विनोद पचौरी दिनेश वशिष्ठ डॉ नितिन अग्रवाल प्रशांत वशिष्ठ आलोक पचौरी अनिल दिक्षित प्रेम प्रकाश शर्मा बॉबी पचौरी प्रशांत वशिष्ठ मटसेना थाना इंचार्ज अंकित तैलिंग वरुण शर्मा सौरभ शर्मा गौरव शर्मा कुलदीप पचौरी आदि विशेष रूप से उपस्थित थेसमाचार तो बनेगा ।

# परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के अंतर्गत एम डी जैन इंटर कॉलेज में मनाया गया स्वेदशी खेल सत्र!

**समाज जागरण**

सिरसागंज! नगर के प्रतिष्ठित विद्या लय श्री एम डी जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज में विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार जैन एवं प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के अंतर्गत स्वदेशी खेल सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय की छात्र एवं छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया। नीरज कुमार जैन ने सभी विद्यार्थियों को परीक्षा पे चर्चा की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों के रजिस्ट्रेशन के उपरान्त विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला 12 जनवरी से 23 जनवरी तक निर्धारित की गई है। जिसके अंतर्गत आज के कार्यक्रम स्वदेशी खेल सत्र में विद्यालय के प्रवक्ता संजय कटारा द्वारा छात्र- छात्राओं को दौड़ प्रतियोगिता, श्रीमती प्रीती जैन द्वारा



छात्राओं को खों खों एवं अन्य खेल क्रियाएं कराई गई। छात्रों की दौड़ प्रतियोगिता में अरसद एवं अमित ने प्रथम स्थान, हार्दिक एवं हर्षित ने द्वितीय स्थान एवं आदेश और प्रभात ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्राओं की दौड़ प्रतियोगिता में गुंजन ने प्रथम स्थान, पूनम ने द्वितीय स्थान एवं कोमल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल की भूमिका का निर्वहन निशान्त जैन, अंजय जैन, शैलेंद्र जैन, दुर्गेश नंदन श्रीवास्तव, प्रशांत जैन एवं विपुल जैन ने किया। सभी विजयी प्रतिभागियों को प्रधानाचार्य एवं अन्य शिक्षक साथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# निगोहां के गढ़ में उतरावां का 'विस्फोट', मेजबान को धूल चटाकर फाइनल में मारी धाकड़ एंट्री

**आशीष पांडेय समाज जागरण**
**संवाददाता निगोहा**

लखनऊ निगोहां खेल के मैदान पर जब जज्बा और जुनून मिलता है, तो मुकाबला वाकई यादगार बन जाता है। निगोहां के एसएन टी मैदान पर चल रहे क्रिकेट टूनामेंट में बुधवार को कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला। सेमीफाइनल के इस अहम मुकाबले में उतरावां की टीम ने मेजबान निगोहां को पटखनी देते हुए शान से फाइनल में प्रवेश कर लिया है। दोपहर को शुरू हुए इस रोमांचक मैच में टॉस का सिक्का निगोहां के पक्ष में गिरा। निगोहां के कप्तान ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया, लेकिन उतरावां के गेंदबाजों



की सधी हुई लाइन-लेंथ के सामने मेजबान बल्लेबाज संघर्ष करते नजर आए। निर्धारित 16 ओवरों के खेल में निगोहां की टीम ताश के पत्तों की तरह बिखर गई और 9 विकेट खोकर केवल 109 रनों का मामूली स्कोर खड़ा कर सकी। उतरावां के क्षेत्ररक्षकों ने भी चुस्ती दिखाते हुए निगोहां को बड़े स्कोर से वंचित रखा।

**लक्ष्य का पीछा और जीत**

110 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी उतरावां की शुरूआत भी उतार-चढ़ाव भरी रही। मैच के बीच में निगोहां के गेंदबाजों ने वापसी की कोशिश की और उतरावां के 7 विकेट झटक लिए, जिससे मैच एक समय बेहद रोमांचक मोड़ पर आ गया। हालांकि, उतरावां के बल्लेबाजों ने अपना संयम नहीं खोया और महज 14 ओवरों में जीत हासिल कर ली। प्रभात पाण्डेय बने

**'मैन ऑफ द मैच'**

उतरावां की इस शानदार जीत में प्रभात पाण्डेय का अहम योगदान रहा। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन बल्ले बाजी / गेंदबाजी के लिए उन्हें कमेटी द्वारा 'मैन ऑफ द मैच' के खिताब से नवाजा गया। उनकी इस उपलब्धि पर खेल प्रेमियों ने तालियों के साथ उनका उत्साहवर्धन किया।

**गुरुवार को होगा महामुकाबला**

अब सबकी निगाहें गुरुवार को होने वाले खिताबी मुकाबले पर टिकी हैं। टूर्नामेंट का भव्य फाइनल मैच गुरुवार को गढ़ी चुनौटी और उतरावां के बीच खेला जाएगा। खेल प्रेमियों को उम्मीद है कि फाइनल में भी एक कांटे की टक्कर देखने को मिलेगी। स्थानीय दर्शकों में इस मैच को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है।

# मकर संक्रांति पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर कैम्प और कंबल वितरण का हुआ आयोजन।

**विवेक कुमार**
**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

मोहन लालगंज लखनऊ मकर संक्रांति के पावन पर्व के अवसर पर मोहनलालगंज क्षेत्र के ग्राम उमेद खेड़ा (राजा खेड़ा) में सेवा और सौहार्द का संगम देखने को मिला। इस खास मौके पर ग्रामीणों के उत्तम स्वास्थ्य और कड़ाके की ठंड से राहत दिलाने के उद्देश्य से इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के सौजन्य से स्वास्थ्य शिविर एवं कंबल वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

**बेहतर स्वास्थ्य के लिए सनराइज मेडिकेयर की पहल**



इस अवसर पर क्षेत्र के ग्राम राजा खेड़ा और उमेद खेड़ा में सनराइज मेडिकेयर हॉस्पिटल की ओर से एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर हेल्थ कैंप लगाया गया। इस शिविर में अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर एस. सागर और डॉक्टर निर्मल साहू ने अपनी टीम के साथ सैकड़ों ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर के दौरान मरीजों की ब्लड प्रेशर, शुगर और अन्य सामान्य बीमारियों की जांच की गई और उन्हें निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। डॉक्टरों ने ग्रामीणों को मौसमी बीमारियों से बचाव और स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया।और दूसरी तरफ जरूरतमंदों को मिली राहत, बांटे गए कंबल वहीं दूसरी ओर, सामाजिक सरोकारों को आगे बढ़ाते हुए उमेद खेड़ा ग्राम में एडवोकेट सुशील कुमार रावत द्वारा स्थापित गौशाला मे इस भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मकर संक्रांति की कड़कड़ाती ठंड को देखते हुए क्षेत्र के निर्धन और असहाय बुजुर्गों को कंबल भेंट किए गये। कंबल पाकर ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे।"पर्व का असली आनंद अपनों के बीच सेवा भाव साझा करने में है।

स्वास्थ्य और सुरक्षा हर नागरिक का अधिकार है आयोजक मंडल इस अवसर इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के उत्तर प्रदेश के महासचिव एवं भाजपा के प्रदेश मंत्री श्री रामानंद कटियार जी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे एवं स्थानीय चेयरमैन प्रतिनिधि श्री सत्यम पाण्डेय और भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे, जिन्होंने इस मानवीय पहल की सराहना की।

# भारी वस्तु प्रहार कर की पत्नी की हत्या

### पिता ने पति सहित तीन के खिलाफ थाने में दी तहरीर

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद! थाना नगला सिंघी क्षेत्र के गांव बझेरा में मंगलवार की रात पति ने भारी वस्तु प्रहार कर पत्नी की हत्या कर दी पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है थाना नगला सिंधी क्षेत्र के गांव बझेरा में परिवार कलह के चलते पति हरि गोपाल ने अपनी 28 वर्षीय पत्नी अनीता के सिर में भारी वस्तु से प्रहार कर दिया जिसके फल स्वरुप उसकी मौके पर मौत हो गई मौत की खबर लोगों में फैली और काफी भीड़ एकत्रित हो गई इधर घटना की जानकारी मिलते ही मृतक



के पिता इसी थाना क्षेत्र के घुरकुआ निवासी चंदन सिंह अपने परिवार सहित अनीता के घर पहुंचे देखा तो अनीता पड़ी हुई थी उसके सिर में चोट के निशान थे और परिवार के लोग फरार थे इसकी जानकारी उन्होंने पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई मृतका के पिता की तहरीर पर पति हरि गोपाल जेठ धर्मवीर और जेठानी प्रेमवती के खिलाफ हत्या करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है उन्होंने बताया शादी के बाद से ही हरि गोपाल और उसके परिजन अनीता को परेशान करते थे अनीता ने परेशानी झेलते हुए दो बच्चियों को जन्म दिया पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम बुधवार को जिला अस्पताल में कराया है!

# मोहनलालगंज में उर्स और खिचड़ी भोज के बहाने दिखी गंगा-जमुनी तहजीब, सांसद आर.के. चौधरी रहे मौजूद

**विवेक कुमार**
**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र 176, के समेसी गांव स्थित सैय्यद पीर बाबा की मजार पर बुधवार को उर्स के अवसर पर चादरपोशी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सपा सांसद आर.के. चौधरी और पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग शामिल हुए। सभी ने आपसी सौहार्द, भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश दिया।चादरपोशी के बाद सभी लोग बड़े बाबा मंदिर पहुंचे, जहां भजन-



कीर्तन में सहभागिता की। इसके पश्चात मेले में पहुंचे जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्रीय लोगों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। आयोजन के दौरान हिंदू-मुस्लिम एकता की सशक्त मिसाल देखने को मिली, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों और श्रद्धालुओं ने भाग लिया।कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा, श्रवण यादव, विजय यादव, राजकुमार यादव, जिला पंचायत सदस्य अरुण यादव, अंजू यादव, पूर्व प्रधान कुलदीप यादव, अशर्फी लाल धीमान, बरजोर यादव, सुजीत यादव, अर्चना रावत,प्रीति रावत, प्रधान मंशाराम रावत, राधेश्याम यादव, मोहम्मद सिराज, मोहम्मद जाहिर, मुन्ना, सलीम, राम सिंह, मोहम्मद आजम, कमलेश और हरीशंकर रावत सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।इसके अलावा बुधवार को मोहनलालगंज स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में मकर संक्रांति के अवसर पर सपा सांसद आर.के. चौधरी की ओर से खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकताओं ने सहभागिता की।

# सोन नद महोत्सव और सूर्य राघव महोत्सव की तैयारी पूरी अधिकारियों ने लिया जायजा

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर औरंगाबाद**




नबीनगर (बिहार) नवीनगर प्रखंड के बड़ेम स्थित सूर्य राघव मंदिर परिसर में सोन नद महोत्सव और सूर्य राघव महोत्सव की तैयारी पूरी कर ली गई है। जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम में काराकाट और औरंगाबाद के सांसद, सभापति अवधेश नारायण सिंह,सभी विधायक, एमएलसी और जिला प्रशासन औरंगाबाद के अधिकारी को आमंत्रित किया गया है। बीडीओ ने बताया कि सोन नद महोत्सव 15 जनवरी 2026 को आयोजित किया जाएगा, जिसमें करीना पाण्डेय, सविता पाण्डेय और आर्यन बाबू अपनी प्रस्तुति देंगे। वहीं सूर्य राघव महोत्सव 16 जनवरी 2026 को आयोजित किया जाएगा, जिसमें तान्या मौवार, श्रृष्टि लक्ष्मी, राधवेंद्र कुमार सिंह, सनोज सागर और अंतरा सिंह अपनी प्रस्तुति देंगे। महोत्सव कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों और स्कूली बच्चों का भी कार्यक्रम होगा। न्मौके पर न्यास समिति बड़ेम के अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह,शिक्षक धनंजय कुमार सिंह, मनीष कुमार सिंह,नाजिर धीरेंद्र कुमार,राजीव कुमार सिंह उर्फ छोटू सिंह,राजीव मिश्र टनटन गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।

# पटना पुलिस ने किया 24 घण्टे में किया हत्याकांड का खुलासा

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**





पटना/ जिले के जानीपुर थाना क्षेत्र के गाजाचक महम्मदपुर में महिला की हत्या के मामले का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर सफल उद्भेदन कर लिया है। इस सनसनीखेज हत्याकांड में मृतका के पति समेत दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार हत्या की साजिश निजी अवैध संबंधों और पैसों के लेन-देन को लेकर रची गई थी। मृतक महिला का अपने पति के दोस्त एवं कई लोगों से अवैध संबंध चल रहा था इस बात से नाराज उसके पति ने अपने दोस्त को सुपारी देकर हत्या करवा दिया। इस मामले में सिटी एसपी पश्चिम भानु प्रताप से मिली जानकारी के अनुसार 11 जनवरी 2026 को जानीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गाजाचक महम्मदपुर से एक महिला का शव बरामद होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मृतका की पहचान माला देवी, पति सुबोध शर्मा, थाना पाली, जिला जहानाबाद के रूप में की गई। इस मामले में जानीपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। इसके बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-2, फुलवारी शरीफ के नेतृत्व में विशेष जांच टीम का गठन किया गया। एसआईटी में जानीपुर, नौबतपुर, पिपलावों थाना के अधिकारी और तकनीकी टीम को शामिल किया गया। पुलिस ने तकनीकी और वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर कांड का खुलासा कर लिया। इस दौरान अभियुक्त कुणाल किशोर, पिता अरुण शर्मा को जहानाबाद रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन भी बरामद किया गया। अनुसंधान के दौरान सामने आया कि मृतका के कई व्यक्तियों से निजी संबंध थे और पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद चल रहा था। पूछताछ में गिरफ्तार कुणाल किशोर ने बताया कि मृतका के पति सुबोध शर्मा के कहने पर हत्या की साजिश रची गई थी। इसके तहत पहले दिए गए 2.50 लाख रुपये के कर्ज को वापस न लेने और हत्या के बाद और पैसे देने का लालच दिया गया था। पुलिस के अनुसार 11 जनवरी 2026 को कुणाल किशोर और सुबोध शर्मा ने माला देवी को जमीन का प्लॉट दिखाने के बहाने गाजाचक महम्मदपुर बुलाया और वहां गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। जांच में यह भी सामने आया कि कुणाल किशोर और सुबोध शर्मा के बीच वर्षों पुराना संबंध था। कुणाल किशोर, सुबोध शर्मा के होटल में स्टाफ के रूप में भी काम कर चुका था और दोनों के बीच मित्रता थी। वहीं कुणाल किशोर के मृतका माला देवी से भी निजी संबंध होने की बात सामने आई है। पुलिस ने हत्या में संलिप्तता के आरोप में मृतका के पति सुबोध शर्मा, पिता स्वर्गीय कृष्णा शर्मा, निवासी ग्राम रामपुर बारा, थाना पाली, जिला जहानाबाद को भी गिरफ्तार कर लिया है।

गिरफ्तार अभियुक्तों में कुणाल किशोर, पिता अरुण शर्मा, निवासी नारायणपुर मुरारी, थाना पाली, जिला जहानाबाद और सुबोध शर्मा, पिता स्वर्गीय कृष्णा शर्मा, निवासी रामपुर बारा, थाना पाली, जिला जहानाबाद शामिल हैं। पुलिस ने अभियुक्तों के पास से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन और सिम कार्ड बरामद किया है। छापेमारी दल में नौबतपुर, पिपलावों और जानीपुर थाना के कई पदाधिकारी और पुलिसकर्मी शामिल थे।

# जदयू युवा जिला अध्यक्ष हारून रशीद ने महागामा नगर पंचायत के अध्यक्ष पद पर जनरल सीटकरने की मांग की

**समाज जागरण**




गोड्डा 14 01 2026 बुधवारको राजमहल हाउस में जदयू युवा अध्यक्ष मोहम्मद हारुन रशीद की अध्यक्षता में बैठक किया गया इस बैठक में मुख्य रूप से मोहम्मद हारुन रशीद ने कहा कि महागामा नगर पंचायत में जो र ळ अध्यक्ष पद किया गया है यह प्रोटोकॉल के मुताबिक ओमान है जनसंख्या के हिसाब से भी ओबीसी नहीं करने के हेतु जनरल महिला किया जाए ताकि जो भी ग्रामीण जनता इस प्रोटोकॉल के अंतर्गत आएंगे वह अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ेंगे महागामा विधानसभा के प्रतिनिधि माननीय विधायका श्री दीपिका पांडे सिंह एवं माननीय ग्रामीण विकास मंत्री सह पंचायती राज मंत्री महागामा इस पर पूर्ण रूप से विचार विमर्श किया जाए ताकि महागामा वाले को आपका निंदा करने का तत्पर नहीं हो युवा जदयू मोहम्मद हारुन रशीद ने इनका विरोध करते हुए कहा कि अगर इस पर विचार नहीं किया गया तो तीन दिन के पश्चात धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य हो जाएंगे एवं अन्यथा माननीय मंत्री महोदिया इस पर पूर्ण विचार कर जनरल सीट किया जाए ताकि महिला जो इस प्रावधान के मुताबिक 2013 प्रोटोकॉल के हिसाब से जिनको तीन बच्चे हैं उन्हें भी छोड़ दिया गया है जब प्रोटोकॉल का बात करते हैं तो एस टी अध्यक्ष किस हिसाब से अध्यक्ष पद का दावेदार हो सकता है इसलिए पुनः इन पर विचार करते हुए संज्ञान लें और अध्यक्ष पद सीट को जेनरल किया जाए अन्यथा विरोध प्रदर्शन एवं भूख हड़ताल भी जदयू पार्टी करने के लिए बाध्य रहेंगे इस बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित जिला उपाध्यक्ष युवा अवानी कुमार सिंह युवा प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद असलम अंसारी जिला उपाध्यक्ष मोहम्मदी इबादत अंसारी बुआरीजोर प्रखंड अध्यक्ष युवा इब्राहिम आलमगीर आशीष कुमार पंडित निरंजन निरंजन कुमार पवन पासवान मोहम्मद शेखावत हलीमा खातून फिरोजा खातून जमीला खातून बेबी शहनाज अंतरिम बीवी हमारा बीबी बीबी रहना बीवी ऐसा मरियम खातून सच्ची बीवी मोहम्मद आलमगीर मोहम्मद मुस्लिम मोहम्मद असलम आदि सभी कार्यकर्ता इस बैठक में उपस्थित थे।

# ग्रामीण विकास मंत्रालय ने राष्ट्रीय उद्यमिता अभियान आंरभ किया



दीनदयाल अंत्योदय योजना झ्र राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन का उद्देश्य विविधतापूर्ण और संवहनीय आजी-विका को बढ़ावा देकर ग्रामीण महिलाओं की आय बढ़ाना है। इसके लिए गैर-कृषि क्षेत्र के ग्रामीण उद्यमों को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण उपाय है। पिछले कुछ वर्षों में, स्टार्ट-अप ग्राम उद्यमिता कार्यक्रम सहित कई गैर-कृषि आजीविका योजनाओं ने प्र-शिक्षित सामुदायिक कार्यकताओं के सहयोग से सफल उद्यम मॉडल प्रस्तुत किए हैं। ये कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर उत्प्रेरक के रूप में उद्यम की पहचान, स्टार्टअप सहायता, मार्गदर्शन और निरंतर सहयोग देते हैं। मंत्रालय ने कम से कम 3 करोड़ स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्यों- को लखपति दीदियां बनाने का संकल्प लिया है जिनकी वार्षिक आय एक लाख रुपये या उससे अधिक होगी। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए इस समूह का बड़े पैमाने पर उन्नयन आवश्यक है।

इन प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए, ग्रामीण विकास विभाग अपर सचिव ने 12 जनवरी 2026 को राष्ट्रीय उद्यमिता अभियान आंरभ किया। कार्यक्रम में नीति आयोग के विकास एवं जनसंपर्क सलाहकार, राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक- नाबार्ड के अध्यक्ष, बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन, आईएफएमआर लीड (केआरईए विश्वविद्यालय), भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान- ईडीआईआई और आईआईएम कलकत्ता इनोवेशन पार्क के प्रतिनिधि और राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के वरिष्ठ निदेश-क/सीईओ ने अपनी टीम के साथ भाग लिया।

राष्ट्रीय उद्यमिता अभियान का मुख्य उद्देश्य 50 हजार सामुदायिक संसाधन प्रतिनिधियों (सीआरपी) को उद्यम प्रोत्साहन प्रशिक्षण देकर और उनका क्षमता वर्धन तथा दीनदयाल अंत्योदय योजना झ्र राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के 50 लाख स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को उद्यमिता विकास प्रशिक्षण प्रदान करना है।

राष्ट्रीय उद्यमिता अभियान भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यम विकास, स्थानीय आर्थिक विकास गतिविधियों को बढ़ावा देने और स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं की उद्यमशीलता क्षमता बढ़ाने का अवसर प्रदान करता है। यह लक्षित अभियान हजारों सामुदायिक संसाधन प्रतिनिधियां तैयार करने के साथ ही लाखों ग्रामीण उद्यमियों को प्रेरित करेगा, जिससे सुदृढ़, समावेशी और आत्मनिर्भर गैर-कृषि ग्रामीण अर्थव्यवस्था निर्मित होगी और जमीनी स्तर के उद्यमों और उद्यम ऋणों के लिए औपचारिक वित्तीय संस्थानों से संपर्क के अवसर खुलेंगे।

# पटना में जाली सोने की बिस्किट दिखाकर ठगी करने वाला गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र में जाली सोने की बिस्किट के जरिए ठगी कर जेवरात चोरी करने वाले एक शातिर आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मो. नौशाद के रूप में हुई है, जो फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र के नया टोला, मदीना गली का रहने वाला है। नगर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 12 जनवरी 2026 को करीब 4:15 बजे मिठाई महल के पास एक महिला से आरोपी ने जाली सोने की बिस्किट दिखाकर उसे असली बताने का झांसा दिया और सोने जैसे जेवरात लेकर फरार होने की कोशिश की।

इसी दौरान महिला को शक हुआ और उसने शोर मचाना शुरू कर दिया। महिला के हल्ला-गुल्ला करते ही आसपास मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही फुलवारी शरीफ थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और आरोपी मो. नौशाद को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से सोने जैसा एक बिस्किट, एक जोड़ा सोने जैसा कान का बाली, एक सोने जैसा नाक का नथ, मोती की माला में कान का टोप और एक कीपैड मोबाइल फोन बरामद किया गया। एसडीपी ओ सुशील कुमार ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में फुलवारी शरीफ थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ली है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि वह पहले भी इस तरह की घटनाओं में शामिल रहा है या नहीं। इस कार्रवाई में पु.नि. सह थानाध्यक्ष मो. गुलाम शहबाज आलम, परि.पु.अ.नि. विजय प्रताप, स.अ.नि. श्रवण कुमार तथा फुलवारी शरीफ थाना के सशस्त्र बल शामिल थे। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि जाली सोने और ठगी से जुड़ी किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

# जैप-7 पद्मा में निवर्तमान समादेष्टा को गार्ड ऑफ ऑनर के साथ विदाई

**पंकज कुमार पाठक,दैनिक समाज जागरण**



हजारीबाग। जैपझ्र7 पद्मा, हजारीबाग में निवर्तमान समादेष्टा कौशल किशोर को सादे किंतु गरिमामय समारोह के दौरान गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान कर भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम का आयोजन वर्तमान समादेष्टा अविनाश कुमार के नेतृत्व में किया गया, जिसमें वरिष्ठ पदाधिकारी राजेंद्र कुमार दुबे, मनीष चंद्रलाल, जोगिंदर शाह सहित जैपझ्र7 के अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री कौशल किशोर को फूल-माला, बुके एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। अविनाश कुमार ने कहा कि उनके कार्यकाल में शुरू किए गए सकारात्मक व कल्याणकारी कार्य आगे भी जारी रहेंगे। वक्ताओं ने उनके अनुशासित एवं प्रेरणादायी नेतृत्व की सराहना की। उल्लेखनीय है कि श्री कौशल किशोर पदोन्नति प्राप्त कर पुलिस उप महानिदेशक, पलामू रेंज के रूप में नया कार्यभार संभाल चुके हैं।

# ब्रास एंड ब्रोंज क्लस्टर में दस दिवसीय प्रशिक्षण की शुरुआत।

## कांसा एवं पीतल के बर्तनों के निर्माण से जुड़े कारीगरों को मिलेगा प्रशिक्षण।

**राहुल कुमार गुप्ता, संवादाता विष्णुगढ़, दैनिक समाज जागरण।**




विष्णुगढ़ ।विष्णुगढ़ देवी मंडप के समीप ब्रास एवं ब्रोंच कलस्टर में कांसा एवं पीतल के बर्तनों के निर्माण से जुड़े कारीगरों का 10 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ ।जिसका उद्घाटन बीडीओ अखिलेश कुमार, खादी ग्रामोद्योग के सहायक निदेशक राजीव कुमार प्रशिक्षक मो जैनूल, ग्राम विकास मंच परसिया के संयोजक सुदामा सिंह आदि ने संयुक्त रुप से किया ।प्रशिक्षण कौशल विकास के तहत दी जा रही है ।मौके पर बीडीओ श्री अखिलेश कुमार ने कहा कि बाजार की मांग के मुताबिक चीजों का निर्माण करना जरुरी है ।चीजों के रुप आकार में नित्य नए बदलाव भी मांग के अनुरूप किया जाना जरुरी है ।विष्णुगढ़ ब्रास एवं ब्रोंच कलस्टर में बर्तन निर्माण के लिए मशीनें इनस्टाल किए गए है और मशीनें लगाए जाएगें ।जाहिर है नई तकनीक से बर्तनों का निर्माण किया जाएगा। जिसकी शुरूआत जल्द शुरू होने उम्मीद जाहिर की जा रही है ।इन कार्यो के संपादन में मानव हाथ भी लगेंगे ।जिसे निपुण होना बेहद जरुरी ।सभी जानते हैं निपुणता प्रशिक्षण से आएगी ।इस लेहाज से कारीगरों को प्रशिक्षित करने को ले कौशल विकास प्रशिक्षण की शुरूआत की गई है। जिसमें शामिल कारीगरों बेहतर प्रशिक्षण प्राप्त करने के प्रति सक्रियता जरुरी है ।विष्णुगढ़ ब्रास एवं ब्रोंच के सहयोगी खादी ग्रामोद्योग के सहायक निदेशक राजीव कुमार ने कारीगरों से बेहतर प्रशिक्षण प्राप्त करने अपील की ।कहा कलस्टर में जल्द बाकी की मशीनें इनस्टॉल किए जाएगें ।यहां उत्पादन भी जल्द शुरू होगा। चंद तकनीकि समस्या सामने आई थी ।उसे सुलझा लिया गया है ।कुछ औपचारिकता पूरी होने के कगार पर है ।कलस्टर में जरुरी की बाकी मशीनें उपलब्ध हो जाएगें ।ग्राम विकास मंच के संयोजक सुदामा सिंह ने कहा कि जल्द यहां उत्पादन शुरू होगा ।हमारी यहां बने बर्तनों को विश्व स्तर पर ख्याति दिलाने की कोशिश है ।जिसमें हरसंभव प्रयास जारी है। जाहिर है विष्णुगढ़ में धातु कांसा बर्तनों के निर्माण की इतिहास 300 साल पुरानी है। एमएसएमई के तहत उपलब्ध मद से वर्कशॉप निर्माण के अलावा मशीनें भी इनस्टाल किए गए हैं। और उपस्कर मसलन बेलन मशीन समेत दूसरे मशीनें लगने बाकी है। जिसे जल्द लगाए जाने की बात कही जा रही है ।कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीओ श्री कुमार एवं संचालन गुरु प्रसाद ने किया ।मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधि के अलावा बड़ी संख्या में कारीगर एवं समाजसेवी मौजूद थे।

# अहम फाउंडेशन की ओर से कंबल वितरण, मुशायरा ने बांधा शमा

## स्वर्गीय अब्दुल हमीद आजाद के स्मृति में आयोजित हुआ जनकल्याण व साहित्य कार्यक्रम

**समाज जागरण**



गोड्डा बसंतराय प्रखंड के सीमावर्ती क्षेत्र के सुप्रसिद्ध विद्वान ,दार्शनिक एवं चिंतक स्वर्गीय अब्दुल हमीद आजाद की स्मृति में स्थापित अब्दुल हमीद आजाद मिल्ली फाउंडेशन के सौजन्य से फाउंडेशन कार्यालय परिसर में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय मुशायरा सह कवि सम्मेलन का भी भी आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता मौलाना शाहनवाज हुसैन अशर्फी ने किया। जबकि मंच संचालन धोरैया प्रखंड सरपंच संघ के अध्यक्ष प्रतिनिधि मो हफीज मकबूल ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में धोरैया उत्तरी के जिला पार्षद मो रफीक आलम उपस्थित रहे । विशिष्ट अतिथियों में भारत एजुकेशन सेंटर के निदेशक मो शाहरुख आलम, शहीद ए वतन अशफाकुल्लाह खान मेमोरियल फाउंडेशन के अध्यक्ष मो आफताब आलम, डॉक्टर अब्दुल रऊफ आजाद, समाजसेवी अब्दुल हलीम तथा शिक्षाविद मो शमशुज्जोहा समाजसेवी छोटू पासवान शामिल रहे। इस अवसर पर अब्दुल हमीद आजाद मिल्ली फाउंडेशन के संस्थापक मो सुलेमान जहांगीर आजाद ने अतिथियों एवं आगंतुकों का स्वागत करते हुए फाउंडेशन के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला ।उन्होंने कहा कि सामाजिक संस्थाएं हमेशा जन कल्याणकारी कार्य को धरातल पर उतारने में महती भूमिका निभाती रही है। जिला पार्षद रफीक आलम ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्र में सामाजिक संस्थाओं ने हमेशा उत्कृष्ट कार्य किया है जो समाज के सशक्त होने की निशानी है ।मुशायरा में शायर आफताब आलम ,शम्स परवाना एवं कलीमुल्लाह परवाना ने अपनी गीत ,गजल एवं शायरी से लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। कम्बल वितरण में गांव के विधवा, अनाथ बच्चे, दिव्यांगों के बीच कंबल वितरित किया गया ।कंबल के वितरण से लाभुकों एवं उनके परिवार के चेहरे पर मुस्कान साफ तौर पर दिख रहा था। डॉक्टर अब्दुल रऊफ आजाद ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# श्री धर्मेंद्र प्रधान ने आईआईटी मद्रास में पोंगल पर्व मनाया

केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान आज चेन्नई स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास में पोंगल उत्सव में शामिल हुए। आईआईटी मद्रास ने श्री धर्मेंद्र प्रधान का हार्दिक स्वागत किया और पारंपरिक पोंगल उत्सव का आयोजन किया। धर्मेंद्र प्रधान कृतज्ञता, समृद्धि और स-ांस्कृतिक विरासत का प्रतीक फसल उत्सव मनाने के लिए संस्थान के परिसर सामुदायिक हॉल में आईआईटी मद्रास परिवार में शामिल हुए। श्री प्रधान ने हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए तमिलनाडु की जनता और देश भर में पोंगल का त्योहार मनाने वाले सभी लोगों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु की जीवंत संस्कृति का पर्याय बन चुका पोंगल समृद्धि, सद्भाव और एकजुटता की भावना को दशार्ता है। केंद्रीय मंत्री ने आईआईटी मद्रास परिवार के साथ पोंगल मनाने पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि यह त्योहार समृद्धि, स्नेह और एकजुटता की भावना को दशार्ता है।

# पटना पुलिस ने किया मादक पदार्थो का साथ तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के बिहटा थाना क्षेत्र में पुलिस ने मादक पदार्थ के अवैध कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन अभियुक्तों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस छापेमारी में भारी मात्रा में नशीला पदार्थ, इलेक्ट्रॉनिक तराजू, मोबाइल फोन और नकद राशि बरामद की गई है। जानकारी के अनुसार 13 जनवरी 2026 की रात पुलिस को सूचना मिली थी कि बिहटा थाना क्षेत्र के मौदही गांव निवासी अमर कुमार अपने भाइयों के साथ मिलकर मादक पदार्थ की खरीद-बिक्री में संलिप्त है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए नगर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी पटना के निर्देशन में बिहटा थानाध्यक्ष द्वारा तत्काल एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल ने मौदही गांव स्थित अमर कुमार के घर पर दबिश दी। पुलिस को देखते ही अमर कुमार अपने भाइयों के साथ भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन पुलिस बल की तत्परता से तीनों को मौके पर ही गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान अभियुक्तों के घर से 78.85 ग्राम नशीला पदार्थ (गांजा/स्मैक), 02 इलेक्ट्रॉनिक तराजू, 03 मोबाइल फोन और 2510 रुपये नकद बरामद किए गए। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान अमर कुमार उर्फ सिपाही (28 वर्ष), मुकेश कुमार (24 वर्ष) और मुन्ना कुमार (22 वर्ष) के रूप में हुई है। तीनों सगे भाई हैं और मौदही गांव, थाना बिहटा के निवासी हैं। इस संबंध में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में सीटी एसपी पश्चिमी, भानु प्रताप सिंह ने बताया की गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ उचित कार्यवाई की जाएगी। वही पुलिस ने बरामद सभी सामग्रियों को जब्त कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई कर रही है।

# नवीनगर थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नवीनगर थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में थाना क्षेत्र के देवगना गांव से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार




आरोपियों की पहचान देवगना गांव निवासी सतेंद्र साव और सुनील साव के रूप मे की गई है। थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि दोनों आरोपियों को देवगना गांव से गिरफ्तार किया गया है ।उन्हेंने बताया कि हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया था और आरोपियों की तलाश की जा रही थी। पुलिस की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# 300 बोतल देशी तानाका शराब बरामद तस्कर फरार

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार) नवीनगर प्रखंड के माली थाना क्षेत्र से देसी टनाका शराब बरामद किया गया है ।थानाअध्यक्ष दीपक कुमार राय ने बताया कि गुप्त सूचना पर थाना क्षेत्र के बरियावां के समीप कर्बला में छुपा कर रखे 12 कार्टून में कुल 300 बोतल झारखंड निर्मित देसी टनाका शराब बरामद किया गया है। वही इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है ।थानाध्यक्ष ने कहा कि शराब को जप्त कर थाना लाया गया है और अज्ञात के विरुद्ध मद्यनिषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि अवैध शराब के विरुद्ध पुलिस की कार्रवाई जारी रहेगी।

# जल शक्ति मंत्री श्री सी.आर. पाटिल ने नमामि गंगा मिशन के अंतर्गत जलीय जैव विविधता संरक्षण की महत्वपूर्ण पहलों का उद्घाटन किया

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री सी.आर. पाटिल ने सरकार की नदियों को केवल जलमार्ग के रूप में नहीं, बल्कि जीवन-सहायक इकोसिस्टम के रूप में संरक्षित करने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि नदी के स्वास्थ्य का सच्चा सूचक जलीय जैव विविधता का फलना-फूलना है। उन्होंने देहरादून स्थित भारतीय वन्यजीव संस्थान (डब्ल्यूआईआई) में नमामि गंगा मिशन के अंतर्गत कई महत्वपूर्ण और दूरगामी पहलों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें श्री पाटिल ने नदी पुनर्जीवन और जलीय जीवन संरक्षण पर केंद्रित नई और उन्नत परियोजनाओं का शुभारंभ किया।

इस कार्यक्रम में उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. विनय कुमार रुहेल्ला, भारतीय वन्यजीव संस्थान के निदेशक डॉ. गोविंद सागर भारद्वाज और स्वच्छ गंगा राष्ट्रीय मिशन के महानिदेशक श्री राजीव कुमार मित्तल सहित वरिष्ठ अधिकारी, शोधकर्ता, संरक्षण विशेषज्ञ और छात्र उपस्थित थे।

नमामि गंगा कार्यक्रम ने जलीय जैव विविधता संरक्षण के लिए अध्ययन, अनुसंधान और नीतिगत सहायता हेतु एक समर्पित केंद्र विकसित करने के लिए भारतीय वन्यजीव संस्थान के साथ साझेदारी की है। जल शक्ति मंत्री श्री सी.आर. पाटिल ने राष्ट्र को समर्पित इस केंद्र का उद्घाटन किया। गंगा और अन्य नदियों में जलीय जीवन की निगरानी और संरक्षण के लिए एक संगठित और उन्नत संस्थागत ढांचे के तहत यह निगरानी केंद्र स्थापित किया गया है। यह निगरानी केंद्र आधुनिक तकनीक, वैज्ञानिक अनुसंधान और डेटा-आधारित निर्णय प्रक्रिया के माध्यम से जलीय प्रजातियों की निगरानी, संरक्षण और दीर्घकालिक सुरक्षा के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करेगा। भविष्य में, यह नीति निर्माण, अनुसंधान और संरक्षण रणनीतियों में मार्गदर्शक भूमिका निभाएगा। निगरानी केंद्र में जल और प्रजातियों से नमूने लेने और हॉटस्पॉट की पहचान करने के लिए एक इकोटॉक्सिकोलॉजी, एक्वेटिक इकोलॉजी और एक विशेष इकोलॉजी प्रयोगशाला है। निगरानी केंद्र में पारिस्थितिकी तंत्र में सूक्ष्म प्लास्टिक की पहचान के लिए एक माइक्रोप्लास्टिक प्रयोगशाला भी है।

कार्यक्रम के दौरान टर्टल सर्वाइवल एलायंस इंडिया (टीएसएएफआई) की डॉल्फिन रेस्क्यू एम्बुलेंस का उद्घाटन किया गया, जिससे डॉल्फिन संरक्षण के लिए चल रहे प्रयासों को और मजबूती मिलेगी। यह एम्बुलेंस गंगा डॉल्फिनों के लिए शीघ्र, संवेदनशील और वैज्ञानिक रूप से सुसज्जित जीवन रक्षक सहायता प्रदान करेगी। श्री सी.आर. पाटिल ने कहा कि गंगा डॉल्फिन नदी के स्वास्थ्य का एक संवेदनशील संकेतक है और यह पहल जलीय जीवन की सुरक्षा के प्रति सरकार की गंभीरता और तत्परता को दशार्ती है। यह एम्बुलेंस डॉल्फिन संरक्षण और बचाव में एनएमसीजी का एक बड़ा प्रयास है और भारत के राष्ट्रीय जलीय जीवों के संरक्षण में सहायक होगी।